जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, बुधवार, 12 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 312 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



कैटरीना ने बाजू पर गुदवाया पति विक्की के नाम का टैटू

पेजः 10

# पीएम मोदी का मॉरीशस में बिहारी गीत से स्वागत

## राष्ट्रपति धरम से मुलाकात की, गिफ्ट दिए

## कल राष्ट्रीय समारोह में चीफ गेस्ट बनेंगे







**मॉरीशस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के मॉरीशस दौरे पर हैं। ये उनकी राजकीय यात्रा है। उन्होंने मंगलवार दोपहर मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल से मुलाकात की। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति धरम और उनकी पत्नी को गिफ्ट भी दिए। इससे पहले पीएम मोदी मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पोर्ट लुई एयरपोर्ट पर उतरे। यहां मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से रवाना होकर होटल पहुंचे। यहां भारतीय प्रवासियों ने भारत माता की जय के नारे के साथ उनका स्वागत किया और तिरंगे लहराए। मोदी के स्वागत में मॉरीशस की महिलाओं ने पारंपरिक बिहारी 'गीत गवई' गाया। पीएम मोदी कल मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल होंगे।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर स्वागत के लिए मॉरीशस के पीएम का आभार जताया। पीएम मोदी कल मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल होंगे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर स्वागत के लिए मॉरीशस के पीएम का आभार जताया। इस विजिट में पीएम मोदी दोनों देशों के आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। 2015 के बाद भारतीय पीएम की यह दूसरी मॉरीशस यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय आर्मी की एक टुकड़ी, नौसेना का एक वॉरशिप और एयरफोर्स की आकाश गंगा स्काई डाइविंग टीम भी मॉरीशस के राष्ट्रीय समारोह में भाग लेगी।

### हिंद महासागर में आपसी साझेदारी बढ़ाने पर होगी चर्चा

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत और मॉरीशस के बीच साझेदारी का मुख्य उद्देश्य समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना है। दोनों देश हिंद महासागर के रणनीतिक महत्व को पहचानते हैं। पीएम मोदी की यात्रा में भारत और मॉरीशस के बीच व्हाइट-शिपिंग जानकारी साझा करने को लेकर साइन हो सकता है। बता दें कि व्हाइट शिपिंग के अंतर्गत कॉमर्शियल, गैर-सैन्य जहाजों की पहचान और आवाजाही के बारे में सूचना का आदान-प्रदान किया जाता है। इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत करने में मदद मिलती है।

## न्यूज ब्रीफ

### एच1एन1 वायरस से छह मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** स्वाइन फ्लू यानी एच1एन1 वायरस का संक्रमण फिर पांव पसार रहा है। देश के आठ राज्यों में काफी तेजी से इसका प्रसार बढ़ा है। जनवरी में 16 राज्यों में 516 लोग स्वाइन फ्लू की चपेट में आए। छह लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। सबसे अधिक मौतें केरल में हुई। यहां चार लोगों की जान गई, जबकि कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में 1-1 मौत हुई।



### राउज एवेन्यू कोर्ट से केजरीवाल को झटका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। एक मामले में कोर्ट ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को स्वीकार किया है। 2019 में की गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, पूर्व आप विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पार्षद रहीं नितिका शर्मा ने दिल्ली में विभिन्न जगहों पर बड़े आकार के होर्डिंग लगाकर जानबूझकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया है।



### फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते गिरफ्तार

**फिलीपींस।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते गिरफ्तार हो गए हैं। उन्हें मंगलवार को पुलिस ने राजधानी मनीला के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। दुतेर्ते के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने वारंट जारी किया था। उन पर मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप लगे हैं। दुतेर्ते को हांगकांग से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया।

# मेट्रो अलाइमेंट की बैठक

## सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर की डीपीआर 31 मार्च तक हो पूरी

## जयपुर के अन्य क्षेत्रों में भी मेट्रो के विस्तार की बनाए प्रभावी योजनाः सीएम शर्मा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा (गोनेर मोड़) से अंबाबाड़ी (टोडी मोड़) तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य 31 मार्च, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के सिविल कार्यों के टेंडर 15 अगस्त से पहले जारी हो और परियोजना का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मेट्रो अलाइमेंट के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जयपुर में मेट्रो सेवा के विस्तार पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि भविष्य के आवश्यकता को देखते हुए जयपुर के सभी क्षेत्र मेट्रो से कनेक्ट हो। मुख्यमंत्री ने फेज-2 के अंतर्गत सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक मेट्रो संचालन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

इस परियोजना से प्रतापनगर, टोंक रोड़, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और बड़ी संख्या में आमजन को मेट्रो की सुगम एवं द्रुतगामी परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

### मेट्रो स्टेशन्स पर यात्री सुविधा का रखें विशेष ध्यान

उन्होंने अधिकारियों को सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर परप्रस्तावित स्टेशन्स पर समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यात्री सुविधा के दृष्टिगत स्टेशन्स को पोड टैक्सी सिस्टम्स से कनेक्ट करने के निर्देश भी दिए। शर्मा ने मेट्रो रूट के अलाइमेंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।उन्होंने कहा किकेन्द्र सरकार और जेएमआरसी की संयुक्त उद्यम कम्पनी सेप्रदेश की निर्माणाधीन एवं भविष्य की सभी मेट्रो रेल परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंसा की घटनाओं में 70 प्रतिशत तक कमी आईः शाह

### गृहमंत्री ने पूर्वोत्तर छात्र एवं युवा संसद को किया संबोधित

### एबीवीपी ने आयोजित किया कार्यक्रम



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी )द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमाम मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 वर्षों में पूर्वोत्तर आज पूर्ण शांति का अनुभव कर रहा है, सिवाय मणिपुर में हुई हिंसा के।' '2004 से 2014 तक हिंसा की कुल 11,000 घटनाएं हुईं और 2014 से 2024 तक 3,428 घटनाएं हुईं, यानी 70 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में भी 70 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की मौतों की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है।'

### शांति का अनुभव कर रहा 'हमारा पूर्वोत्तर'

शाह ने कहा, 'हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा है। चाहें वह मेघालय हो, अरुणाचल हो, असम हो, नागालैंड हो या मिजोरम हो, हमने सभी सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए हैं। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। 2027 तक पूर्वोत्तर की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी।

### मोदी सरकार ने किया शांति लाने का काम

'जिस राज्य में शांति नहीं है, वहां विकास नहीं हो सकता और नरेंद्र मोदी की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए बहुत बड़ा बजट दिया है। दस साल में प्रधानमंत्री ने नॉर्थ ईस्ट को अपना मानते हुए इसके विकास का ध्यान रखा है।

### अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में मेडिकल हेलिकॉप्टर क्रैश

## पायलट समेत 3 लोगों की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका के मिसिसिपी में आज यानी मंगलवार को एक मेडिकल हेलिकॉप्टर क्रैश होने से उसमें सवार एक पायलट और दो मेडिकल स्टाफ की मौत हो गई। यूनिवर्सिटी ऑफ मिसिसिपी मेडिकल सेंटर के प्रवक्ता ने विमान में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि की है। इससे पहले यूनिवर्सिटी ने बताया था कि जिस वक्त हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ उसमें कोई मरीज नहीं था। यह प्लेन मिसिसिपी की राजधानी जैक्सन के उत्तर में मैडिसन काउंटी में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। तीनों मृतकों के परिवारों को जानकारी दे दी गई है।

### द. अफ्रीका में बस हादसा

## 12 लोगों की मौत, 45 यात्री घायल



**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग शहर में एक हाइवे पर बस पलट जाने से 12 की मौत और 45 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे आपातकालीन दल ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है।

शहर के एकुरहुलेनी आपातकालीन प्रबंधन के प्रवक्ता विलियम नथलाडी ने बताया कि दुर्घटना जोहान्सबर्ग के मुख्य ओआर टैम्बो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक राजमार्ग पर हुई है। बस जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित टाउनशिप कैटलहोंग से लोगों को ले जा रही थी। दुर्घटना स्थल से नौ पुरुषों और तीन महिलाओं के शव बरामद किए गए हैं।

अस्पताल ले जाए गए लोगों में ड्राइवर भी शामिल था। दुर्घटना में कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था और अधिकारी अभी तक कारण का पता नहीं लगा पाए हैं।


### राजस्थान | बांसवाड़ा का सुडलादूधा गांव चर्चा में...

# चर्च बना मंदिर, पादरी बनें पुजारी

### चर्च बना मंदिर, पादरी बनें पुजारी

### भैरव मंदिर में बदल गया चर्च

### दो सौ लोगों की हुई घर वापसी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बांसवाड़ा।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक गांव में 125 साल पुराने चर्च को भैरव मंदिर के रूप में बदल दिया गया है। यह मामला बांसवाड़ा के सुडलादूधा गांव का है। इतना ही नहीं इस गांव के लगभग 200 लोग जो पहले ईसाई धर्म अपना चुके थे। उन्होंने अब अपना धर्म अपना लिया है। यानी उनकी घर वापसी हो गई है। यहां के चर्च को न केवल मंदिर बनाया गया बल्कि दीवारों के रंग भी बदले गए हैं और उससे से भी बड़ी बात है कि चर्च के पादरी गौतम गरासिया ही अब मंदिर के पुजारी बन गए हैं। कहा जा रहा है कि सालों पहले यहां ईसाई मिशनरी से प्रभावित होकर पूरे गांव के लोगों ने ईसाई धर्म अपना लिया था। देश के साधु-संतों द्वारा सनातन की पुकार और 144 साल बाद प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ से निकली सनातन की बयार से राजस्थान का बांसवाड़ा प्रभावित हुआ और बांसवाड़ा के सुडलादूधा गांव में 125 साल पुराने बने चर्च को फिर से मंदिर में तब्दील कर दिया गया और रविवार (नौ मार्च) को इसका उद्घाटन किया गया है। अब यहां भगवान भैरवनाथ की पूजा-अर्चना की जा रही है। बताया जा रहा है कि आसपास के गांव में भी भोले वाले आदिवासियों को पैसे का मोह देकर जो ईसाई बनाया गया है, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है और उनकी भी घर वापसी कराई जाएगी।

### सोमालिया के मोगादिशु पर आतंकियों का हमला, 10 लोगों की मौत

**सोमालिया।** अफ्रीकी देश सोमालिया के मोगादिशु शहर पर अल शबाब के आतंकियों ने हमला कर 10 लोगों हत्या कर दी। आतंकियों ने शहर में मौजूद एक होटल को उस वक्त निशाना बनाया जब वहां लोकल बुजुर्ग और सरकारी अधिकारी बैठक कर रहे थे। हमले के कुछ घंटे बाद ही सिक्योरिटी फोर्सेज ने इनके खिलाफ ऑपरेशन शुरू कर दिया। अल-शबाब एक आतंकी संगठन है। इसका मकसद सोमालिया की सरकार को जड़ से उखाड़ना है। अल-शबाब का 2006 में बना था। ये सऊदी अरब के वहाबी इस्लाम को मानता है। अल-शबाब यूनियन ऑफ इस्लामिक कोर्ट्स की एक कट्टरपंथी शाखा है।

# पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक

## मुठभेड़ में छह सैनिक ढेर, 120 से ज्यादा यात्री फंसे

### पाक ने सैन्य कार्रवाई की तो मरेंगे सभी यात्रीः बीएलए



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलोच आर्मी ने ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया है। हाईजैक की वजह से आतंकवादियों की कैद में 120 लोग फंस गए हैं।

हाईजैक छुड़ाने गए पाकिस्तानी सेना के छह जवानों की मुठभेड़ में मौत हो गई है। आतंकी संगठनों का कहना है कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई कार्रवाई करती है तो सभी 120 बंधकों को मार दिया जाएगा। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी सेना पर होगी। रिपोर्ट के मुताबिक बोलन में बलोचिस्तान आर्मी के आतंकियों ने जफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया। ट्रेन को हाईजैकरों से छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने मोर्चा संभाल लिया है।

बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने कहा है कि मशकफ, धादर और बोलन में सावधानीपूर्वक ट्रेन को हाईजैक किया गया है। हमारे लड़ाकों ने पहले ट्रेन की पटरी को बम से उड़ा दिया, जिसके बाद ट्रेन आसानी से रुक गई। बीएलए का कहना है कि जैसे ही ट्रेन ट्रैक पर रूकी। हमारे लोगों ने ट्रेन को नियंत्रण में ले लिया।

# धौलपुर में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने की समीक्षा बैठक, पढ़ाई-दवाई-किसानों की कमाई पर विशेष जोर दिया

## प्रशासनिक मशीनरी चुस्त-दुरुस्त रहे, योजनाओं का क्रियान्वयन तेज हो, जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में राज्यपाल के निर्देश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए 'पढ़ाई, दवाई और गांव में ही कमाई' के सिद्धांत पर कार्य करने पर बल दिया। इससे पहले राज्यपाल के धौलपुर आगमन पर पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राज्यपाल मंगलवार को धौलपुर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजनाओं का क्रियान्वयन इस तरह हो कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ निर्बाध रूप से पहुंचे। उन्होंने कृषि में उत्पादकता बढ़ाने, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, बागवानी एवं वैकल्पिक फसलों को प्रोत्साहित करने के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए इन्हीं उपायों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

उन्होंने जल संरक्षण को एक महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन और अन्य जल स्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में बेघर और घुमंतु समुदाय के लोगों को निशुल्क पट्टा देकर उन्हें आवास योजनाओं में शामिल किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना छत के न रहे। बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी परिवारों के लिए शौचालय निर्माण सुनिश्चित करने और गांवों को साफ-सुथरा रखने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद निधि और अन्य योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि गांवों को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा जाए, जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए, और कुसुम तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राज्यपाल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जाए और उनके उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ अधिकतम जरूरतमंदों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसी भी पात्र किसान को लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए कृषि और राजस्व विभाग को लगातार प्रयास करने होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए जाने वाले ऋणों का सही उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए और समय पर ऋण वितरण की व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को समय पर ऋण चुकाने के लिए भी प्रेरित किया जाए, ताकि भविष्य में योजना का लाभ अन्य जरूरतमंदों को भी मिल सके। माननीय राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केवल पोषण केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास के संस्थान हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वहां गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई रस्म का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** आंगनबाड़ी केंद्र लसेडी में राउमावि लसेडी संस्था प्रधान सुमन पूनियां व आयुर्वेद डॉ उषा जांगिड के आतिथ्य में गोद भराई रस्म का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान सुमन पूनिया ने गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण और उचित देखभाल के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गोद भराई रस्म एक पारंपरिक संस्कार है जो गर्भवती महिलाओं के सातवें या आठवें माह में आशीर्वाद देने और सुखद प्रसव की कामना हेतु आयोजन किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। आज के इस गोद भराई रस्म में सुमन पूनिया के सानिध्य में रस्म अदायगी हेतु सरोज पत्नी गोपाल और पूजा पत्नी मनोज को चुनरी ओढ़ाकर, तिलकार्चन कर माला पहनकर स्वागत किया गया। संस्था प्रधान सुमन पूनियां द्वारा इनको मिठाई व फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा मंगलगीत गाए गए। डॉ उषा जांगिड़ द्वारा स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। गोद भराई रस्म में सुनीता गोदारा अध्यापिका, कृष्णा सहायिका, सुशीला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुमन, भगवानी, रामप्यारी आदि मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह संस्कृति 2025 होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** शहर के जयपुर रोड स्थित ए एन पब्लिक स्कूल में आज 12 मार्च को वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह संस्कृति 2025 होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन प्रात: 9:00 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन में स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, वहीं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेंगी। साथ ही, इस कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियां राजनीतिक, सामाजिक, पुलिस अधिकारी, आरएएस, शिक्षक, डॉक्टर, अभिभावक, गणमान्य लोग सहित सभी एलूमिनाई की उपस्थिति भी रहेगी। संस्थान की ओर से एलूमिनाई व दादा-दादी का भी सम्मान किया जाएगा। संस्थान की चेयरपर्सन डॉक्टर सुमित्रा चौधरी, प्रिंसिपल अमरीश कुमार शर्मा ने व्यवस्थाओं व तैयारियो को जायजा लिया और इसके बाद संस्थान के शिक्षकों, मैनेजमेंट टीम के साथ मीटिंग ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कोर्डिनेटर के एल कुमावत ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के लिए एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि माता-पिता और शिक्षकों के लिए भी एक गर्व का क्षण होगा। इस प्रकार का आयोजन विद्यालय की सक्रिय भागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रदर्शित करता है, जिससे क्षेत्रीय समुदाय में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। इस मौके पर पूनीत चंदवानी, तेज प्रकाश जांगिड़, मोनिका जांगिड़, नेहा जांगिड़, अंशुमन चौधरी, सरला शर्मा, धर्मा नागा आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

## चिकित्सा विभाग घर-घर जाकर करेगा टीबी मरीजों की पहचान

**धौलपुर।** जिले में चिकित्सा विभाग ने टीबी रोगी खोज अभियान की शुरुआत हो चुकी। जिसमें विभाग की टीमें घर-घर जाकर टीबी मरीजों की पहचान करेंगी, उनकी जांच कराएंगी और उपचार सुनिश्चित करेंगी। यह अभियान 25 मार्च तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा ने बताया कि 188 ग्राम पंचायतों में से 101 ग्राम पंचायतों और 39 शहरी वार्डों को अभियान के लिए चिह्नित किया गया है। इसमें स्लम क्षेत्र, कच्ची बस्तियां, ईंट भट्टे और निर्माणाधीन स्थल शामिल हैं, जहां जाकर लोगों की टीबी जांच की जाएगी। अभियान के दौरान शत प्रतिशत आबादी को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है।

**आशा व एएनएम करेंगी डिजिटल स्क्रीनिंग :** अभियान के लिए आशा और एएनएम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। वे डिजिटल हेल्थ मोबाइल एप के माध्यम से स्क्रीनिंग करेंगी। इसके जरिए मरीजों के लक्षणों की जांच और रिकॉर्डिंग की जाएगी।

**टीबी के लक्षणों पर दें विशेष ध्यान :** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह मीणा ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को 2 सप्ताह से ज्यादा खांसी, खांसी में खून आना, छाती में दर्द, सांस फूलना, वजन कम होना, अधिक थकान, शाम को बुखार, भूख न लगना और ठंड लगने जैसी समस्याएं हैं, तो तुरंत जांच करानी चाहिए। यदि किसी को ये लक्षण दिखें तो टीम को जानकारी दें और समय पर उपचार लें। उन्होंने जनता से अपील की है कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीमें उनके घर आएं तो सही जानकारी दें और पूरा सहयोग करें। इससे रोगी की जल्द जांच, इलाज शुरू किया जा सकेगा।

**जिला व ब्लॉक स्तर पर हो रही है सतत मॉनिटरिंग :** अभियान की जिला स्तर पर सीएमएचओ डॉ. मीणा द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। ब्लॉक स्तर पर बीसीएमओ, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, एसटीएस और एसटीएलएस की टीमें अभियान की डेली मॉनिटरिंग कर रही है।

## श्रीश्याम बाबा का सजाया दरबार, भजनों पर झूमें श्रद्धालु



**चूरू।** आगुणा मोहल्ला स्थित श्रीश्याम मंदिर में एकादशी श्याम महोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ पुजारी जगत नारायण दाधीच ने श्रीश्याम बाबा की ज्योत जलाकर किया। इस अवसर पर राजगढ की गायिका मनीषा शांडिल्य ने कीर्तन की है रात, भरदे रे श्याम झोली भरदे, होलियां में उड रे गुलाल, राधिका तुने बाँसुरी चुराई व ओम नम: शिवाय आदि भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। गायक अजीज भियाणी ने मेरे लाड़ले गणेश प्यारे प्यारे, सपन में सखी देख्यो नंद गोपाल व मन घोडलियो मंगवा मेरी मां आदि के भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमने लगे। इस अवसर पर मंदिर में बाबा श्याम को रंग-बिरंगे पुष्प व गुलाब के फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया।

## श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन एकादशी श्याम महोत्सव पर भजन संध्या में गूंजी भजनों की स्वर लहरिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन एकादशी श्याम महोत्सव पर्व पर मंदिर प्रांगण मे शंकर लाल महनसरिया एवं शांति देवीमहनसरिया की स्मृति में आयोजित विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया बाबा श्याम को रंग-बिरंगे फूल एवं गुलाब के फूलों से भविष्य श्रृंगार किया गया मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया कार्यक्रम के आयोजक गोविंद महनसरिया रमेश महनसरिया पवन कुमार महनसरिया दिलीप महनसरिया वह मंदिर के पुजारी संतोष भुढाढरा के सानिध्य में बाबा श्याम के दरबार में दीप प्रज्वलित वह जोत लेकर भजन संध्या का शुभारंभ किया सर्वप्रथम पीयूष ने मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारेभोलै



बाबा जी की आंखों के तारे आसरो बालाजी मांहने थारो थै कष्ट निवारो नारायण अंगना पधारो म्हारे आगण पधारो आदि भजनों से भजन संध्या का शुभारंभ हुआ भजन गायकर मुंबई के हरीश वर्मा ने कीर्तन की है रात बाबा आज थान आना है भर दे रे श्याम झोली भर दे रे लीला रे मन श्याम से मिला दे छम छम कर तो बेगा आ श्याम धनी ने सागलाय बाबा श्याम के दरबार मची रे होली बाबा श्याम के भजनों को सुनकर श्रद्धालु श्याम भक्त मंदिर प्रांगण में झूम उठे और बाबा के दरबार में खूब ठुमके लगाए तालियों से भजन गायकर का उत्साह वर्धन किया।

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान के सह-प्रभारी चिरंजीव राव का स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान के सह-प्रभारी चिरंजीव राव ने मंगलवार को जैन गेस्ट हाउस, चूरू में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्राज खीचड़ ने की। चिरंजीव राव ने कहा कि बैठक का उद्देश्य कांग्रेस को जमीनी स्तर तक मजबूत करना एवं कार्यकर्ताओं को आमजन के बीच गतिशील करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का संदेश ब्लॉक, नगर ,मंडल, ग्राम पंचायत, बूथ कांग्रेस कमेटियों तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान पार्टी में मिलेगा और जो कार्यकर्ता निष्क्रिय हैं, उनको बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एक जुट होकर जिले में पार्टी और संगठन को मजबूत कर जमीनी स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले




से लेकर बूथ स्तर तक बैठक लेकर पार्टी का फीडबैक लिया जाएगा। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बीकानेर संभाग प्रभारी जगदीश जांगिड ने कहा कि हमें चूरू जिले में कांग्रेस के प्रति समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को आगामी कमेटियों एवं कार्यकारिणिओं में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जायेगा। चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंद्राज खीचड़ ने कहा कि हम सबको मिलकर संगठन को मजबूत करना है। राज्य व केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने ब्लॉक एवं मंडल की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। तथा कांग्रेस कार्यकताओं में नई उर्जा का संचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिले में मजबूत है और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा समर्पण के साथ कार्य कर रहे है। पूर्व विधायक हाजी मकबुल मंडेलिया ने कहा कि हम सबको संकल्पबद्ध होकर आगामी नगर परिषद, पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, किसानों की पार्टी है।

## बसंतोत्सव पर चंग की थाप पर थिरकीं महिलाएं

### त्रिनेत्र योग धाम में होली पर बसंतोत्सव 2025 का आगाज

**चूरू।** निकटवर्ती गांव घंटेल स्थित त्रिनेत्र योग धाम में होली के अवसर पर शनिवार देर शाम बसंतोत्सव 2025 का आगाज किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने धमाल और लोकगीतों का आनंद उठाया। डॉ. मनोज योगाचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए महिलाओं की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षिका विनीता शर्मा के नेतृत्व में चंग की थाप पर ताल से ताल मिलाकर सभी ने एक साथ नृत्य किया। श्री श्याम ढ़प मंडली चूरु के सानिध्य में हुये कार्यक्रम में मुख्य गायक महेश हारीत व राजेंद्र चौबे ने लोकगीतों और धमालों की स्वर लहरिया बिखेरी। कार्यक्रम में घंटेल, पित्तर जी की ढ़ाणी, रिड़खला, सोमासी और स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि होली का आयोजन पुरुष प्रधान ही माना जाता है, परंतु अब मातृशक्ति को भी ऐसे आयोजनों में अपने परिवार के साथ भाग लेना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी को हमारी लोक संस्कृति को समझने का मौका मिल सके। त्रिनेत्र योग धाम पर डॉ.मनोज योगाचार्य के सानिध्य में इसी थीम पर हमेशा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। शर्मा ने बताया कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक समरसता को बढ़ाना और हमारी लोक संस्कृति को जीवित रखना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### एआईसीसी पदाधिकारियों का चूरू सीमा पर मुस्ताक खान के नेतृत्व में किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव राजस्थान सहप्रभारी चिरंजीव राव, पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, पीसीसी सचिव प्रद्युम्न सिंह, पीसीसी सचिव रामजीलाल व जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़ का मंगलवार को चूरू सीमा पर रतननगर तिराहे पर प्रदेश सचिव मुस्ताक के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मार्ल्यापण कर व साफा पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, युवा नेता गुलजार खान, छात्र नेता फरमान खान, मोहम्मद अली, अब्दुल अजीज, संजय सहारण, आसिफ मुन्यान, लतिफ खान ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट कर राव का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राजेश कुमार, पवन ढूकिया, जगदीश लोहार, अजीज अली, असलम सोलंकी, रासीद मोयल, तौफीक खान, इमरान खान, सोनू, इरफान, नदीम, आसिफ, मोनू, आसिफ खानजादा, सोयब भलीम, समीर खान, सोयल चायल, शाहिद खान, फरियाद, जाहिद खान, रुस्तम खान, अल्ताफ खान, जहीद खान, सहबाज, जावेद तंवर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आईपीएम प्रशिक्षण शिविर में किसानों को दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षए संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के कार्यालय टिड्डी सह एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र की ओर से देपालसर गांव में दो दिवसीय टिड्डी जागरूकता एंव एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यालय प्रभारी व वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ.सूरज करण चौधरी ने किसानो को किसानो को आईपीएम प्रबंधन की यांत्रिक विधियां के बारे में जानकारी दी। क्षेत्रीय टिड्डी सह आईपीएम जोधपुर के उप निदेशक डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने किसानो को गेंहू व सरसो में लगने वाले कीट एंव बीमारियों के बारे में बताया। केंद्र सरकार के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी सतवीर सिंह व रामकरण डूडी ने रेगिस्तानी टिड्डी के सर्वेक्षण में उपयोग में आने वाले उपकरणों व नियंत्रण में काम में आने वाले पीपी उपकरणों आदि का लाइव डेमो करके बताया।केंद्र सरकार के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र गोदारा, वैज्ञानिक सहायक अतुल कक्कड़ व तकनीकी सहायक लोहित शर्मा ने किसानों को राष्ट्रीय नाशीजीव निगरानी प्रणाली एप की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में गोविन्द प्रकश, मोतीराम, रामचंद्र, उषा, विमला, सुमित्रा, सरोज, बबिता, पुष्पा आदि सहित कृषक उपस्थित रहे।

### राजकीय कन्या महाविद्यालय, लाडनूं में होगी राज्य स्तरीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजकीय कन्या महाविद्यालय यह आयोजन बांगड़ ट्रस्ट कोलकोता के सोजन्य से होंगा। लाडनूं परिक्षेत्र के एकमात्र राजकीय बालिका उच्च शिक्षण संस्थान श्राजकीय कन्या महाविद्यालय, लाडनूँश् में पहली बार अखिल राजस्थान स्तरीय हिंदी वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर गजादान चारण ने बताया कि महाविद्यालय की प्रतिष्ठित गतिविधि (बेस्ट-प्रैक्टिस) के तौर पर बांगड़ ट्रस्ट, कोलकाता के सौजन्य से सेठ रंगनाथ बांगड़ की स्मृति यह प्रतियोगिता होने जा रही है। प्रतियोगिता आगामी 16 मार्च, 2025 रविवार को प्रात: 10.15 बजे कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन में यह आयोजन सम्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारी छात्रा विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ाने के साथ ही उनकी वक्तृत्व कला में निखार लाने में सहायक सिद्ध होगा। डॉ. चारण ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय तकनीकी विकास ने मानव जीवन को अत्यधिक सहज एवं सुगम बनाया है' रखा गया है, जिसके पक्ष एवं विपक्ष में राजस्थान के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में नियमित अध्ययनरत तथा चयनित वक्ता विद्यार्थी अपनी तार्किक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद ओंकारसिंह लखावत होंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर डीडवाना-कुचामन पुखराज सेन करेंगे। कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा सारस्वत अतिथि होंगे। कार्यक्रम में एएसपी हिंमाशु शर्मा एवं बीआरएम राजकीय महाविद्यालय नागौर के प्राचार्य प्रो. हरसुख छरंग विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रतियोगिता समन्वयक सुरेंद्र कागट ने बताया कि राजस्थान के सभी विश्वद्यालयों एवं महाविद्यालयों को प्रतियोगिता का ई-फोल्डर प्रेषित किया गया है। प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर है। संभावना है कि अच्छी संख्या में उम्दा एवं चुनिंदा वक्ता अपनी प्रखर प्रस्तुतियां देने आएंगे। बांगड़ ट्रस्ट प्रतिनिधि गोविंद नागौरी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वक्ता को 11,500/- रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, वहीं द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता को 8000/- तथा तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को 5500/- रुपये पुरस्कार राशि भेंट की जाएगी। इसी क्रम में 1100-1100 रुपये के पांच प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति सदस्यों हनुमान मल जांगिड़, अब्दुल हमीद मोयल, डॉ. सुमन चौधरी एवं दिव्या माथुर, अफसाना बानो एवं विजयलक्ष्मी ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को स्मृतिचिह्न, फोल्डर, प्रमाणपत्र एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

### तारानगर में गींदड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर के विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने तारानगर कस्बे में करणी सेवा समिति द्वारा करणावत चौक पर हर साल की भांति आयोजित गिंदड़ प्रतियोगिता का रीबन काटकर व चंग बजाकर उद्घाटन किया। जांगिड़ ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को संजोए जिंदर प्रतियोगिता के आयोजन के लिए करणी सेवा समिति का आभार व्यक्त करता हूं। जांगिड़ ने शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। जांगिड़ ने कहा आइये हम सब मिलकर हमारी विलुप्त होती जा रही संस्कृति को जिंदा रखने के लिए इन कार्यक्रमों के साक्षी बने।

# 'भूखंड आवंटन में तेजी लाएं, निवेशकों द्वारा मांगी गई जमीन का आवंटन परियोजना की आवश्यकता और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार करें'

## मात्र तीन महीने में 2.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने और क्रियान्वित करने के लिए मुख्य सचिव ने अधिकारियों की प्रशंसा की

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू के क्रियान्वयन की प्रगति का आकलन करने के लिए हुई पाक्षिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में पंत ने केवल 3 महीने में 2.25 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को कार्यान्वयन के स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि सतत निगरानी और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और आपसी तालमेल की बदौलत यह मील का पत्थर हासिल हो सका है।



निवेशकों को उपयुक्त भूखंड उपलब्ध कराने के बारे में मुख्य सचिव ने कहा कि निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुसार सभी संभावित विकल्पों पर विचार किया जाए और नियमानुसार भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल और त्वरित किया जाए। इस प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित करने के लिए पंत ने जमीन आवंटन से जुड़े सभी विभागों को अपने विभाग की संबंधित नियमावली अन्य विभागों के साथ साझा करने का निर्देश दिया। भूमि को बहुमूल्य संसाधन बताते हुए पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेशकों द्वारा मांगी गई भूमि को परियोजना की आवश्यकता और सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आवंटित किया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों को एमओयू के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया और कहा कि वैसे निवेशकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जो राज्य में अपनी परियोजना लगाने के हेतु गंभीर हैं और प्राथमिकता के आधार पर उन्हें आवश्यक संसाधन और जमीन उपलब्ध करायी जाये।

मुख्य सचिव ने कहा कि निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन हेतु मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा निर्धारित की गयी त्रि-स्तरीय समीक्षा प्रणाली, सतत निगरानी और एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की बदौलत केवल 3 महीने में ही 2.25 लाख करोड़ के एमओयू को अमल में लाया गया है। गौरतलब है कि गत वर्ष 9-11 दिसंबर को आयोजित सम्मेलन के दौरान सरकार ने 35 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए थे। बैठक में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक, जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा, राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार, स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव, शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव वैभव गालरिया, खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत, रीको की प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार, बीआईपी के अतिरिक्त आयुक्त सौरभ स्वामी सहित राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

मिलावट के खिलाफ अभियान

# बीकानेर में 8100 किलो घटिया मावा जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर प्रदेशभर में मिलावट के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। 'शुद्ध आहार, मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त एच गुईटे के निर्देशन में मंगलवार को बीकानेर में कार्रवाई करते हुए 8100 किलो घटिया क्वालिटी का मावा पकड़ा गया।



अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि दो पिकअप वैन में घटिया क्वालिटी का मावा सप्लाई के लिए जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर फलौदी और बज्जू से आ रही पिक-अप को नाल में रूकवा कर तलाशी ली गयी। इन दोनों वैन से 405 टिन में 8,100 किलो मावा पकड़ा गया। मावे में तेल की मिलावट पाई गई है। उरमूल डेयरी प्लान्ट पर स्थित लैब पर मावे की जाँच की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध के नेतृत्व में बीकानेर के खाद्य सुरक्षा दल ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह गहलोत, श्रवण कुमार वर्मा, सुरेन्द्र कुमार और राकेश गोदारा शामिल रहे।

---

# उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला मानदेय कार्मिकों को किया गया सम्मानित

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने माता यशोदा पुरस्कार से किया सम्मानित**

**मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ सम्मान कार्यक्रम**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 42 मानदेय महिला कार्मिकों को माता यशोदा पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने प्रशस्थि पत्र देकर चयनित आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सम्मानित किया।

कार्यालय, उपनिदेश महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा माता यशोदा पुरस्कार के तहत आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं को 5100 रुपये की राशि एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 2100 रुपये की राशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को और बेहतर कार्य करने एवं राजस्थान सरकार की जन कल्याणाकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग अरशदीप बरार, उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल सहित जिले के बाल विकास परियोजना अधिकारियों, महिला पर्यवेक्षकों एवं चयनित मानदेय कर्मियों ने शिरकत की।

---

लू-तापघात एवं मौसमी बीमारियों को लेकर चिकित्सा विभाग अलर्ट

# प्रमुख शासन सचिव ने दिए प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ तैयारियों के निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** आगामी गर्मियों को देखते हुए लू-तापघात एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जरूरी तैयारियां प्रारम्भ कर दी हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में लू-तापघात एवं मौसमी बीमारियों सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की और प्रदेशभर में पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गायत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में भीषण गर्मी एवं लू की आशंका को देखते हुए हर स्थिति से निपटने के लिए विभाग के सभी अधिकारी अभी से समुचित तैयारियां शुरू करें, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों और मौसमी बीमारियों से किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने विभागीय अधिकारियों, मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षकों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा की और प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।



**चिकित्सा संस्थानों में जांच, उपचार एवं छाया-पानी का हो माकूल इंतजाम:-** प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सक, नर्सिंग स्टॉफ एवं पैरामेडिकल कार्मिक आवश्यक रूप से उपस्थित रहें। अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों एवं उपकरणों का माकूल इंतजाम सुनिश्चित करने के साथ ही छाया एवं ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था हो। अस्पतालों में उपलब्ध वाटर कूलर, पंखें, कूलर, एसी आदि की आवश्यकतानुसार खरीद की जाए तथा जरूरत अनुसार मेंटीनेंस करवाया जाए। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को समय-समय पर पानी एवं खाद्य पदार्थों के नमूने लेने एवं आमजन को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।

**टीबी मुक्त भारत अभियान के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें:-** राठौड़ ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान केंद्र सरकार की ओर से संचालित एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसके लक्ष्य हासिल करने में किसी तरह की कमी नहीं रहे। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किए जाएं। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान की जिलावार समीक्षा करते हुए इसमें अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीबी स्क्रीनिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट, निक्षय पोषण योजना एवं निक्षय मित्र बनाने सहित विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बजट घोषणाओं की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**ऑक्सीजन प्लांट्स के सुचारू संचालन के निर्देश:-** चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार ने कहा कि लू-तापघात जैसी स्थितियों से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित की जानी हैं। इस संबंध में चिकित्सा संस्थान स्थानीय स्तर पर आवश्यक दवाइयों, उपकरणों आदि की खरीद तथा रिपेयर व मेंटीनेंस की व्यवस्था करें, इसके लिए नियमानुसार आरएमआरएस में उपलब्ध राशि का भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स के सुचारू संचालन के निर्देश भी दिए।

**शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों का हो प्रभावी संचालन:-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सुगमता पूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों की स्थापना की गई है। संबंधित अधिकारी इनके प्रभावी संचालन पर ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि इन केंद्रों पर मापदंडों के अनुरूप सभी सेवाएं उपलब्ध हों। जिलों में जहां भी और शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाने हैं, वहां इनकी जल्द स्थापना की जाए। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा करते हुए मिशन निदेशक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीकी रूप से मजबूत करने के लिए यह महत्वाकांक्षी अभियान है। सभी जिलों में आभा आईडी, हेल्थ फैसिलिटी एवं हेल्थ केयर फैसिलिटी रजिस्ट्री का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल किया जाए।

**रोकथाम गतिविधियों के लिए बनाएं योजना:-** निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने आगामी गर्मियों के दृष्टिगत प्रदेशभर में लू तापघात से बचाव के प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, मलेरिया, डेंगू आदि मौसमी बीमारियों से बचाव एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से अंतर विभागीय समिति की बैठक आयोजित की जाए। नगरीय निकायों के साथ बैठक कर फॉगिंग, एंटी लार्वा, सोर्स रिडक्शन एवं अन्य रोकथाम गतिविधियों के लिए योजना बनाई जाए। जिन जिलों में विगत वर्ष में मौसमी बीमारियों के केस ज्यादा आए थे, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। हाई रिस्क वाले स्थानों पर ज्यादा टीमें नियोजित की जाएं। आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर आईईसी गतिविधियां की जाएं।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभमंगला, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

व्याधि का हुआ समाधान तो....नन्हें चेहरों पर लौटी मुस्कान

# सर्जरी किए गए बच्चों एवं अभिभावकों का जिला कलक्टर ने किया अभिनंदन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** हाथ में लाल रंग के गुब्बारे लिये नन्हें बच्चे और हर बच्चे के चेहरे पर खिली मुस्कान...जी हां, कुछ ऐसा ही नजारा था मंगलवार को जिले कलेक्ट्रेट सभागार का। जहां राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचडी यानी कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज के सफल ऑपरेशन के लाभार्थी बच्चों एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया।

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हुई कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज सर्जरी**



जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जयपुर प्रथम एवं द्वितीय द्वारा योजना के तहत लाभांवित हुए 21 बच्चों का केक काटकर एवं उपहार प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सीएचडी में सर्जरी किए गए बच्चों एवं उनके अभिभावकों से संवाद भी किया। उन्होंने अभिभावकों से भी यह अपील की कि वे इस मौके पर संकल्प लें कि उनके आस पड़ोस में इस प्रकार का कोई बच्चा हो जो सीएचडी से ग्रसित हो तो वे उस बच्चे के उपचार में सहयोग करेंगे।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम विनीता सिंह ने बताया कि चिकित्सा विभाग का राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम उन बच्चों के लिए वरदान साबित हुआ है जो जन्म से ही विभिन्न शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रयासों की वजह से न केवल इन बच्चों का इलाज नि:शुल्क किया गया बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की राह भी दिखाई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग, सीएमएचओ और राजस्थान बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के प्रयास प्रशंसनीय हैं और इस पुनीत कार्य को उत्तरोत्तर नए मुकाम देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत, आरसीएचओ जयपुर प्रथम डॉ. आशा, आरसीएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. प्रमिला, डीआईईसी मैनेजर, जयपुर प्रथम संगीता, एडीएनओ जयपुर द्वितीय डॉ. दिलीप, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जयपुर प्रथम अखिलेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी जयपुर द्वितीय रिचा सारस्वत मौजूद रहे।

---

# देवनानी से उत्तर प्रदेश के विधायक मिले



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मंगलवार को उत्तर प्रदेश के गोवर्धन विधान सभा क्षेत्र के विधायक मेघ श्याम सिंह ने विधानसभा में शिष्टाचार मुलाकात की। सिंह ने अध्यक्ष देवनानी को पुष्प गुच्छ भेंट किया। देवनानी को सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बारे में जानकारी भी दी।

---

# 'बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने में जुट जाएं, तय समयावधि में क्रियान्वित से ही मिलेगा आमजन को लाभ'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव हरि मोहन मीना ने अधिकारियों को बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने में जुट जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की तय समयावधि में क्रियान्वित से ही आमजन को लाभ मिल सकता है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर मीना ने मंगलवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुख्यालय 'अम्बेडकर भवन' में निदेशालय स्तर के अधिकारियों की बैठक ली और इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। मीना ने कहा किया राज्य बजट 2025-26 घोषणाओं की क्रियान्विति से पूर्व वर्ष 2024-25 की जो कोई भी लंबित बजट घोषणाएं हैं, उन्हें पूर्ण करें। उन्होंने बजट 2025-26 की घोषणा और आवश्यकता के अनुरूप भूमि चिह्निकरण एवं आवंटन से जुड़े कार्य तय समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

मीना ने कहा कि हर कार्य में समयबद्धता, गुणवत्ता और उपयोगिता पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इसके लिए बजट घोषणाओं के कार्यों को रफ्तार देने की जरूरत है। अधिकारियों ने बजट घोषणाओं के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों, भूमि आवंटन की स्थिति और प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान अल्प आय वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमांत कृषकों को देय पेंशन को बढ़ाने, बेघर वृद्ध जन एवं असहाय निराश्रित व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु स्थापित किया जा रहे स्वयं सिद्ध आश्रमों, विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु समुदायों के सशक्तिकरण एवं उत्थान की दृष्टि से संत दादू दयाल घुमंतू सशक्तिकरण योजना प्रारंभ करने, प्रदेश के एससी-एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन आदि को आर्थिक संबल प्रदान करने की दृष्टि से अनुजा, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक निगमो द्वारा दिए गए ऋणों के क्रम में वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाने सहित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

---

जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

# सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाईन से अवैध जल कनेक्शनों का किया जाएगा जल संबंध विच्छेद: मंत्री कन्हैयालाल चौधरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने आगामी ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाईन से अवैध जल कनेक्शनों का जल संबंध विच्छेद करने के लिए प्रदेश में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये है। जिस पर विभाग द्वारा एक परिपत्र जारी कर विभागीय जल योजनाओं पर वितरण पाईप लाईन से किये गए अवैध जल कनेक्शनों को हटाने एवं नियमित करने के लिए विभागीय अभियंताओं को दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

जलदाय मंत्री ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान जल योजनाओं पर अवैध जल कनेक्शनों का जल संबंध विच्छेद किया जाएगा साथ ही नियमित किये जाने का अभियान भी जारी रखा जाएगा। इस दौरान फील्ड के अभियंताओं द्वारा नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सघन कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि राईजिंग मैन पाईप लाईन एवं वितरण पाईप लाईन से अवैध कनेक्शनों को हटाये जाने की कार्यवाही की जाएगी एवं संबंधित के विरूद्ध राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा के तहत एफ.आई.आर दर्ज करवाई जाएगी।

जलदाय मंत्री ने बताया कि माह अक्टूबर 2024 में शुरू किये गए विशेष अभियान के दौरान एवं अब तक चिन्हित किये गए अवैध जल संबंधों को विच्छेद किया गया है उनकी नियमित मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन अवैध जल संबंधों को नियमित नहीं करवाया गया है तो उन्हें नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने बताया कि संबंधित द्वारा नोटिस जारी होने के बाद भी पेनल्टी जमा करवाकर जल संबंध नियमितिकरण नहीं करवाया है तो उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने की कार्यवाही की जाए।

जलदाय मंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान नियमित रूप से पाईप लाईनों की पेट्रोलिंग कर अवैध कनेक्शनों को हटाने एवं जल राशि की चोरी को रोकने की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अवैध कनेक्शन करने एवं जल राशि की चोरी के कृत्य में संचालन एवं संधारण एजेंसी के कर्मचारी अथवा विभागीय कर्मचारी लिप्त पाये जातें हैं तो उनके विरूद्ध भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि नियमित एवं परियोजना क्षेत्रों के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अपने अधीन वृत कार्यालयो के द्वारा की जा रही कार्यवाही की साप्ताहिक समीक्षा कर नियमित रिपोर्ट संबंधित मुख्य अभियंता को प्रस्तुत करेंगे।

---

Government of Rajasthan

**Office of the District (Collector) Barmer**

Phone: 02982-220007 E-Mail: dm-bar-rj@nic.in

No.: 3723 Date : 07.03.2025

**Short Term (NOTICE INVITING Bids) 02/2024-25**

Bids for supply of procurement of laptops (as per Specifications, Bid Terms & Conditions) are invited from interested bidders up to 03:00 PM of 17/03/2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state website.

UBN: 01. CBR2425GLRC00017

DIPR/C/3613/2025

Additional District Collector, Barmer

विश्व उपभोक्ता दिवस पर जागृति कार्यक्रमों का शुभारंभ

## जागरूकता से उपभोक्ता आंदोलन को सशक्त बनाएं : तिवाड़ी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर झुंझुनूं में उपभोक्ता संगोष्ठी का आयोजन हुआ। शहर की अनंत पब्लिक स्कूल में आयोजित हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएसओ निकिता राठौड़ थी। अध्यक्षता समिति के जिलाध्यक्ष प्रभुशरण तिवाड़ी ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में समिति के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हीरालाल शर्मा, शिवचरण पुरोहित, महासचिव ललित जोशी, सचिव संदीप गोयल, समिति के झुंझुनूं पंचायत समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश जांगिड़ खाजपुर, झुंझुनूं नगर अध्यक्ष दयाशंकर अरड़ावतिया, चिड़ावा नगर अध्यक्ष मुकेश सैनी, मनोहरलाल धूपिया, गिरधर गोपाल महमिया मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के जिलाध्यक्ष प्रभुशरण तिवाड़ी ने उपस्थित जनों का आह्वान करते हुए कहा की उपभोक्ता आंदोलन को सफल बनाना है तो आम उपभोक्ता को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने डिब्बाबंद उपभोग सामग्री को खरीदते समय क्वालिटी, एक्सपायरी डेट व मूल्य देखकर खरीदने की बात कही। तिवाड़ी ने उपभोक्ता आंदोलन के इतिहास पर भी विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। जिला रसद अधिकारी राठौड़ ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में जोड़े गए नए प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक रहते हुए बाजार में खरीददारी का बिल अवश्य लेने की बात कही। समिति के जिला महासचिव ललित जोशी ने उपभोक्ता मंच में परिवाद पेश करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया उपभोक्ता मंच में सादे कागज पर परिवाद पेश किया जा सकता है। किंतु क्रय करते समय रसीद अवश्य प्राप्त करें। कार्यक्रम को समिति की महिला संयोजक प्रमिला शर्मा व मुकेश सैनी ने भी संबोधित किया। अंत में स्कूल निदेशक नरेंद्र शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सदस्य, स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## श्राविका सिरेकंवरी का संथारा गतिमान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** महाराणा प्रताप चौक के निकट तेरापथी श्राविका सिरेकंवरी देवी बैद का संथारा व्रत मंगलवार को 45वें दिन भी गतिमान रहा। स्व. झूमरमल बैद की धर्मपत्नी संथारा संथारा साधिका सादुलपुर के ही कोठारी परिवार ही बेटी सिरेकंवरी उर्फ सीरिया बाई ने 26 जनवरी की दोपहर को तिविहार संथारा त्याग स्वीकार किया था। उनका संथारा अभी तक चल रहा है और वह निराहार रहकर भी चैतन्य अवस्था में है। पूर्व वरिष्ठ विधायक नन्दलाल पूनियां ने भी मंगलवार को बैद निवास पहुंच कर तपस्विनी के लिए मंगल भावनाएं व्यक्त करते हुए दर्शन किए। वरिष्ठ राजनेता पूनियां ने कहा कि श्राविका बहन का यह संथारा निश्चित ही यह ज्ञान विज्ञान के लिए भी एक चुनौती का विषय है। 93 वर्ष की महिला डेढ़ महीने से सर्वथा निराहार है और फिर भी चैतन्य अवस्था में है। जैन धर्म का संथारा व्रत निश्चित ही एक ऐसी दिव्य शक्ति कहे जा सकती है जिसका कोई मुकाबला नहीं हो सकता। यह एक सर्वोत्तम महातप होता है। इस अवसर पर रायपुर से आए हुए नोहर निवासी कमल सिपाणी सहित पदम व पदम बैद, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन, किरणदेवी, मंजू डोसी, सन्तोष सिपाणी, नेहा जैन तथा सुनीता नाहटा उपस्थित थे।

## वाल्मीकि बस्ती में संत प्रवास समागम का आयोजन



**कुचामन सिटी।** विश्व हिंदू परिषद कुचामन सिटी के तत्वावधान में मंगलवार को वाल्मीकि बस्ती में संत प्रवास समागम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गौतम चंदेलिया और अशोक चंदेलिया के आवास पर संपन्न हुआ, जिसमें बस्ती के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। संत सुदर्शन महाराज के आगमन पर पूरे मोहल्ले में भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई, और चंदेलिया के आवास तक मार्ग को भक्तिमय वातावरण से सजाया गया। संत का श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

**सत्संग में उमड़ी भक्तों की भीड़ :** इस मौके पर आयोजित सत्संग में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही, जिन्होंने भक्ति भाव से इस आयोजन में भाग लिया। पूरे वातावरण में भजन-कीर्तन की गूंज रही, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था और अधिना प्रबल हुई। इस धार्मिक आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रकाश सारड़ा, प्रखंड अध्यक्ष नथमल शर्मा, उपाध्यक्ष बालकिशन शर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक योगेश शर्मा, भंवर लखन, सुभाष सारवान, रवि लखन, सीताराम ढेनवाल, अशोक राणा, कमल गोयर, बबलू महाराज, काना राम चंदेलिया, रामप्रसाद शर्मा, बनवारी सारवान एवं दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका आरती सर्वा सहित कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**आरती और प्रसाद ग्रहण के साथ हुआ समापन :** सत्संग के पश्चात श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया और संत ने कार्यकर्ताओं संग प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाने का आह्वान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के हरियाणा निकटवर्ती गांव भाकरां स्थित मेघ स्थली में मेघवाल विकास समिति अध्यक्ष समाजसेवी नेतराम मेहरा की अध्यक्षता में सामाजिक सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई सामाजिक सदस्यों के साथ बैठक में होली का पर्व भाईचारे के साथ धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। समाजसेवी मेहरा ने कहा की होली रंगों का त्यौहार है और इस अवसर पर किसी के साथ जबरदस्ती आदि नहीं की जाए सभी सदस्य मिलजुल कर होली का पर्व मनाने के लिए जागरूक करें बैठक में सदस्यों को जागरुक करते हुए मेहरा ने बताया कि अफवाहों से बचने अनजान लोगों पर रंग नहीं डालने सोशल मीडिया पर बेतुके संदेश और वीडियो फॉरवर्ड करने से बचें। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा आपात स्थिति में पुलिस को सूचित करें सदस्यों का कहना था कि सादुलपुर क्षेत्र में सैदव से ही होली पर्व शांतिपूर्वक मनाया जाता रहा है और इस बार भी सब मिलजुल कर भाईचारे की भावना से त्योहार मनाएंगे तथा कोई भी अप्रिय स्थिति होने पर तुरंत हमीरवास थाना पुलिस को सूचित करें। इस दौरान बैठक में समाजसेवी नेतराम मेहरा, संदीप जिलोवा, सिकंदर जिलोवा, सीताराम मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अभिभाषक संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल और उग्र आंदोलन की चेतावनी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामनसिटी।** अभिभाषक संघ ने 21 फरवरी 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है, जिसमें नावां, मकराना और परबतसर के अधिवक्ता संघों का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार कुचामन को जिला मुख्यालय और जिला न्यायालय बनाने की घोषणा नहीं करती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों की अनदेखी की, तो जनांदोलन और तेज़ होगा। उन्होंने सरकार को आगाह किया कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी चुनावों में इसे कड़े विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

### कुचामन में जिला मुख्यालय व न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ की रैली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री द्वारा डीडवाना को जिला मुख्यालय बनाने की सहमति देने के बाद से ही कुचामन को जिला मुख्यालय और जिला न्यायालय बनाने की मांग लगातार उठ रही है। इसी सिलसिले में कुचामन अभिभाषक संघ के नेतृत्व में 11 मार्च को एक रैली निकाली गई। रैली के दौरान एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अधिवक्ता संघ का कहना है कि कुचामन को जिला मुख्यालय और न्यायालय बनाए जाने के सभी तर्कपूर्ण आधार मौजूद हैं। यहाँ न्यायालय के लिए पहले से भूमि उपलब्ध है, 300 से अधिक अधिवक्ता कार्यरत हैं, और भौगोलिक दृष्टि से यह क्षेत्र का केंद्र है।

### आखिरकार संघर्ष की जीत, 120 फीट गहरे कुएं में गिरे बिलाव को दिया नया जीवनदान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** अक्सर बोरवैल में गिरे बच्चों को रेस्क्यू ऑपरेशन कर बाहर निकालने के मामले तो आपने देखे ही होंगे। लेकिन किसी एक बिलाव का करीब 120 फीट गहरे सुखे कुएं में गिर जाने से वन्य प्राणी प्रेमियों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन कर बाहर निकालने का मामला संभवत: पहला ही होगा। जी हां, मामला तब सामने आया जब झुंझुनूं के गांव सोती के निकट स्थित कचलती कुई श्री बालाजी मंदिर के पास बने पुराने कुएं में एक बिलाव गिर गया। बिलाव गिरने से करीब पांच दिन तक आस-पास पड़ौस के किसानों ने बाहर निकालने का प्रयास किया और उसे भोजन पहुंचाया। लेकिन वे बाहर निकालने में विफल रहे। इसके बाद प्राणी मित्र सेवा समिति झुंझुनूं के पास रणजीत गुर्जर के द्वारा सूचना पहुंची तो पशु प्रेमी डॉ. अनिल खीचड़ मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से बिलाव का रेस्क्यू किया गया। पहली बार रेस्क्यू करने रस्सी के सहारे 120 फीट गहरे कुएं में उतरे अंकित कुमार का कहना है कि कुआं पुराना होने से जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया। जिस कारण बिलाव जाल के अंदर फंसने से दूर भाग रहा था। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ घंटे तक कुएं के अंदर रहकर बिलाव को पकड़ने के लिए तरह-तरह के जतन किए आखिर में बिलाव को जीवित पकड़ने में सफल हुए और बाहर निकाल कर खेतों में छोड़ दिया। जिसके बाद वह खेतों में भाग छूटा। उन्होंने बताया कि रेक्स्कू के दौरान भय भी बना रहा। लेकिन एक जीव की जान बचाना जरूरी समझा और आखिरकार में बिलाव को नया जीवनदान मिला। इस दौरान ग्रामीणों ने डॉ. अनिल खीचड़ और रेस्क्यू टीम के अंकित कुमार का आभार जताया। इधर रेस्क्यू टीम का गौतम सैनी, रणजीत गुर्जर कोहली, मंदिर पूजारी बाबूलाल सैनी, यशपाल, प्रदीप सैनी, विश्वनाथ सैनी, रोशन बावरिया, प्रदीप गुर्जर, आदित्य गुर्जर एवं कमलकांत गुर्जर समेत अन्य ने मदद की।

### होली स्नेह मिलन 16 मार्च को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी संघ द्वारा 16 मार्च रविवार को वरिष्ठ व पारिवारिक पेंशनर्स सम्मान समारोह व होली स्नेह मिलन का आयोजन केशव आदर्श विद्या मंदिर झुंझुनूं में किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष केबी वशिष्ठ व महामंत्री ईश्वरलाल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा होंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेंद्र भांबू, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवल किशोर शर्मा, रोडवेज मुख्य प्रबंधक गणेश कुमार शर्मा होंगे। मुख्य वक्ता संघ के प्रदेश संगठन मंत्री रामगोपाल शर्मा होंगे। कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श का निर्णय लिए जाएंगे तथा शेष रहे पेंशनर्स के जीवित प्रमाण पत्र भी मौके पर ही भरे जाएंगे।

## गुगलवा में फार्मर आईडी शिविर आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुगलवा में फार्मर आईडी सिविल का आयोजन सरपंच गुलाब कंवर की अध्यक्षता में किया गया शिविर में किसानों ने बढ़-चढ़कर फार्मर आईडी बनवाने में भाग लिया शिविर प्रभारी जयवीर सिंह एवं उप प्रधान प्रतिनिधि रामफल लम्बोरिया के साथ निरीक्षण अधिकारी राजवीर सिंह मितड द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए पंचायत स्तर के कर्मचारी अधिकारी एवं उप प्रधान लम्बोरिया द्वारा ग्राम पंचायत गुगलवा के अधीन आने वाले गांव में फार्मर आईडी शिविर का प्रचार-प्रसार के कारण किसानों को दुविधा हो रही है निरीक्षण अधिकारी मितड द्वारा शिविर में कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रभारी जयवीर सिंह द्वारा पीएम आवास योजना पेंशन स्कीम एवं ग्राम पंचायत राज की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई सहायक कृषि अधिकारी राजवीर सिंह मितड ने बताया कि 2 दिन दिनांक 11 व 12 मार्च तक शिविर चालू रहेगा शेष रहे समस्त ग्राम पंचायत के किसानों से अपील है कि शिविर अटल केंद्र गूगलवा में पहुंचकर आईडी सहित एवं जमाबंदी का फायदा उठाएं। शिविर में बीडीओ सुरेंद्र नेहरा पटवारी राकेश सतवीर कृषि पर्यवेक्षक एलडीसी रमेश रोहित कंवर, जेईयन नीतू बाई, नर्श पटवारी, अनिता कुमारी की इत्यादि उपस्थित रहे। उप प्रधान प्रतिनिधि रामफल लम्बोरिया ने आगुंतकों कृषकों का फार्मर आईडी बनवाने में अग्रणी भूमिका निभाई एवं आगामी 2 दिन तक चलने वाले शिविर में समस्त ग्राम पंचायत के शेष कृषकों को फार्मर आईडी बनाने की अपील की गई सोमवार को सुबह 10:00 बजे से 4:00 तक 172 आईडी एवं ईकेवाईसी 194 बनाई गई।

## श्री बिहारी लाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट अन्नदान योजना के तहत 100 परिवारों को राशन वितरण



**सादुलपुर।** श्री बिहारी लाल जैन चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता बैंगलोर के मासिक अन्नदान कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को 100 परिवारों को राशन वितरण किया गया। होली पर्व के उपलक्ष में राशन के साथ-साथ मिठाई, नमकीन रंग गुलाल आदि भी जरूरतमंद परिवारों को भेंट किए गए। इस बार का यह पुनीत कार्य राजगढ़ तेरापंथ महिला मंडल की सदस्याओं द्वारा किया गया। मंडल के अध्यक्ष रेखा मुसरफ, मंत्री सुमन जैन पूर्व अध्यक्ष सरोज जैन के साथ हैदराबाद प्रवासी आशीष जैन और दिशा जैन दिल्ली से आए हुए उमेश वर्मा ने श्रमदान में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर रेखा मुसरफ ने कहा कि जो निष्काम भावना से औरों के लिए कुछ करता है वह व्यक्तित्व महान होते हैं। ट्रस्ट संचालक मुरारी लाल सरावगी के पिता बिहारी लाल जैन तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य तुलसी के अन्यन भक्त और विश्वस्त श्रावक थे। उन्होंने भी समाज सेवा व धार्मिक क्षेत्र में विशिष्ट सेवाएं दी थी। सरोज जैन ने कहा कि सरावगी के ऐसे सेवा कार्यों से वक्त के मार से पीड़ित लोगों को बहुत राहत मिलती है। ट्रस्ट प्रतिनिधि सेवा भावी वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन बताया कि होली पर्व को देखते हुए अतिरिक्त राशन और अन्य आवश्यक सामग्री की पूर्ति ज़रूरतमन्द परिवारों के लिए की गई है। इसके अलावा राशन सहायता पाने वाली बीमार महिलाओं को भी अलग से उपचार सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुरारी लाल सरावगी की भावना के अनुसार पिछले साढ़े चार साल से प्रति माह नियमित रूप से इन परिवारों को एक हजार रुपए की राशन सामग्री नियमित रूप से प्रदान की जाती है।

## कुचामनसिटी के हॉस्टल में 10वीं कक्षा की छात्रा ने की आत्महत्या

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शिक्षा नगरी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 15 वर्षीय छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार बीएसएनएल ऑफिस के पास स्थित एक हॉस्टल में 10वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा ने दोपहर को अपने कमरे में पंखे के हुक से कपड़े का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता हॉस्टल में रह रही अन्य छात्राओं को चला, जिन्होंने तुरंत वार्डन को इसकी सूचना दी। इसके बाद हॉस्टल संचालक ने परिजनों को सूचना दी। परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे और छात्रा को तुरंत कुचामन के राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा करवाया जाएगा। मृतका के पिता नानूराम जाट इस दुखद समाचार से पूरी तरह टूट गए हैं। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है, क्योंकि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस परिजनों और हॉस्टल में रहने वाली अन्य छात्राओं से पूछताछ कर रही है। आगे की कार्रवाई परिजनों की शिकायत और पोस्टमार्टम तथा अन्य जांच के आधार पर की जाएगी।

## तारानगर में होली व ईद पर्व को लेकर शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर होली व ईद पर्व को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मंगलवार को तारानगर के थाना परिसर में उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला की अध्यक्षता में शहर के शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई जिसमें कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, सीसीटीवी लगाने आदि पर चर्चा हुई। डीएसपी सांखला ने कहा त्यौहारों के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या हुड़दंग मचाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें यदि कहीं कोई गड़बड़ी दिखे तो तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करें ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके। थानाधिकारी गौरव खिडिया ने त्यौहारों के दौरान शान्ति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की एवं कहा सभी कस्बेवासी एक परिवार की तरह त्यौहार मनाये ताकि आसपास के क्षेत्र में अच्छा संदेश जाए। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिँह सांखला ने कहा बाजार में जिन जिन व्यापारियों ने सडक् पर सामान रखकर रास्तों को बाधित कर रखा वो अपना सामान सड़क से हटा लें नहीं तो प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

## एनआरडीडी स्पोटर्स मीट 2025 का समापन, कलेक्टर ने स्टेट टॉपर छात्र मोहित को लेपटॉप देकर किया पुरस्कृत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** नौरंगराम दयानंद ढूकिया शिक्षण संस्थान की वार्षिक स्पोर्टस मीट 2025 का समापन समारोह को सौहार्द के बीच खुबसूरती से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, असिसटेंट कमिश्नर स्टेट जीएसटी डॉ. प्रवीण पूनियां, जिला उप निदेशक आयुर्वेद विभाग जितेंद्र स्वामी, प्राचार्या नीतू न्यौला की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थान निदेशक दयानंद सिंह ढूकिया ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला कलेक्टर ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा छात्र—छात्राओं की छुपी हुई प्रतिभाओं का पता चलता है व नर्सिंग एक ऐसा व्यवसाय है। जो समाज की सेवा का मौका देता है व झुंझुनूं की महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है व नर्सिंग छात्र—छात्राएं हर जिले में सेवाएं प्रदान कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष सैनी ने बताया कि यह झुंझुनूं जिले का सबसे बड़ा नर्सिंग संस्थान है। जिसमें नर्सिंग के अलावा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। संस्थान सचिव डॉ. संदीप ढूकिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर द्वारा मेधावी छात्र—छात्राओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से स्टेट टॉपर छात्र मोहित को लैपटॉप, मोमेंटों व प्रशस्ति पत्र व अमनदयाल को सर्वोच्च खिलाड़ी का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र—छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्र—छात्राओं के द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा दर्शाया गया। एकेडमी डायरेक्टर सुनिता ढूकिया ने बताया कि खेलकूद व सांस्कृतिक साप्ताहिक कार्यक्रम का कैप्टन व अतिथियों के द्वारा मशाल बुझाकर कार्यक्रम का समापन किया गया व सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले छात्र—छात्राओं को सम्मानित किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने सभी गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों, छात्र—छात्राओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने किया। इस अवसर पर लालचंद ढूकिया, रणजीत ढूकिया, विकास ढूकिया, पीयूष ढूकिया, मधुर ढूकिया, शुभम ढूकिया व समस्त ढूकिया परिवार, मन्वय मांजू, सरपंच रोशन मांजू, संजय जाखड़, प्राचार्य विवेक त्रिपाठी व समस्त स्टाफ व छात्र—छात्राएं मौजूद रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी छह अप्रेल को लगेगी

**चिड़ावा।** कस्बे में 6 अप्रेल को एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिलेभर के 60 विद्यालयों द्वारा विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी की जाएगी। यह कार्यक्रम शेखावाटी परिवार और इसरो रजिस्टर्ड स्पेस ट्यूटर 'मिशन स्पेस एजुकेशन' के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, इसरो के पूर्व वैज्ञानिक और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथी, जीएसएलवी रॉकेट बनाने वाली टीम के कोर सदस्य प्रोफेसर आरआर एलनगोवन, नासा स्पेस एजुकेटर निधि जैन रहेंगे। कार्यक्रम में प्रथम स्थान के लिए 51 हजार रूपए, दूसरे स्थान के लिए 31 हजार रूपए, तीसरे स्थान के लिए 21 हजार रूपए दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागी विद्यालयों को इसरो रजिस्टर्ड 'स्पेस एजुकेशन मिशन' के सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। कार्यक्रम सोमरा मैरिज गार्डन में आयोजित होगा। जिसका समय सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क पुर्ननिर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि ने ग्राम घरड़ाना खुर्द से ग्राम ढाणी बाढान सड़क जगह जगह से टूट जाने के कारण आवागमन के योग्य न होने के कारण उसके पुनर्निर्माण के लिए अधीक्षण अभियंता झुंझुनूं व अधिशाषी अभियंता चिड़ावा सार्वजनिक निर्माण विभाग को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क का गारंटी पीरियड भी कभी का निकल चुका है। सड़क जगह जगह से खंडित हो चुकी है। आवागमन के योग्य बनाने के लिए सड़क का तुरंत पुनर्निर्माण करवाया जाए।

### गौवंश की सेवा के साथ रंगीलो फागणियो आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शेखावाटी में होली की मस्ती की छटा निराली ही होती है। इसको लेकर भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया कि चंग व धमाल के साथ फागणिये की मस्ती में लोग सरोकार रहते हैं। परंतु गौवंश की सेवा के साथ चंग व धमाल का मिश्रण हो और उसमें मातृ शक्ति का ही योगदान हो तो आयोजन अविस्मरणीय बन जाता है। समाजसेवी व शिक्षाविद् डॉ. भावना शर्मा के नेतृत्व में मातृशक्ति ने यह अनूठा आयोजन किया। झुंझुनूं नंदीशाला में नंदियों को भोग लगाकर होली की मस्ती में सरोकार हो गई। इस अवसर पर सपना राणासरिया, निर्मला ढंढारिया, प्रमोद टीबड़ा, सुशील शास्त्री, नीरजा मोदी, संतोष जालान श्री राणी सती दादी महिला मंडल की अध्यक्ष, सुनिता पंसारी मंत्री, मंजू झुंझुनूंवाला कोषाध्यक्ष व अनिता सैनी गोपी सत्संग मंडल टीम, संतोष बसावतिया झुंझुनूं, प्रतिभा शर्मा अलसीसर आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

### कोलसिया बैंक ऑफ बड़ौदा में मनाया महिला दिवस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कोलसिया।** कोलसिया स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं का सम्मान किया गया। महिला अधिकारी लीला चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विक्रम कस्वां, सरपंच कांता पारीक, प्रशांत आलड़िया, सुनील गोदारा, नवीन आदि मौजूद रहे।

### प्रगतिशील कुमावत समिति का होली स्नेह मिलन 16 मार्च को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिरोड़।** तीर्थराज राज लोहार्गल धाम में स्थित गणेश मंदिर प्रांगण में रविवार 16 मार्च को प्रगतिशील कुमावत समिति का स्नेह मिलन कार्यक्रम होगा। समिति के सचिव अमोलक पारमुवाल ने बताया कि हर वर्ष कि भांति होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज से नागरिक उपस्थित होकर आपस में एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं देंगे व समिति के आगामी योजनाओं पर चर्चा कि जाएगी तथा भगवान गणेश मंदिर में प्रसादी वितरण की जाएगी। समारोह का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा।

### फागोत्सव में खेली फूलों की होली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** कस्बे में राधा-रानी ग्रुप की ओर से फागोत्सव कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिलाओं ने कान्हा संग जमकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजनों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुति दी। जिससे कार्यक्रम में वृंदावन जैसा माहौल हो गया। वहीं फागोत्सव में कृष्ण और राधा रूप की सुंदर झांकी ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान सतीश सोनी, विशाल पंडित, दिनेश कुमार सहित अन्य कलाकारों द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रसाद वितरण किया गया। मंजुला रूंथला भगवान केशव के साथ कार्यक्रम में शामिल हुई। इस मौके पर भगवती मोयल, बबिता सोनी, नीतू जांगिड़, रेखा शर्मा, शारदा पारीक, संतोष तिवाड़ी, पूजा जांगिड़, मधु कच्छावा, कविता सोनी, माया सोनी, माया जांगिड़, मीनू जांगिड़, ममता सोनी, राजश्री शर्मा सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### श्याम बाबा का फागोत्सव मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** वार्ड नंबर एक के रामादेवी महर्षि भवन में श्याम बाबा का फागोत्सव मनाया गया। बाबा श्याम की आरती के समय फूलों से बरसात की गई। चूरमे का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान धमाल और राजस्थानी भजनों के साथ फागोत्सव मनाया गया।

### गुर्जर को राष्ट्रीय संगठन सचिव व कश्यप को राज्य समन्वयक राजस्थान बनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** आल इंडिया नेशनल अवार्डीज एशोसिएशन (आइना) की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। आइना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश गौतम ने झुंझुनूं के विकास गुर्जर खेतड़ी को राष्ट्रीय संगठन सचिव के पद पर और अजमेर से रविंद्र कश्यप रिटायर्ड रेलवे को राज्य समन्वयक पद पर नामित किया है। गुर्जर महामहिम राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के द्वारा 2015-16 में सम्मानित हुए है और स्काउट गाइड व सामाजिक क्षेत्र में अनेक बार जिला स्तर व राज्य स्तर पर सम्मानित हो चुके है और कश्यप 1988 में राष्ट्रपति आर वेंकटरमन से सम्मानित हुए है। कश्यप रेलव से रिटायर्ड है। इस अवसर पर आईना संस्थापक विपिन सोलंकी, राष्ट्रीय समन्वयक राशिद जुनैद, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अम्बिका बहल, बिहार राज्य समन्वयक रहमतुल्लाह, गोलू शर्मा, लक्ष्मी तिवारी, रवि जादम, डॉ. सर्वेश तिवारी आदि ने शुभकामनाएं दी।

### रामस्वरूप चाहर बना श्री राष्ट्रीय वीर जाट सेना के उपाध्यक्ष बने

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुढ़ागोड़जी।** श्री राष्ट्रीय वीर जाट सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामस्वरूप चाहर को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। रामस्वरूप चाहर वर्ष 2007 से 2011 तक झुंझुनूं जिले कि छात्र राजनीति में भी सक्रिय रहे हैं। छात्र-छात्राओं के लिए आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। सरकारी कॉलेज खोलने, कॉलेजों में फीस वृद्धि के खिलाफ, एनसीसी लागू करने, कॉलेजों में सीटें बढ़ाने सहित अनेक मांगों को लेकर संघर्ष किया। चाहर की नियुक्ति पर युवा नेता जेपी महला, उदयपुरवाटी के पूर्व उप प्रधान सुमन स्वामी, पूर्व सरपंच गुढ़ा बावनी दारासिंह, युधिष्ठिर स्वामी, महेंद्र सिंह चाहर, महेंद्र सिंह रेप्सवाल गुढ़ागौड़जी, वीरेंद्र खेतड़ी, अनूप झाझड़िया झुंझुनूं, सुरेश चौधरी चिड़ावा, मनोज मंडावा, विकास चौधरी बुहाना, विनोद, रामचंद्र सूरजगढ़, प्रतीक मान सिंघाना, नवल सिंह, रक्षित, सुनिल, रणजीत सिंह जाखल नवलगढ़ आदि ने बधाई दी है।

---

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सानोली गांव में परशुराम मंदिर द्वार का किया उद्घाटन

# गांव के विकास और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द शुरू किए जाएंगे 4-4 पंचायतों के दौरे : यादव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**अलवर।** केन्द्रीय वन पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के गांव सानोली में परशुराम मंदिर द्वार और कुश्ती दंगल में हॉल का उद्घाटन किया। इस मौके पर भूपेन्द्र यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार राजस्थान के विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने का काम करेगी। भूपेंद्र यादव ने परशुराम मंदिर द्वार और हॉल का निर्माण करने वाले भामाशाहों को धन्यवाद दिया और मंदिर परिसर की चार दीवार करने की भी घोषणा करते हुए ग्रामीणों की मांग पर मंदिर से कोलीला जोगा तक सड़क बनाने का आश्वासन दिया। भूपेंद्र यादव ने मेले के दौरान आयोजित होने वाले कुश्ती दंगल में पहलवानों के लिए ट्रेनिग सेंटर बनाने और कुश्ती को आगे बढ़ाने की भी बात कही। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि अकेला व्यक्ति बहुत कुछ नहीं कर सकता लेकिन टीम उसके साथ लगे तो सब कुछ हो जाता है और में बड़ा सौभाग्यशाली हु एक अच्छी टीम मेरे साथ है। उन्होंने कहा कि अलवर लोकसभा क्षेत्र में 391 पंचायते हैं और इसी महीने से चार-चार पंचायतों को मिलाकर एक कार्यक्रम किया जायेगा। जिसमे गांवों के विकास और ग्रामीणों की समस्या सुन कर उनका समाधान किया जायेगा। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट लेकर जिले में अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें करीब 20 हजार बच्चों ने हिस्सा लिया इस खेल उत्सव को आगे भी जारी रखा जाएगा। भूपेंद्र यादव ने कहा कि अलवर सरस डेयरी के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवा दो सौ करोड़ रुपए का बजट दिया है, जल्द ही नई तकनीकी वाली मशीन लगाई जाएगी। ईआरसीपी योजना को लेकर उन्होंने कहा कि चंबल का पानी जब अलवर में आएगा तो जयसमंद बांध और ढड़ीकर में बड़ा रिजर्व वाटर बांध बनने की तैयारी हो गई है उसे भरकर नीमराना में बड़े रिजर्व वाटर बांध में आएगा। इससे पूर्व भूपेंद्र यादव का जाट बहरोड के सरपंच प्रतिनिधि अशोक यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, मुंडावर पूर्व विधायक मनजीत चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तर हवा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दक्षिण अशोक गुप्ता, अंजली यादव, इंदर सिंह यादव सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

---

## राजेंद्र सिंह शेखावत की पदोन्नति पर विदाई समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** महिला अधिकारिता विभाग झुंझुनूं में संरक्षण अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत के पदोन्नति होकर सहायक निदेशक बनकर चूरू पदस्थापन होने पर उनका विदाई समारोह मंगलवार को विभागीय जिला कार्यालय में आयोजित हुआ। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक विजेंद्र सिंह राठौड़, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा पूनियां ने भी अपने संबोधन में राजेंद्र सिंह के कार्यकाल की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान सीडीपीओ मंजुलता मील, मनोज कुमार स्वामी, गोविंद सिंह, शारदा, रेखा समेत अनेक विभागीय कार्मिकों अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### सफाई कर्मचारियों के संग होली खेली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** नगर पालिका गार्डन में मंगलवार शाम को फाल्गुनी धमाल के साथ चंग की थाप पर चेयरमेन सुरेंद्र सैनी व ईओ नवनीत कुमावत कर्मचारियों के साथ जमकर थिरके। जहां स्थानीय कलाकारों समा बांधा। वहीं सफाई कर्मचारियों को चावल, शक्कर, दाल वितरित कर होली की बधाई दी। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों बगैर कोई भी उत्सव हो सफल नहीं हो पाता। क्योंकि यह हर दिन शहर को साफ रखने में अपना योगदान रखते है। इसलिए सभी को इनका सम्मान करना चाहिए।

---

## सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड क्षेत्र के गांव कांसौटी खेड़ा में मंगलवार को समुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य किशोर किशोरियों को एफएलएन के सेशन देना एवं जीवन कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उन्हें आगे रोजगार के अवसर दिलाना और नई-नई चुनौतियों से सामना करने में सक्षम बनाना है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष एवं मानव अधिकार फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष वंदना शिवहरे एवं गांव के सरपंच ममता देवी उपस्थित रही,जिन्होंने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र हमारे समाज में रोजगार और शिक्षा के नए अवसर पैदा करेगा और लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के द्वारा चलाए जा रहे प्रोग्राम की काफी सराहना की और उन्होंने बताया कि यह बच्चों के विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है यह समुदाय में हो रही बुराइयों को भी खत्म करता है एवं बच्चों और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करता है,ऐसी पहल हमें करनी चाहिए और भविष्य में इस तरह की योजनाओं का लाभ भी उठाना चाहिए। इस केंद्र में उद्घाटन समारोह में नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे सरपंच ममता देवी,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राधा मीणा,स्कूल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह मैजिक वस इंडिया फाउंडेशन से अकादमी प्रशिक्षक सीमा सोनी शिक्षक आंगनवाड़ी एएनएम स्थानीय लोग,गणमान्य व्यक्ति और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

---

## देश की संस्कृति सिखाती है कि स्वयं के विकास के साथ ही समाज का भी विकास होना चाहिए : कुलकर्णी

### जैविक, बीज, डेयरी और पशुपालन के पदाधिकारियों का अभ्यास वर्ग सम्पन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**जयपुर।** भारतीय किसान संघ का दो दिवसीय जैविक,बीज, डेयरी और पशुपालन के पदाधिकारियों का अभ्यास वर्ग मंगलवार को सम्पन्न हुआ । भारतीय किसान संघ के सह प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉ.लोकेश कुमार चन्देल ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में प्रदेश भर से सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने कहा है कि हमारे देश की संस्कृति किसानों को सिखाती है कि किसान का स्वयं के विकास के साथ-साथ समाज का भी विकास होना चाहिए, इसलिए हमें समाज को साथ लेकर नेतृत्व करना चाहिए। कुलकर्णी ने कहा कि आज परिवर्तन हो रहा है, इसलिए किसानों को भी परिवर्तन से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मंजू दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान,प्रदेश महामंत्री तुलछाराम सिवर, जयपुर प्रांत महामंत्री डॉ.सांवरमल सोलेट, प्रदेश प्रचार प्रमुख राजीव दीक्षित आदि मौजूद थे।

---

नागरिक सेवाओं को डिजिटल रूप में सशक्त बनाने का प्रयास

## 'सिटीजन यूडीएच पोर्टल' पर अलवर शहर का मास्टर प्लान लॉन्च

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** नगर विकास न्यास अलवर ने शहरी प्रशासन और नागरिक सेवाओं को डिजिटल रूप में सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत 'सिटीजन यूडीएच पोर्टल' पर अलवर शहर का मास्टर प्लान लॉन्च किया है। नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि यह पोर्टल राज्य के एकीकृत जीआईएस सिस्टम 'राजधरा' का उपयोग करके नागरिकों को भू-उपयोग (लैण्ड यूज) की जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि अब अलवर शहर के निवासी मास्टर डवलपमेंट प्लान-2031 के अनुसार किसी भी स्थान के भू-उपयोग की जानकारी यूआईटी की वेबसाइट पर जाकर डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकेंगे, जिसमें मास्टर प्लान के भू-उपयोग, खसरों की स्थिति, क्षेत्रफल, गूगल लोकेशन इत्यादि की जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। जिसमें नागरिकों को न्यास कार्यालय के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने होंगे एवं भूमि की स्थिति की जानकारी स्वयं के स्तर पर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा नागरिक इस पोर्टल के माध्यम से पुलिस थाना क्षेत्र और विधानसभा क्षेत्र जैसी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

---

## सीडीईओ ने कहा, अब महज 10 दिन, शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करें

### शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**झुंझुनूं।** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक जारी सभी प्रकार की बजट राशि के व्यय एवं शेष राशि पर विस्तृत चर्चा करने के लिए स्काउट गाइड कार्यालय स्थित सभा भवन में एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनुसूईया ने संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के अब मात्र पंद्रह दिन बचे हैं। जिनमें से मुश्किल से दस कार्य दिवस उपलब्ध रहेंगे। इसलिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी इस प्रकार से योजना बनाएं कि परिषद द्वारा जारी की गई समस्त गतिविधियों से संबंधित राशि का शत प्रतिशत व्यय किया जा सके। उन्होंने बताया कि कुछ ब्लॉक्स की प्रगति बहुत कम है। जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है। एपीसी कमलेश तेतरवाल ने समसा के समस्त कम्पोनेंट्स की समस्त गतिविधियों की एक-एक कर चर्चा करते हुए सभी ब्लॉकों के द्वारा अब तक व्यय की गई राशि तथा शेष राशि के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बीस मार्च के बाद अगर राशि शेष रहेगी तो किसी भी समय राशि वापस ली जा सकती है। इसलिए सभी प्रयास करके 20 मार्च तक राशि को खर्च कर दें। राशि खर्च नहीं होने पर उपलब्ध राशि के अगले वित्तीय वर्ष में स्पिल ओवर होने की कोई गुंजाइश नहीं है। यदि किसी भी संस्था प्रधान द्वारा या ब्लॉक में राशि खर्च कर दी है व बिल वाउचर बना लिए हैं लेकिन एसएनए से राशि नहीं उठाई है तो फिर वह भुगतान इकतीस मार्च के बाद किसी भी सूरत में नहीं हो सकेगा। एपीसी राजबाला ने पीएमश्री व व्यावसायिक शिक्षा पर चर्चा करते हुए आवंटित बजट को शीघ्र खर्च करने के लिए आग्रह किया। पीओ रामचंद्र यादव ने गत माह की मीटिंग व अब तक की प्रगति से अवगत करवाया। पीओ मुकेश लांबा ने बालिका शिक्षा व मनोज झाझड़िया ने प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की तथा बलवीर हुड्डा ने सामुदायिक गतिशीलता, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के बारे में प्रगति से अवगत करवाया।

---

## शहर के ऐतिहासिक श्रीबारहभाई मेले की तैयारी जारी, सभी समाजों को दिया निमंत्रण

### हरिजन समाज के पदाधिकारियों का बैठक में हुआ सम्मान, सौंपी जिम्मेदारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के ऐतिहासिक 167 वर्ष पुराने श्रीबारहभाई मेले को लेकर अब तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोमवार की शाम शहर के पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में समाज को मेले में आने का निमंत्रण दिया गया। वहीं हरिजन समाज के पदाधिकारियों का मेला बैठक में विशेष सम्मान हुआ और उन्हें मेले से जुड़ी विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। श्रीबारहभाई मेला कमेटी के महामंत्री पवन चंसौरिया ने बताया कि यह मेला पूरे शहर का है,जो कई पीढ़ियों की विरासत को संजोए हुए है। इसमें सभी समाजों और 36 कोमो का योगदान रहता है। मेले में शहर के बड़े दुकानदार से लेकर ठेल-ढकेल वाले तक अपना आर्थिक सहयोग देते हैं। जिसके लिए मेला कमेटी के पदाधिकारी पिछले कई दिनों से चंदा एकत्रित कर रहे हैं। वही मेला आयोजन को लेकर सोमवार की शाम पूर्व सूबेदार एवं पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुकेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें हरिजन समाज के कमल वाल्मिकी एवं अन्य पदाधिकारी का स्वागत और सम्मान किया गया। समाज के लोगों को मेले से जुड़ी अहम जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। कमल वाल्मिकी ने बताया कि हरिजन समाज पूरे तन,मन और धन से मेले में सहयोग करेगा और मेले को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जाएगा। मेला बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष सतीश प्रजापति,पूर्व शिक्षाविद रामकुमार मीणा, कम्पोटर गुर्जर,सुनील कोठारी, शीशराम गुर्जर, संजू ठाकुर,तेजू पाराशर,सुरेश चंसौरिया, राजेंद्र गर्ग, अनिल गोयल,अश्वनी कुमार,लप्पू मेडिकल, मुकेश बंसल, रवि शर्मा, आसाराम पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

---

## निर्माण श्रमिकों की मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**झुंझुनूं।** भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि, राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन के राज्य समिति सदस्य कामरेड राजबीर कुलड़िया, झुंझुनूं जिलाध्यक्ष कामरेड शीशराम गोठवाल, झुंझुनूं जिला महामंत्री कामरेड मनफूल सिंह रायपुर जाटान, कामरेड नरेंद्र सिंह व कामरेड दलीप कुमार ने जिला श्रम कल्याण अधिकारी झुंझुनूं की अनुपस्थिति में जिला श्रम कल्याण अधिकारी के नाम श्रम निरीक्षक प्रशांत झाझड़िया को ज्ञापन देकर निर्माण मजदूरों के नए पंजीयन कार्डों व नवीनीकरण के लिए अपलोड किए गए। पंजीयन कार्डों को जारी करने, एक वर्ष से ज्यादा समय से शिक्षा सहायता (छात्रवृत्ति) के आवेदन पत्रों को जांचकर तुरंत भुगतान करने की मांग की। राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन निर्माण मजदूरों की मांगों का समाधान न होने पर जिला कमेटी की बैठक बुलाकर अप्रेल माह में अनिश्चितकालीन पड़ाव डालने का निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा।

## सुविचार

जिस व्यक्ति में सफलता के लिए आशा और आत्मविश्वास है, वही व्यक्ति उच्च शिखर पर पहुंचते हैं।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### अवैध अप्रवास पर कसेगा शिकंजा

घुसपैठ और अवैध अप्रवास रोकने के मकसद से लोकसभा में मंगलवार को अप्रवासन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया है। अमित शाह की तरफ से गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि किसी को देश में आने से रोकने के लिए यह बिल नहीं लाया गया है बल्कि इस बिल का मकसद है कि जो भी विदेशी भारत आएं वे यहां के नियमों का पालन करके ही आएं। इस विधेयक का मकसद भारत के इमिग्रेशन नियमों को मॉडर्न बनाना और उन्हें मजूबत करना है। यह बिल भारत में दाखिल होने और यहां से बाहर जाने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या बाकी यात्रा दस्तावेजों की जरूरतों और विदेशियों से संबंधित मामलों को रेगुलेट करने की शक्तियां केंद्र सरकार को देगा। इनमें वीजा और रजिस्ट्रेशन की जरूरत और उससे संबंधित मामलों को शामिल किया गया है। इमिग्रेशन से जुड़ा यह विधेयक देश की सुरक्षा के लिहाज से काफी अहम है। इस विधेयक में कानूनी स्थिति साबित करने की जिम्मेदारी राज्य के बजाय व्यक्ति पर डाल दी गई है। यह विधेयक स्पष्ट रूप से भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता या अखंडता के लिए खतरा माने जाने वाले किसी भी विदेशी नागरिक के प्रवेश या निवास पर पाबंदी लगाता है। साथ ही अनिवार्य करता है कि सभी विदेशी आगमन पर रजिस्ट्रेशन करें और उनकी आवाजाही, नाम परिवर्तन और संरक्षित या प्रतिबंधित क्षेत्रों में उनकी एंट्री पूरी तरह बैन हो। इसके अलावा, शैक्षणिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों और नर्सिंग होम जैसी संस्थाओं को इमिग्रेशन ऑफिसर को विदेशी नागरिकों की मौजूदगी की जानकारी देनी पड़ेगी। प्रस्तावित कानून में इमिग्रेशन नियमों के उल्लंघन के लिए सख्त सजा का भी प्रावधान किया गया है। वैध पासपोर्ट या वीज़ा के बिना भारत में अवैध रूप से एंट्री करने पर पांच साल तक की कैद और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। जाली दस्तावेज़ों का इस्तेमाल करने वालों को दो से सात साल तक जेल और एक लाख रुपए से 10 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। निर्धारित समय से अधिक समय तक रहना, वीज़ा शर्तों का उल्लंघन करना या प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करने जैसे अपराधों के लिए तीन साल तक की कैद, 3 लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बिना उचित दस्तावेज के व्यक्तियों को लाने-ले जाने वाले ट्रांसपोर्ट को भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन पर 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है और भुगतान न करने पर उनके वाहन जब्त किए जा सकते हैं। ऐसे मामलों में जहां किसी विदेशी को प्रवेश से वंचित किया जाता है, ट्रांसपोर्टर पर उनके तत्काल प्रस्थान को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी। विधेयक में आव्रजन अधिकारियों को ज्यादा शक्तियां भी दी गई हैं, जिसमें बिना वारंट के व्यक्तियों को गिरफ्तार करने का अधिकार तक शामिल है।

### प्रधानपति की छाया से मुक्ति को

# महिला जनप्रतिनिधियों की एकता जरूरी



**मनोज वार्ष्णेय**

पंचायती राज व्यवस्था के तहत 35 फीसदी से 50 फीसदी तक सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं ताकि महिलाएं ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपने समुदाय का नेतृत्व करें। लेकिन दुर्भाग्य से यह लोकतांत्रिक उद्देश्य ज्यादातर जगहों में 'प्रॉक्सी सरपंच' या 'सरपंच पति' के चक्रव्यूह में फंसकर रह गया है। सवाल है इस चक्रव्यूह से महिला नेतृत्व का उद्देश्य कैसे मुक्त हो?, देश की आजादी को आगामी 2047 में सौ वर्ष पूरे हो जाएंगे। हमने 15 अगस्त 2023 को आजादी का अमृत महोत्सव मनाया था। लेकिन देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं, आज भी अपने पतियों की छाया से मुक्ति के लिए छटपटा रही हैं। ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, नगर निगमों, विधानसभा तथा लोकसभा जहां पर भी महिलाएं प्रतिनिधित्व का दायित्व निभा रही हैं, वहां वे आमतौर पर नामामात्र की प्रतिनिधि बनकर रह गई हैं।



इमेज

दरअसल उनके राजनैतिक प्रतिनिधित्व क्षेत्र में अभी भी उनके पतियों का ही वर्चस्व है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति सरपंच और पार्षद के पदों पर है। आमतौर पर इन पदों पर महिलाओं की स्थिति 'पति सरपंच' और 'पति पार्षद' की होकर रह गई है। कहने का मतलब यह कि कागजों में तो इन पदों पर महिलाएं हैं, लेकिन हकीकत में इन पर पति ही काबिज हैं। देश के लोकतंत्र में महिला नेतृत्व को शक्ति देने के लिए हाल में केंद्र सरकार द्वारा गठित एक समिति ने जो रिपोर्ट दी है, वह बताती है कि यह स्थिति कितनी जटिल है। यह स्थिति महज नकली जनप्रतिनिधित्व की ही नहीं है बल्कि स्त्री सशक्तीकरण में भी यह स्थिति बाधा बन रही है। महिला जनप्रतिनिधियों के कार्यों में हस्तक्षेप करने तथा उनके नाम पर पतियों व परिजनों द्वारा रिश्वत, राजनीति करने जैसे आरोपों के बाद लंबे समय से इस बात पर बहस हो रही है कि महिलाओं को स्वतंत्र होकर कब काम करने दिया जाएगा? वह भी आज की स्थिति में जब हर क्षेत्र में महिला आरक्षण मौजूद है। सुप्रीम कोर्ट के कहने पर पंचायती राज मंत्रालय ने वर्ष 2023 के सिंतबर माह में एक समिति बनाई, इसका काम था कि यह प्रधानपति जैसी कुप्रथा की जांच करेगी। एक वर्ष से अधिक समय तक जांच के बाद समिति ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है, इसमें कहा गया है कि महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रशिक्षण दिए जाने की जरूरत है। रिपोर्ट की जो खास बात है, वह यह है कि इसमें प्रशिक्षण के लिए मैनेजमेंट, आईआईटी जैसे दक्ष संस्थानों के साथ ही महिला विधायकों-सांसदों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। समिति ने भारत सरकार के पूर्व खान सचिव सुशील कुमार की अध्यक्षता में देश के 14 राज्यों में जाकर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इसमें जो सबसे महत्वपूर्ण उपाय इस कुप्रथा को खत्म करने के लिए सुझाया गया है, वह यह है कि महिला जनप्रतिनिधि के काम में हस्तक्षेप करने वाले उनके पति या दूसरे रिश्तेदार-संबंधियों को दंडित किया जाए। समिति ने जो अनेक सुझाव दिए हैं उनमें प्रॉक्सी नेतृत्व के विषय में गोपनीय शिकायतों के लिए एक हेल्पलाइन, महिला निगरानी समिति बनाने, सत्यापित मामलों में अनुकरणीय दंड, महिला लोकपाल की नियुक्ति, कानूनी सलाह, सहायता नेटवर्क के अतिरिक्त रीयल टाइम कानूनी और शासन का मार्गदर्शन दिलवाने की बात हैं। सामजिक अपराधियों को पकड़वाने में जैसे पुलिस की सहायता मुखबिर करते हैं, उसी तरह इस कुप्रथा को रोकने के लिए भी मुखबिर प्रणाली को प्रमुखता देने की बात कही गई है। आंकड़ों में देखें तो देश की 2.63 लाख पंचायतों में, 15.03 लाख महिला जनप्रतिनिधि हैं अर्थात 46.6 प्रतिशत महिलाओं के प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्र में वह सशक्त होकर अभी भी निर्णय नहीं ले पा रही हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ये सब वे प्रदेश हैं, जहां पर महिलाओं के कामकाज में हस्तक्षेप के सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। एक चिंतनीय पहलू यह भी है कि पत्नी के कामकाज में दखल के बाद सरकारी काम में भ्रष्टाचार होने पर सजा पति को कम, महिला प्रतिनिधि को अधिक मिलती है और सामाजिक तानेबाने में- 'महिला है यह क्या करेगी का ताना भी उसे ही सहन करना पड़ता है'। इससे बड़ी कोई शर्मनाक बात नहीं हो सकती कि पत्नी की क्षमताओं को पति ही छाया प्रतिनिधि बनकर धूमिल कर रहे हैं। महिला प्रधानों की दशा-दिशा पर इसी मार्च में फिल्म 'असली प्रधान कौन?' का प्रीमियर रिलीज हुआ है। इसमें प्रधानपति सरीखी कुप्रथा पर जमकर चोट की गई है और अपने जमाने की सशक्त तथा बोल्ड अभिनेत्री नीना गुप्ता ने इसमें मजबूती के साथ मुख्य किरदार निभाकर वास्तविकता पेश की है। कहा जा सकता है कि केंद्र सरकार की रिपोर्ट, असली प्रधान कौन? फिल्म तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की पहल पर पहली बार वृंदावन में 'विधवा की होली' इस प्रथा को खत्म करने में मील का पत्थर सिद्ध होगी। जब विधावाओं को सामाजिक धारा में शामिल करने, सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए होली खेलने जैसा कार्यक्रम आयोजित हो सकता है, तो कोई कारण नहीं है कि जनता द्वारा चुने जाने के बाद महिला प्रतिनिधि अपने पति और परिजनों की राजनैतिक दखल की छाया से नहीं निकल सकतीं। देश की राजनीति से ही सबक लिया जाए तो आज हमारी वित्तमंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, देश की राष्ट्रपति जैसे पदों पर महिलाएं पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं तथा उनके निर्णय समाज को एक दिशा दे रहे हैं। सोलो ट्रैवेल महिलाएं पूरी दुनिया में कर रही हैं, आजादी के बाद कितनी महिलाएं एवरेस्ट जैसी चोटी को फतह कर चुकी हैं, यहां तक कि अंतरिक्ष में भी कल्पना चावला ने बता दिया है कि अगर हिम्मत और कुछ कर गुजारने की सोच लिया जाए तो महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। ऐसी हालत में 'प्रधान पति'-'सरपंच पति' की छाया से बाहर निकलने के लिए महिलाओं को खुद ही विरोध का स्वर ऊंचा करना होगा। कोई वजह नहीं है कि हर क्षेत्र में मातृशक्ति का प्रदर्शन करने वाली महिलाएं, पंचायतों को पुरुषों से कम गवर्न कर सकें। हाल में मनाए गए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम भी-इस कार्रवाई में तेजी लाना थी। मतबल यह कि सभी महिलाओं-लड़कियों के लिए अधिकार, समानता और सश्क्तीकरण के लिए तेजी से काम करना। एक अध्ययन में पाया गया है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और असम जैसे राज्यों में महिला प्रधान पंचायत से संबंधित गतिविधियों में ज्यादा रुचि नहीं लेती थीं, जबकि अरुणाचल प्रदेश और केरल जैसे कुछ राज्यों में महिला प्रधान अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करती थीं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि पंचायतों में महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। उदाहरण के तौरपर, केरल में सरकारी स्तर पर कुटुंबश्री पहल संचालित की जा रही है।

## पंचांग

बुधवार, 12 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - फाल्गुन |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - त्रयोदशी 09.13 तक |
| वार | - बुधवार |
| नक्षत्र | - मघा 28.06 तक |
| योग | - सुकर्मा 13.00 तक |
| करण | - गर 21.51 तक |
| सूर्योदय | - 06.51 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.46 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.53 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.48 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - सिंह |
| अभिजित् मुहूर्त | - नहीं |
| राहु काल | - 12.48 से 14.18 |
| व्रत, त्यौहार | - रवियोग 28.06 तक |
| दिशा शूल | - उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### वनवास के दौरान यहां मां सीता ने बनाया था भोजन!

छत्तीसगढ़ को भगवान राम का ननिहाल माना जाता है। मान्यता है कि माता कौशल्या का जन्म यहीं हुआ था। इस ऐतिहासिक महत्व के कारण यह प्रदेश प्रभु श्री राम से विशेष रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि भगवान राम ने अपने 14 सालों के वनवास के दौरान छत्तीसगढ़ के भरतपुर विकासखंड स्थित ग्राम हरचौका में चार महीने बिताए थे। वनवास काल में श्री राम के यहां रुकने के कारण सीतामढ़ी हरचौका पूरे भारत में प्रसिद्ध है। त्रेतायुग में जब भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण अयोध्या से वनवास के लिए निकले, तो उन्होंने भारत के कई वन क्षेत्रों में समय बिताया। इसी यात्रा के दौरान वे छत्तीसगढ़ पहुंचे और भरतपुर नगर पंचायत के हरचौका में मवई नदी के तट पर रुके। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने वनवास के लगभग चार महीने यहीं बिताए थे। स्थानीय मान्यता के अनुसार, वनवास के दौरान भगवान राम का पहला पड़ाव छत्तीसगढ़ ही था। यहीं पर माता सीता ने अपने हाथों से भोजन बनाया और भगवान राम और लक्ष्मण के साथ उसे ग्रहण किया। इसलिए इस स्थान को 'सीता की रसोई' के नाम से भी जाना जाता है। सीतामढ़ी हरचौका की एक प्रमुख विशेषता, यहां स्थित एक प्राचीन गुफा है। इस गुफा में कुल 17 कक्ष हैं, जिन्हें सीता माता की रसोई कहा जाता है। इस गुफा के भीतर 12 शिवलिंग स्थापित हैं, जिनकी पूजा भगवान राम ने स्वयं अपने वनवास के दौरान की थी, ऐसा माना जाता है। सीता माता की रसोई वाला यह स्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित है। मवई नदी का एक तट मध्य प्रदेश में और दूसरा तट छत्तीसगढ़ में आता है। स्थानीय लोग मवई नदी के जल को गंगाजल के समान पवित्र मानते हैं, क्योंकि मान्यता है कि माता सीता ने इस नदी में स्नान किया था, जिससे इसका जल गंगा की तरह पवित्र हो गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, राम वनगमन पथ के 248 महत्वपूर्ण स्थलों में से सीतामढ़ी हरचौका भी एक है। यह छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां सरकार द्वारा राम वनगमन पर्यटन मार्ग विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। यह क्षेत्र न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित होने की अपार संभावनाएं रखता है।

## तारीख विशेष

### दांडी मार्च

दांडी मार्च से अभिप्राय उस पैदल यात्रा से है, जो महात्मा गांधी और उनके स्वयं सेवकों द्वारा 12 मार्च, 1930 ई. को प्रारंभ की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य था- "अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए 'नमक क़ानून को तोड़ना'।" गांधी जी ने अपने 78 स्वयं सेवकों, जिनमें वेब मिलर भी एक था, के साथ साबरमती आश्रम से 358 कि.मी. दूर स्थित दांडी के लिए प्रस्थान किया। लगभग 24 दिन बाद 6 अप्रेल, 1930 ई. को दांडी पहुंचकर उन्होंने समुद्रतट पर नमक क़ानून को तोड़ा। महात्मा गांधी ने दांडी यात्रा के दौरान सूरत, डिंडौरी, वांज, दमण के बाद नवसारी को यात्रा के आखिरी दिनों में अपना पड़ाव बनाया था। यहां से कराडी और दांडी की यात्रा पूरी की थी। नवसारी से दांडी का फासला लगभग 13 मील का है। वल्लभभाई पटेल की इच्छा थी कि 1930 में हुई गांधी जी की गिरफ्तारी के विरोध में जनता उसका मुंहतोड़ जवाब दे। सत्याग्रहियों से जेल भर जाएं। टैक्स के भुगतान के बिना शासन की कार्यप्रणाली ठप्प हो जाए। इस संबंध में जब उन्होंने खेड़ा ज़िले के रास ग्राम में लोगों के आग्रह पर भाषण करना शुरू किया, तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 9 मार्च, 1930 को रविवार का अवकाश होने के बाद भी मजिस्ट्रेट ने अदालत खुली रखकर सरदार पटेल को 3 माह की सज़ा सुनाई। साबरमती जेल जाते हुए गांधी जी के दर्शन कर उन्होंने उनका आशीर्वाद लिया। 9 मार्च, 1930 को ही गांधी जी ने लिखा कि "इसमें संदेह नहीं कि यदि गुजरात पहल करता है, तो पूरा भारत जाग उठेगा।" इसलिए 10 मार्च को अहमदाबाद में 75 हज़ार शहरियों ने मिलकर सरदार पटेल को हुई सज़ा के विरोध में लड़ने की प्रतिज्ञा की। प्रार्थना पूरी करने के बाद जब सभी लोग यात्रा की तैयारी कर रहे थे, इस बीच अपने कमरे में जाकर गांधी जी ने थोड़ी देर के लिए एक झपकी ली। लोगों का सैलाब आश्रम की ओर आ रहा था। तब सभी को शांत और एकचित्त करने के लिए खरे जी ने 'रघुपति राघव राजाराम' की धुन गवाई। अहमदाबाद के क्षितिज में मंगलप्रभात हुआ, भारत की ग़ुलामी की जंजीरें तोड़ने के लिए भागीरथ प्रयत्न शुरू हुए। 12 मार्च को सुबह 6.20 पर वयोवृद्ध 61 वर्षीय महात्मा गांधी के नेतृत्व में 78 सत्याग्रहियों ने यात्रा शुरू की।

### होली आते ही पूरब से पश्चिम तक

# झरने लगती 'गीतों की मस्ती'

**लोकमित्र गौतम**

ब्रज, अवधी, भोजपुरी और मैथिली भाषाओं और बोलियों को तो मानो पूरे साल फागुन का ही इंतजार रहता है। फागुन की प्रतिपदा से ही इन इलाकों में फाग और रसिया गीतों का श्री गणेश हो जाता है जो होली के बाद चौत्र माह की पापमोचनी एकादशी तक चलते हैं। इस दिन जाकर ढोल मजीरे रखे जाते हैं। देश के ब्रज क्षेत्र (उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से) में होली पर विशेष रूप से राधा-कृष्ण के प्रेम और उनके रंग-रास को चित्रित करने वाले ये फाग और रसिया गीत प्रसिद्ध हैं- 'खेलत हरी संग सकल ग्वालन, रंग गुलाल उड़ाय रे।', 'उड़े गुलाल लले लाल रे, रसिया खेले होली।', जबकि भोजपुरी में 'फगुआ में हरजाई भउजी, भौजी के भैया बिगड़लन।', "जोगीरा सा रा रा रा, अरे फगुआ में सब खेलें फगुआ।' अवधी और भोजपुरी मिश्रित अवधी में गूंजते हैं, 'होली खेलें रघुवीरा अवध में..', 'खेले मसाने में होली दिगंबर, खेले मसाने में होली।' राजस्थान के मेवाड़ इलाके में मांड और गोरबंद लोकशैलियों गूंजते हैं- 'गोरी का छेड़ो रे मारी रे पिचकारी, रंग रंगीलो माथे री चूनर।' पंजाबी लोकगीतों में होली के उल्लास को भांगड़ा और गिद्दा से जोड़ा जाता है। 'होली है आई रे, आई रे, सब रंग विच खो जाणा।'

इमेज

होली की मस्ती रसभरे रसिया और शरारत भरे फगुआ गीतों का पर्याय होती है। वैसे भी कहते हैं, 'उल्लास में होठों से कविता फूट ही पड़ती है।' इसलिए यह संयोग नहीं है कि फागुन की आहट पाते ही यूपी बिहार से, गुजरात महाराष्ट्र तक और पंजाब-हरियाणा से सुदूर केरल-तमिलनाडु तक हवा में रंग-बिरंगे-बिरंगे शब्दों की मस्ती झरने लगती है। हवा में मादकता भरने लगती है और भावनाएं अंगड़ाई लेने लगती है। चूंकि किसी न किसी रूप में होली की मस्ती समूचे भारत में देखने को मिलती है, भले इनके नाम अलग अलग हों,जश्न के तरीके अलग अलग हों, लेकिन कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हर जगह होली मनाई जाती है और हर जगह होली की इस मस्ती को वहां की स्थानीय भाषा और साहित्य में भरपूर अठखेलियां करते देखा जाता है। इसीलिए भारत में किसी भी त्यौहार के मुकाबले होली का साहित्य सबसे समृद्ध है। इसीलिए फागुन शुरू होते ही हवा में होली के विशेष फाग गीत सरसराने लगते हैं।

**उत्तर भारत में उमगते रसिया और फाग**

ब्रज, अवधी, भोजपुरी और मैथिली भाषाओं और बोलियों को तो मानो पूरे साल फागुन का ही इंतजार रहता है। फागुन की प्रतिपदा से ही इन इलाकों में फाग और रसिया गीतों का श्री गणेश हो जाता है जो होली के बाद चौत्र माह की पापमोचनी एकादशी तक चलते हैं। इस दिन जाकर ढोल मजीरे रखे जाते हैं। देश के ब्रज क्षेत्र (उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से) में होली पर विशेष रूप से राधा-कृष्ण के प्रेम और उनके रंग-रास को चित्रित करने वाले ये फाग और रसिया गीत प्रसिद्ध हैं- 'खेलत हरी संग सकल ग्वालन, रंग गुलाल उड़ाय रे।', 'उड़े गुलाल लले लाल रे, रसिया खेले होली।', जबकि भोजपुरी में 'फगुआ में हरजाई भउजी, भौजी के भैया बिगड़लन।', "जोगीरा सा रा रा रा, अरे फगुआ में सब खेलें फगुआ।' अवधी और भोजपुरी मिश्रित अवधी में गूंजते हैं, 'होली खेलें रघुवीरा अवध में..', 'खेले मसाने में होली दिगंबर, खेले मसाने में होली।' राजस्थान के मेवाड़ इलाके में मांड और गोरबंद लोकशैलियों गूंजते हैं- 'गोरी का छेड़ो रे मारी रे पिचकारी, रंग रंगीलो माथे री चूनर।'

**पंजाब और हरियाणा**

पंजाबी लोकगीतों में होली के उल्लास को भांगड़ा और गिद्दा से जोड़ा जाता है। 'होली है आई रे, आई रे, सब रंग विच खो जाणा।' यह एक पारंपरिक पंजाबी लोकगीत है, जिसमें होली के रंगों और उल्लास का वर्णन है। भांगड़ा और गिद्दा के साथ इस गीत को गाने की परंपरा है। इसमें पंजाबी जोश और उमंग झलकता है। 'फागण आयो रंग बरसे, सतगुरु नाल खेलां।' यह पंजाबी का एक और होली गीत है जो गुरू नानक देव जी और गुरु गोबिंद सिंह जी के भजन-संगीत से प्रेरित है। इसमें आध्यात्मिकता और भक्ति रंगों से सराबोर हुआ जा सकता है। हरियाणवी रागनियों में भी होली और फाल्गुन पर आधारित एक से बढ़कर एक गीत मिलते हैं, जिन्हें रागनियां कहते हैं। 'रंग बरसे, ओ पिया संग बरसे।' 'होली में उड़े रे गुलाल, गजब कर दया रंग लाल।' 'बरसे गुलाल काले काले बादल, होली में भीग गई ओढ़नी।' ये हरियाणा में गायी जाने वाली कुछ प्रसिद्ध रागनियां हैं।

**बांग्ला के बाउल होली गीत**

रवींद्रनाथ टैगोर ने 'बासंती होली' पर कई गीत लिखे हैं, जिन्हें बोलान, बाउल और कीर्तन शैली में गाया जाता है। मसलन 'ओरे गोरा, रंग लगाओ रे।' यहां होली को 'डोल उत्सव' के रूप में मनाते हैं।

**मराठी और गुजराती**

मराठी में होली को 'शिमगा' कहते हैं और यहां भी फागुन में लोकगीतों में होली के गीत गाए जाते हैं और उनके सामाजिक संदर्भ भी होते हैं। मसलन 'रंग पंचमी आली रे आली, गोकुलात रंग खेळला हरि।' जबकि गुजराती में होली के गरबा और लोकगीत प्रचलित हैं। यहां होली ढोल और ताली की धुनों के साथ गरबा शैली में गाई जाती है। मसलन 'फागण आयो रे, रंग उडावो रे।', 'रंग रसिया, रंग में रंगी जाए, गोपी संग नंदलाल खेले होली रे।', 'होली खेले श्याम विराजे, राधा संग हंसत मुखाजे।' ये गुजराती भाषा के होली गीत भक्ति और गरबा के अद्भुत संगम हैं, जिसमें श्रीकृष्ण और गोपियों की होली का मोहक चित्रण है। इन्हें ढोल, ताली और गरबा स्टेप्स के साथ प्रस्तुत किया जाता है।

**द्रविड़ भाषाओं में होली की मस्ती**

कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना और केरल में होली का लोक साहित्य यूं तो उत्तर भारत जैसा व्यापक नहीं है, लेकिन होली के भक्ति रंग में रचे पगे काफी गीत मिलते हैं। कर्नाटक में होली को 'कामन हब्बा' और आंध्रप्रदेश तथा तेलंगाना में आमतौर पर 'कामदहनम' कहते हैं, कुछ मशहूर होली गीतों में 'गोविंदा गोविंदा, होली रंग गोविंदा!' "आदाथे उन्नोदू नानदा वाराई" यह भी एक तमिल होली गीत है जिसमें भगवान कृष्ण की होली खेलते हुए छवि को दर्शाया गया है। इसे तमिलनाडु में विशेषकर रंग पंचमी के अवसर पर गाया जाता है।



## गीता सार

तस्मादज्ञानसंभूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः।
छित्त्वैनं संशयं योगमा तिष्ठोत्तिष्ठ भारत॥

-: हिंदी भावार्थ :-

इसलिए हे भरतवंशी अर्जुन! तुम हृदय में स्थित, अपने इस अज्ञानजनित संशय का, ज्ञान रूपी तलवार द्वारा छेदन करके (कर्म) योग में स्थित हो कर युद्ध के लिए खड़े हो जाओ॥

## बोले तो...



किसी भी मुद्दे को लेकर कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं। सभी धर्मों के अनुयायियों के मान-सम्मान का बराबर ध्यान रखना बहुत जरूरी है। संभल की तरह अधिकारियों का गलत इस्तेमाल करना ठीक नहीं तथा इनको कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

-मायावती



बहुत ही दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ने ऐसी भाषा इस्तेमाल की। उन्होंने जिस भाषा का उपयोग किया है, वह सदन का अपमान है, आसन का अपमान है। यह निंदनीय है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। आसन के लिए इस्तेमाल शब्द माफी योग्य नहीं है। फिर भी कांग्रेस नेता को माफी मांगनी चाहिए।

-जेपी नड्डा



बचपन से मेरा एक ही सपना था, भारत की तरफ से खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में नहीं सोचा। लोग आज आईपीएल पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। निश्चित तौर पर यह बहुत बड़ा मंच है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आपका लक्ष्य देश की तरफ से खेलना है तो चीजें अनुकूल होती जाएंगी।

-ऋषभ पंत

## कुछ अलग | अजब गजब

# फैक्ट्री की छत पर गोल घूमते इसे देखा बहुत लोगों ने होगा, बहुत खास है इस उपकरण का काम

आधुनिक जीवन में विज्ञान ने क्रांति ला दी है, और हमारे आसपास मौजूद कई आविष्कार इसका प्रमाण हैं। इनमें से कुछ आविष्कार इतने सामान्य होते हैं कि हम उनकी उपयोगिता को तब तक नहीं पहचान पाते जब तक कि हम उनके बिना जीवन की कल्पना नहीं करते।

विज्ञान और इंजीनियरिंग के संयोजन से बनी इन अद्भुत चीजों को देखने के लिए कारखाने से बेहतर जगह और कोई नहीं हो सकती। आपने अक्सर कारखानों की छत पर गोल घूमती हुई चीज देखी होगी। ये स्टील के गोल पंखे केवल सजावट के लिए नहीं हैं।

उनका जरूरी काम भी है। इसकी वजह से मजदूरों का काम और फैक्ट्री में उनकी स्थिति भी बेहतर होती है। छत पर लगे ये स्टील के पंखे टर्बो वेंटिलेटर होते हैं, जिन्हें एयर वेंटिलेटर, टर्बाइन वेंटिलेटर या रूफ एक्सट्रैक्टर जैसे विभिन्न नामों से भी जाना जाता है। कारखानों तक ही सीमित नहीं, ये वेंटिलेटर अब शॉपिंग मॉल, बड़े स्टोर और यहां तक कि रेलवे स्टेशनों जैसी जगहों पर भी आम हैं।

आज यहां बताते हैं कि ये टर्बो वेंटिलेटर कैसे काम करते हैं। उनके कामकाज का सिद्धांत एक बुनियादी वैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित है- गर्म हवा, ठंडी हवा की तुलना में हल्की होने के कारण ऊपर उठती है। जैसे ही एक कमरे या किसी भी स्थान में गर्म हवा भर जाती है, वो ऊपर उठती है, जिससे तापमान गर्म हो जाता है। टर्बो वेंटिलेटर इस गर्म हवा को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**ऐसे काम करते वेंटिलेटर**

घूमते समय, ये वेंटिलेटर अंदर की गर्म हवा को ऊपर खींचते हैं और उसे कुशलतापूर्वक बाहर निकाल देते हैं। जैसे ही गर्म हवा बाहर निकलती है, ये खिड़कियों और दरवाजों से ठंडी, भारी हवा को अंदर खींचती है, जिससे अंदर काम करने वाले लोगों के लिए एक अधिक सहज वातावरण बनता है।

इसके अलावा, ये वेंटिलेटर दुर्गंध और ज्यादा नमी को दूर करने में मदद करते हैं, खासकर मानसून के मौसम में, जिससे कार्यस्थल में काम करना मजदूरों के लिए आसान होता है और काम का अनुभव सुखद बनता है।

## पाठक पाती

### होली के पर्व से सीख

होली का पर्व इस हफ्ते देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। हर तरफ पानी की बौछारें, भिन्न भिन्न प्रकार के रंग, एक दूसरे को रंग लगाना और गुजिया व अन्य मिठाईयों का सेवन होगा। होली को लोग बहुत उत्साह से मनाते हैं। आज के दौर में इस त्यौहार से कुछ सीखने वाली बातें भी हैं। पानी की बौछारें खुद को हर स्थिति में ठंडा रखने और आनंद लेने की सीख देती हैं। होली के रंगों की तरह अपनी जिंदगी में भी हमें रंग भरने की आवश्यकता है ताकि उदासी, निरसता से दूर रहा जा सके। जिस हक और अपनत्व से हम न केवल अपनों को गुलाल लगा रंगीन करते हैं बल्कि दूसरों को भी रंग देते हैं, उसी तरह दूसरों के दुःख, तकलीफ और बुरे समय में उनका हाल पूछना और खुशी के रंग भरना भी हमारा कर्तव्य है। होली के सभी रंग जब कपड़ों पर गिर एकसार हो जाते हैं तो यह दर्शाता है जिंदगी भी बहुत सारे खट्टे मीठे, कड़वे पड़ावों से मिल के बनी है। सिर्फ यह कहना कि मेरी जिंदगी में केवल खुशी का ही रंग हो, ग़लत होगा।

-अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## किसानों ने करवाया शिविर में रजिस्ट्रेशन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** बाली उपखंड क्षेत्र की कोट बालियान ग्राम पंचायत में एक महत्वपूर्ण फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत प्रशासक (सरपंच) हंजा देवी देवासी की अध्यक्षता में आयोजित इस तीन दिवसीय शिविर में कुल 722 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर प्रभारी और अतिरिक्त विकास अधिकारी अस्फाक अली ने इस पहल का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे मिल सकेगा। ग्राम विकास अधिकारी रामचंद्र यादव ने शिविर में उपस्थित किसानों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। ई-केवाईसी के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद कुल 650 किसानों का पंजीकरण किया गया। यह पंजीकरण किसानों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायक होगा।

## मंडी में जिंसों की बंपर आवक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** महाराजा उम्मेदसिंह कृषि उपज मंडी में सोमवार को बंपर जिंसों की आवक होने से व्यापारी उत्साहित नजर आए। मंडी में करीब 14 हजार बोरी जिंसों की नीलामी हुई। सोमवार को मंडी खुलने से पूर्व रात में ही बड़ी संख्या में वाहनों में जिंसों को लेकर किसान नीलामी करवाने मंडी लेकर पहुंचे। मंडी गेट पर वाहनों की भीड़ रहीं। मंडी सचिव पूरणसिंह जैतावत ने बताया कि मंडी में करीब 14 हजार बोरी जिंसों की आवक हुई। जिसमें सरसों 8840 बोरी, अरंडी 3109 बोरी, चणा 1191 बोरी सहित अन्य जिंसों की आवक हुई। निलामी स्थल पर जिंसों की निलामी हुई।

# संत मनसुख हीरापुरी महाराज का जीवंत भंडारा संपन्न

### संत-महात्माओं का रहा सान्निध्य, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** संत-महात्माओं की निश्रा में रामेश्वर महादेव मंदिर हरि ओम आश्रम रामनगर में पिछले 26 वर्षो से विराजित संत मनसुख हीरापुरी महाराज के जीवंत भंडारे कार्यक्रम में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरु भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस धार्मिक आयोजन के तहत संत हिरापुरी महाराज की शिष्या श्रीमती सायरी देवी मेवाड़ा साण्डेराव की पुण्यतिथि पर उपस्थित सभी गुरु भक्तों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की। मंदिर परिसर व हरि ओम आश्रम रामनगर को दुल्हन की तरह रंग बिरंगी रोशनी व फरियों से सजाया गया। ब्रह्म मुहूर्त में यहां पहुंचने वाले सभी संत-महात्माओं की पावन निश्रा में गोड़वाड़ क्षेत्र के व्याख्यात आचार्य पंडित कांतिलाल ओझा के साथ उनकी टीम ने मुख्य यजमान रूघाराम, मदनसिंह, मांगीलाल, बालकिशन, नंदूभाई की मौजूदगी में विशेष पूजा अर्चना के साथ वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ शांति पाठ के बाद हवन-यज्ञ में पूर्णाहुति दिलवाई।

#### शांति पाठ, हवन-यज्ञ, कलश यात्रा व फागोत्सव का आयोजन

#### संतों की वाणी का श्रवण करने से मानव जीवन का होता है कल्याण : हीरापुरी

संत मनसुख हिरापुरी महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान कहा कि संतों के अमृतवाणी श्रवण करने मात्र से ही मानव जीवन का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि ये मानव शरीर मुश्किल से मिला है। इसी शरीर के अंदर मानव का सभी स्वरुप है। हम जिस रुप में इस शरीर रुपी मन को ले जाएंगे। हमारा मन वहीं जायेगा। सत्संग में लोग संतों के वाणी को सिर्फ श्रवण तो जरूर करते हैं, परंतु घर पहुंचते ही सारी बातों को भूल जाते है। संत मनसुख हिरापुरी महाराज ने कहा कि भक्ति में बहुत शक्ति होती है। भक्ति का तात्पर्य है-स्वयं के अंतस को ईश्वर के साथ जोड़ देना। जुड़ने की प्रवृत्ति ही भक्ति है। दुनियादारी के रिश्तों में जुट जाना भक्ति नहीं है। भक्ति का मतलब है पूर्ण समर्पण। सरल शब्दों में हम कहते हैं कि हमारी आत्मा परमात्मा की डोर से बंध गई। ईश्वर के प्रति निष्ठापूर्वक समर्पित होने वाला सच्चा साधक ही भक्त है। जिसके विचारों में शुचिता (पवित्रता) हो, जो अहंकार से दूर हो, जो किसी वर्ग-विशेष में न बंधा हो, जो सबके प्रति सम भाव वाला हो, सदा सेवा भाव मन में रखता हो, ऐसे व्यक्ति विशेष को हम भक्त का दर्जा दे सकते हैं। नर सेवा में नारायण सेवा की अनुभूति होने लगे, ऐसी अनुभूति ही सच्ची भक्ति कहलाती हैं।



#### राधा-कृष्ण की झांकी के साथ मनाया फागोत्सव

फागोत्सव में राधा-कृष्ण की झांकी सजाई गई जिसमें उपस्थित गुरु भक्तों ने डीजे साउण्ड पर राधा-कृष्णा पर आधारित होली फाग के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रद्धालुओं का दिन जीत लिया। गुरु भक्तों ने 501 किलो गुलाल के पुष्पों से कृष्णा होली फाग महोत्सव? में पुष्प वर्षा कर फागोत्सव मनाया। इस दौरान दूर-दूर से पहुंचने वाली भजन मंडलियों की ओर से गुरु देव के वंदावने करते हुए एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुबह 11 बजे बाल भोग के साथ ही स्कूलों के बाल-गोपालों से महाप्रसादी का आयोजन शुरू हुआ जो शाम को चार बजे तक चलता रहा।

## लीगल एसोसिएट्स विधि कार्यालय का शुभारंभ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** न्याय और विधि सेवा को नई दिशा देने के संकल्प के साथ लीगल एसोसिएट्स विधि कार्यालय का मंगलवार को रामदेव रोड, पुलिस चौकी के पास शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर जोधपुर से आए वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जाक के. हैदर ने फीता काटकर विधि कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, समाजसेवियों और आमजन ने शिरकत की। इस विधि कार्यालय की स्थापना अधिवक्ता विरेंद्र कुमार, अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह लबाना और अधिवक्ता वीरेंद्र राजपुरोहित की ओर से की गई है। शुभारंभ समारोह में पाली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र ओझा, सचिव जब्बर सिंह रमासिया, अधिवक्ता महेन्द्र नारायण ओझा, अधिवक्ता कमलेश दवेरा, विं म सिंह चारण, मुकुल सोनी, प्रताप चौहान, ओमकार सिंह चारण, प्रकाश तनेशरा, अधिवक्ता ओमप्रकाश पंवार, अधिवक्ता भगीरथ सिंह राजपुरोहित सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थत रहे। कार्य म में अधिवक्ता राहुल चौधरी, अधिवक्ता सरवर खान, अधिवक्ता कल्बे मोहम्मद, सामाजिक कार्यकर्ता सलमा छीपा, मोहम्मद फैजान, हाजी मोहम्मद, नरेश पंडित सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शुभारंभ अवसर पर अधिवक्ता रज्जाक के. हैदर ने कहा, न्याय तक हर व्यक्ति की समान पहुंच होनी चाहिए। यह विधि कार्यालय न केवल कानूनी सेवा का केंद्र बनेगा, बल्कि न्याय की लड़ाई में हर जरूरतमंद के साथ खड़ा रहेगा। लीगल एसोसिएट्स के अधिवक्ताओं ने संकल्प लिया कि वे कानून की रक्षा और न्याय दिलाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## डिस्कॉम में निजीकरण का करें एकजुटता से विरोध : दाधीच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** जोधपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ डिस्कॉम अध्यक्ष जगदीश दाधीच, पाली वृत प्रभारी रामकरण रियाड़, वृत अध्यक्ष जीवन देवासी, विजय सिंह राजपुरोहित, नथाराम के सानिध्य में श्रमिक संघ के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में डिस्कॉम अध्यक्ष जगदीश दाधीच ने कहा निगम में होने जा रहे हैं। निजीकरण का सभी को एकजुट होकर विरोध करना है। ताकि कर्मचारियों के हितो का कुठाराघात ना हो। पाली वृत अध्यक्ष जीवन देवासी ने कर्मचारियों की समस्याओं के निवारण के लिए शीघ्र अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया। पाली वृत उपाध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी व सुख सिंह खंगारोत ने सभी आगंतकु मेहमानों का पुष्पा हार पहनकर स्वागत किया। बैठक में मंच संचालन रमेश कुमार मीणा ने किया। इस अवसर पर पर्बत सिंह श्रीसेला, अनोपसिंह, अमरसिंह सोलंकी, सुख सिंह खंगारोत, श्याम सिंह चौधरी, दिनेश कुमार चौधरी, सवाराम, रमेश मीणा, ममता राव, सुमित्रा देवी, प्रवीण चौधरी, भीमाराम चौधरी, राजेंद्र कुमार, मांगीलाल, हड़वत सिंह, प्रवीण कुमार आदि श्रमिक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानी।** मरुधर पब्लिक केसरी विद्यालय का 25वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। बच्चों को भामाशाह ने टिफिन व पानी की बोतल एवं कैरी बैग वितरित किए। समय पर विद्यालय आने तथा अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। अतिथि सुरेंद्र जैन ने कहा कि इस विद्यालय में सभी मिलकर विकास का कार्य करवा रहे है। कई दानदाताओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। मुख्य अतिथि अनुराग शर्मा, सुरेंद्र जैन, बीक सोनू, सलीम अंसारी,जीतू, बशीरूदीन चढ़वा, जितेंद्रसिंह, निलेश बंजारा, हिम्मतमल गुरोसा, पंकज कुमारी, अरविंद सोनी, नसीरूद्दीन, व्यवस्थापक प्रवीण कुमार, प्रधानाचार्य गीता देवी बंजारा, विक्रम राठौड़, जगदीश खारवाल एवं भैराराम बंजारा समेत विद्यार्थी मौजूद थे।

## जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित, कलक्टर मंत्री ने दिए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कलेक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति की बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने विभाग की प्रगति कार्यों की जानकारी लेकर और प्रगति लाने व अन्य आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने विभिन्न बिन्दुओं के एजेंडावार बिन्दुओं पर चर्चा की और प्रगति को देखा जिनमें उन्होंने जिला रैंकिंग पर व अपार रजिस्ट्रेशन, विद्यालयों में ईएलसी प्रभारी की डिटेल व शाला दर्पण पर एन्ट्री के बारे में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही बैठक में उन्होंने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण मेडीकल टीम की ट्रेनींग, विद्यार्थियों का आधार सीडिंग, इंप्रा मॉनिटरिंग रिपोर्ट अपडेट के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में राईजिंग राजस्थान के बकाया काम की स्थिति के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने विद्युत विहीन विद्यालय के बारे में, स्कूल खेल मैदानों के बारे में व अति मण, पालनहार योजना की प्रगति, एनिमिया मुक्त राजस्थान के लिए पींक व ब्लू विफस का शाला दर्पण पर इन्द्राज के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने सभी ब्लॉक की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।



## त्योहारों पर व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला मजिस्ट्रेट एल एन मंत्री ने आदेश जारी कर जिले में 13 मार्च को होली दहन, 14 मार्च को धुलन्डी तथा रमजान माह और 21 मार्च को शीतला माता चौक मेला, 22 मार्च को सुरजपोल गांवशाही गेर एवं 23 मार्च को महाराणा प्रताप चौराहे पर गांवशाही गेर नृत्य आदि विभिन्न अवसरों को देखते हुए जिले में कानून व्यवस्था के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेशानुसार जिला पुलिस अधीक्षक को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आवश्यक पुलिस जाब्ता लगाने, अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने, गेर के रास्तों पर आने वाले मकानों की छतों पर, बालकानियों में लोगों की भीड़ एकत्रित नहीं होने देने, महिलाओं, लड़कियों, वृद्धों या किसी व्यक्ति पर अवांछित प्रकार से गुब्बारे में प्लास्टिक की थैलियां फेंकने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पाबंदी की कार्रवाई, गैर के दौरान परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही नगर परिषद व नगर पालिका को गेर के निर्धारित रास्तों में पैचवर्क पूरा करने, सड़कों की सफाई, रोड लाइट को दुरुस्त करने, नालियों की सफाई, गैर के मार्ग में आने वाले अनावश्यक तारो व रस्सियों आदि को सावधानी पूर्वक व्यवस्थित करने के व गैर व व शीतला सप्तमी के मेले दौरान क्लोज़ सर्किट टीवी सेट लगाने एवं ड्रोन की व्यवस्था सुनिश्चित करने गेर एवं बादशाह की सवारी के रास्तों पर आवारा पशुओं को पकड़ने व गोशाला में भिजवाने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार अधीक्षण अभियंता जोधपुर डिस्कॉम को बिजली की व्यवस्था ठीक रखना व झुके व ढीले तारो को ठीक करने के लिए, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी को पेयजल आपूर्ति के लिए व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व राजकीय बांगड़ चिकित्सालय पाली तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सोजत को चिकित्सकों का दल मय स्टाफ जीवन रक्षक दवाओं के साथ एंबुलेंस तैयार रखने व लोगों को सुरक्षित होली के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए है।

## बायफ पशुधन विकास प्रशिक्षण का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** आशा महेश हिंगड़ चैरिटेबल ट्रस्ट घाणेराव पाली के सौजन्य से पार्श्वनाथ सेवा समिति बिजोवा के सभा भवन में एक दिवसीय बायफ पशुधन विकास प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों को पशुधन विकास व हरा चारा विकास के बारे मे प्रशिक्षण दिया गया। आशा पशु धन सुधार केंद्र बिजोवा एवं विंगरला समिति के तत्वावधान में बायफ इंस्टिट्यूट फोर सस्टेनेबल लाइवलीहुड एण्ड डेवलपमेंट की ओर से आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ राजकमल पारीक ने बताया कि गौशाला के अध्यक्ष ताराचंद जैन मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर उपस्थित पशुपालकों को उन्नत नस्ल सुधार के लिए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि पशु पालकों को उन्नत किस्म के पशुओं के लिए आशा पशु नस्ल सुधार केंद्र बिजोवा समेत करीब 15 गांवों में नस्ल सुधार का कार्य कर रहा है। केन्द्र प्रभारी नरेंद्र सुथार पशुपालकों के घर पहुंच कर कृत्रिम गर्भाधान की सेवा दे रहे हैं। ताकि 90 फीसदी मादा पैदा होगी। कृत्रिम गर्भाधान के अतिरिक्त हरा चारा टीकाकरण क्रमिनाशक कार्यक्रम से भी समय-समय पर लाभान्वितकिया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी हरीश डी शर्मा, कृषि विभाग के अधिकारी जितेंद्र चौधरी, पशुपालन विभाग की कमलेश मीणा ने प्रशिक्षण दिया। बायफ संस्थान के परियोजना प्रभारी एचडी शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में 14 गांव के 46 महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया। गौशाला प्रबंधक लेखराज देवासी, वायफ के गिरधारीलाल गौड़, शिवलाल खराड़ी, पवन साहू, केंद्र प्रभारी नरेंद्र सुथार उपस्थित रहे।



## भाविप की द्वितीय प्रांतीय परिषद बैठक संपन्न, प्रांतीय महासचिव डॉ. गहलोत विकास रत्न से सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** भारत विकास परिषद् राजस्थान पश्चिम प्रान्त की द्वितीय प्रान्तीय परिषद् बैठक जालोर शाखा के आतिथ्य में जालोर ग्रेनाइट एसोसिएशन सभागार में रविवार को संपन्न हुई। जिसमें पश्चिम प्रान्त के 8 जिलों की 24 शाखाओं से आयोजक, शाखा के कार्यकर्ताओं सहित 150 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव विनोद आढ़ा ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि हमें समाज में बदलाव के उद्देश्य से समाज में सेवा और संस्कार के कार्यों को करना चाहिए।

पंच परिवर्तन के रूप में हमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य इन पाँच विषयों से सम्बन्धित कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देकर प्रमुखता से इनको मूर्त रूप देना होगा। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के रूप में महिलाओं को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर व पूर्ण रूप से स्वावलम्बी बनाया जा सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समुचित समाधान भी किया। प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वागत उद्बोधन एवं अभिभाषण दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसे कार्यक्रम आयोजित करें जो समाज में व्याप्त बुराइयों पर सीधे ही चोट करें। हमारे कार्यों का समाज पर प्रभाव दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के मेरुदंड होते हैं यदि परिषद को हम शक्तिशाली और प्रभावशाली बनाना चाहते हैं तो सर्वाधिक शक्ति हमें कार्यकर्ता निर्माण पर लगानी होगी। प्रान्तीय महासचिव डॉ. महेन्द्र गहलोत ने गत बैठक की कार्यवाही विवरण, 28 फरवरी 2025 तक का प्रगति प्रतिवेदन तथा प्रान्तीय वित्त सचिव रामाकिशन भूतड़ा ने 28 फरवरी 2025 तक का लेखा प्रतिवेदन का पठन किया। प्रांत की विभिन्न शाखा सचिवों ने अपनी-अपनी शाखा का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

#### लेखा अंकेक्षक की नियुक्ति

प्रान्तीय परिषद् द्वारा प्रान्त के वर्ष 2024-25 के लेखों का अंकेक्षण करने के लिए लेखा अंकेक्षक नियुक्त किया गया। आयोजक शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा ने आयोजक शाखा तथा प्रान्तीय संगठन सचिव गिरीश लोढा ने प्रान्त की ओर से आभार ज्ञापित किया। प्रान्तीय प्रकल्प प्रभारी परबत सिंह राठौड़ ने मंच संचालन किया। बैठक में क्षेत्रीय सचिव (सेवा)भवानी शंकर गौड़, प्रांतीय संरक्षक विकास र। ब्रिगेडियर नरेंद्र मल सिंघवी, प्रांतीय उपाध्यक्ष (संस्कार) डॉ. प्रदीप राठी, प्रांतीय मीडिया प्रभारी रामस्वरूप भटनागर, प्रान्तीय महिला संयोजक प्रमिला गहलोत, विकास र। वेदपाल मदान, समस्त प्रांतीय दायित्वधारी सहित समस्त जिला समन्वयक एवं सभी शाखाओं के दायित्वधारी उपस्थित थे।




#### सेवा कार्य को सराहा

सेवा कार्यों के लिए गठित जनकल्याण निधि (कोर्पस फण्ड) में सहयोग करने पर नए विकास र। एडवोकेट डॉ. महेन्द्र गहलोत व डॉ. दर्शन ग्रोवर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं विकास मित्र गिरीश लोढा जोधपुर मारवाड़, सोहनलाल लड्ढा व अर्चना गुप्ता सोजत, पदमाराम चौधरी,राजेन्द्र भूतड़ा, संतोष कुमार दवे, शंकरलाल सोलंकी, प्रेमसिंह कच्छवाहा जालोर, अविन छंगाणी रातानाडा, शरद पटवर्धन, पारस चन्द भण्डारी व कैलाश नारायण राठी जोधपुर मुख्य, रमेश कुमार गुड़मालानी, दिलीप गहलोत बालोतरा, प्रेमकुमार परमार जालोर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जालोर शाखा के महेन्द्र आनंद वैष्णव ने विकास मित्र बनने की घोषणा की।

#### आयोजकों व अतिथियों का किया सम्मान

आयोजक शाखा जालोर की ओर से बैठक का आयोजन, श्रेष्ठ, भव्य एवं गरिमामय रुप से करने, आवास स्थल, आयोजन स्थल, अल्पाहार, जलपान एवं भोजन की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं तथा आगंतुक सदस्यों के भव्य सत्कार के लिए प्रान्त द्वारा आयोजक शाखा के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं आयोजन समितियों के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। बैठक में दानदाता एवं सहयोगी के रूप में जालोर ग्रेनाइट एसोसिएशन अध्यक्ष वेलाराम सुंदेशा, दिनेश सोलंकी, समेलाराम माली को सम्मानित किया गया।

## एक शाम आई माता के नाम भजन संध्या 14 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** भगाबाबा एवं भंवर महाराज के सानिध्य में शुक्रवार को एक शाम आई माता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले शोभायात्रा निकाली जाएगी। भजन संध्या में किशोर राव के नेतृत्व में सुरेश गवैया उदयपुर, राजू सोयल सोजत प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन शनिवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## गुरुकृपा कॉलोनी में फागोत्सव मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के वेयर हॉउस के पीछे गुरूकृपा कॉलोनी में मंगलवार को हनुमान मंदिर महिला मंडल की ओर से नेतल कुवंर के सानिध्य में फागोत्सव मनाया गया। महिलाओं की ओर से भजन-कीर्तन कर पुष्पों द्वारा हनुमान संग होली खेल कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर लीला, दिव्या, डिम्पल वैष्णव, वंदना, मोहनी, सारिका, गुलाब कंवर, छान कंवर, बब्बी, लता आदि ने भाग लिया।



# जोधपुर में 3.6 किलो सोना बेचकर इनकम टैक्स वसूला

▸▸ आयकर विभाग ने छापेमारी में किया था जब्त

▸▸ अहमदाबाद के कारोबारी ने 3.11 करोड़ में खरीदा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग ने करीब साढ़े तीन साल पहले जब्त सोने की नीलामी कर बकाया टैक्स वसूला है। सोने के तीन बड़ी और 10 छोटी साइज के कुल 13 बिस्किट की नीलामी की गई। इनका वजन तीन किलो 600 ग्राम था। इस नीलामी से विभाग को तीन करोड़ 11 लाख 10 हजार रुपए मिले हैं। नीलामी का सोना अहमदाबाद के कारोबारी वसंतराव जाधव ने खरीदा है। दरअसल, विभाग ने 14 अक्टूबर 2021 को बीकानेर में एक मोबाइल कारोबारी समूह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। कारोबारी की अघोषित आय पर 2.96 करोड़ रुपए का बकाया टैक्स वसूला जाना था। मामला राजस्थान हाईकोर्ट तक पहुंचा। अब कोर्ट ने विभाग के पक्ष में फैसला दिया।



### कॉन्फ्रेंस हॉल में जब्त सोने के बिस्किट की नीलामी



कोर्ट के आदेश पर सोमवार की सुबह पावटा आयकर भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में कारोबारी से जब्त सोने के बिस्किट की नीलामी की गई। नीलामी में मंगलवार की सुबह सोने के भाव बड़े बिस्किट के लिए 88,300 रु प्रति 10 ग्राम और छोटे बिस्किट के लिए 88,650 रु प्रति 10 ग्राम तय किया गया था।

### 2021 में कारोबारी के ठिकानों पर छापा मारा था

आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग ने 14 अक्टूबर 2021 को बीकानेर के कारोबारी लोकनाथ अरोड़ा के ठिकानों पर छापा मारा था। कारोबारी, उनकी पत्नी और बहू के तीन करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के सोने के जेवरात, सोने के बिस्किट और सिक्के आदि जब्त किए थे। अरोड़ा ने ज्वेलरी में से 49 लाख का सोना स्वयं का, 4.90 लाख का सोना पत्नी और दो लाख 59 हजार 70 हजार रु के सोने के जेवरात बहू के होना बताया था।

### कारोबारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की

आयकर विभाग ने कारोबारी के यहां छानबीन में मिली अघोषित आय के आधार पर इनकम टैक्स वसूली की कोशिश की। तब कारोबारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उसने कोर्ट में कहा कि बकाया टैक्स को भरने के लिए उसे रुपयों की जरूरत है। इसके बाद 13 दिसंबर 2021 को एक आवेदन दायर किया था, लेकिन वह लंबित रहा क्योंकि आयकर विभाग के पास टैक्स चोरी से जुड़े सबूत थे। इस स्थिति में कारोबारी ने कोर्ट में कहा- छापेमारी के दौरान जब्त किए गए एक करोड़ रुपए के सोने की नीलामी की जाए ताकि बकाया टैक्स चुका सके।

## चारा भरी पिकअप में लगी आग

**जोधपुर।** जोधपुर में चारा से भरी पिकअप बिजली के तारों से छू गई। इससे निकली चिंगारी से चारा सुलग उठा। मुख्य मार्ग पर पिकअप से आग निकलते ही एक बारगी तो अफरा-तफरी मच गई। आगजनी की घटना जोधपुर शहर के राजीव गांधी नगर थाने से कुछ दूर पाल-चौपासनी बाइपास पर आज सुबह 7:35 की है। चीफ फायर ऑफिसर जलज घसीया ने चौपासनी व बासनी से दमकल रवाना की। तीन दमकलों ने आग पर काबू पाया। बासनी फायर स्टेशन प्रभारी प्रशांतसिंह चौहान ने बताया- राजीव गांधी नगर थाने के पास एक चारे की गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर चौपासनी और बासनी से एक-एक दमकल के साथ फायरमैन निंबाराम, प्रेम, हेमंत, सुभाष और रामजीत की टीम मौके पर पहुंची। यहां स्थिति को देखते हुए बासनी से एक और दमकल रवाना की गई। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया।



# जोधपुर में महिला के पेट से निकली रग्बी बॉल जितनी बड़ी गांठ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** पेट में भारीपन, कब्ज और पीलिया से परेशान 42 साल की महिला ने जांच करवाई तो पता चला पेट में रग्बी बॉल से भी बड़ी गांठ (35×22×16 सेंटीमीटर) है। इस गांठ के कारण महिला का पूरा पेट भरा हुआ था। यह लीवर के ऊपरी हिस्से और जिफीस्टर्नम से शुरू होकर नीचे पेल्विस तक फैल गई थीं। इस वजह से आंतों में रुकावट भी हो रही थी। जांच में पता चला कि महिला के पेट में हेपेटोबिलियरी लिम्फांजियोमा नाम का नॉन कैंसर ट्यूमर हो गया था। इसके बाद तीन घंटे चले ऑपरेशन से इसे ठीक किया गया और महिला अब स्वस्थ है। 21 फरवरी को हुए ऑपरेशन के बाद महिला को 17 दिन ऑब्जर्वेशन में रखा गया था। इस दुर्लभ बीमारी का इलाज जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल के डाक्टर्स की टीम ने किया है।

▸▸ पूरे पेट में फैली थी कब्ज और पीलिया से परेशान थी



### ▸▸ महिला को तत्काल सर्जरी की जरूरत थी

एमडीएमएच अधीक्षक डा. विकास राजपुरोहित ने बताया- 42 वर्षीय महिला सर्जिकल आउटडोर में पेट में भारीपन, दर्द, कब्ज और पीलिया जैसी समस्या लेकर आई थी। यहां यूनिट प्रभारी और आचार्य डा. दिनेश दत्त शर्मा ने महिला को 12 फरवरी को भर्ती करके उसकी जांचें करवाई, तो अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन में हेपटोबिलियरी सिस्टम से जुड़े हुए एक असामान्य बड़े सिस्ट (गांठ) की पहचान हुई। इस स्थिति में महिला को तत्काल सर्जरी की जरूरत थी।

### ▸▸ तीन घंटे में किया ऑपरेशन

डा. विकास राजपुरोहित ने बताया- मरीज के पित्ताशय, लिवर, कॉमन बाइल डक्ट, डुओडिनम एवं आमाशय के बीच चिपकी इस सिस्ट (गांठ) को निकालने की जटिल सर्जरी को एमडीएमएच के वरिष्ठ सर्जनों की टीम ने 21 फरवरी को करीब तीन घंटे में अंजाम दिया। इस सर्जरी के दौरान ही स्पष्ट हुआ कि यह लिंफेंजियोमा सिस्ट हेपटोबिलियरी सिस्टम से उत्पन्न हुई थी। इसने आसपास के अंगों को प्रभावित किया था। सर्जरी के बाद मरीज की हालत स्थिर है।

## ड्रग्स बेचने से पहले पुलिस ने एक को दबोचा



**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की बायतु पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 4.21 ग्राम स्मैक बरामद की। वहीं, एक बाइक को भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से स्मैक कहां से लेकर आया और किसको देने वाला था। इसको लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार- बायतु थानाधिकारी भंवरलाल मय पुलिस टीम गश्त करने के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने नेशनल हाईवे 25 बायतु पनजी फांटा पर नाकाबंदी की गई। बायतु की तरफ आ रही बिना नंबरी एक सफेद अपाची बाइक को रुकवाने का इशारा किया। लेकिन बाइक सवार मोटरसाइकिल को वापिस मोड़र भागने लगा। इस पर पुलिस टीम ने सूझबूझ से प्रकाश को बाइक सहित डिटेन किया। नाम पता पूछने पर सवार ने अपना नाम प्रकाश पुत्र पूनमाराम निवासी लापला, कोसरिया होना बताया। टीम ने प्रकाश की तलाशी ली। उसकी दाहिनी जेब में 4.21 ग्राम अवैध स्मैक मिली। नियमानुसार बरामद कर आरोपी प्रकाश के कब्जा में ली गई बिना नंबरी बाइक को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# कलेक्टर टीना डाबी ने शांति समिति की ली बैठक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले में त्योहारों को शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के माहौल में मनाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मीटिंग में आगामी त्योहारों होलिका दहन, धुलंडी, चेटीचंड एवं ईदुल-फितर के दौरान साम्प्रदायिक सद्भाव एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। जिला कलक्टर ने कहा- जिले की पहचान मेल-जोल और आपसी सौहार्द से है। यहां सभी वर्गों के लोग मिलकर त्योहारों की खुशियां साझा करते आए हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा आगामी त्योहारों को भी इसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी अफवाह अथवा विवादास्पद गतिविधि की सूचना तत्काल जिला प्रशासन या पुलिस को दें।



### ▸▸ सफाई व्यवस्था में करें सुधार

जिला कलक्टर ने नगर परिषद को त्योहारों के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में छोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद तथा उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा से अग्निशमन की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने होलिका दहन के दौरान आगजनी की संभावना को देखते हुए सीएचसी एवं पीएचसी पर बर्न युनिट और चिकित्सा दलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए दूध, मावा और मिठाइयों की जांच के निर्देश दिए। एडीएम राजेन्द्र सिंह चांदावत ने कहा- युवाओं को शांति समिति से जोड़ा जाएगा। ताकि सौहार्द की यह परंपरा आगे बढ़ती रहे। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है जिससे आपत्तिजनक पोस्ट पर तुरंत कार्यवाही कर किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान

जिला कलक्टर ने पुलिस को बाड़मेर शहर व जिले के अन्य बड़े कस्बों में भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों को रोकने और भड़काऊ तथा घृणास्पद संदेशों के प्रचार-प्रसार को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को द्वेष भावना से भड़काऊ भाषण और जुलूस पर रोकथाम, सार्वजनिक स्थलों पर झण्डे एवं प्रतीकों का प्रदर्शन के संबंध में गृह विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

■ मीटिंग में नगर परिषद आयुक्त श्रवण सिंह राजावत, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, रसद अधिकारी कंवरा राम, कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष धनराज जोशी, मनोहर बंसल, मोहम्मद कुरैशी एवं सुरेंद्र मेहता सहित अधिकारीगण एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# फागोत्सव में डूबी पर्यटन नगरी

### ▸▸ होली के रंग में सराबोर हुआ शहर

**जैसलमेर।** जैसलमेर में होलाष्टक के साथ शुरू हुए फागोत्सव ने अब जोर पकड़ लिया है। पूरे शहर में होली के रंग घुलने लगे हैं और फाग गीतों की गूंज माहौल को भक्तिमय बनाने लगी हैं। होली के आगाज के साथ ही सोनार दुर्ग स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर में विशेष फागोत्सव का आयोजन हो रहा है। मंदिर में श्रद्धालुओं और फाग रसिकों की टोलियां रंग-गुलाल उड़ाते हुए उत्सव में सराबोर नजर आईं। सभी ने भगवान के साथ होली खेली। इस दौरान राजपरिवार सदस्य भी मौजूद रहे। एकादशी से पुष्करणा समाज के विभिन्न धड़ों की गैर निकलना शुरू होती है।



### वर्षों से चली आ रही परंपरा

■ दरअसल, जैसलमेर में वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है कि होलकाष्टमी से लक्ष्मीनाथजी मंदिर में फाग का आयोजन शुरू होता है। एकादशी पर जैसलमेर के राजपरिवार के सदस्य खुद फागियों के बीच आकर भगवान के साथ होली खेलते हैं। इसी परंपरा के तहत जैसलमेर के पूर्व महारावल चैतन्यराज सिंह मंदिर पहुंचे और फागियों के साथ मिलकर भगवान के संग होली खेली।

### जैसलमेर में होली को लेकर उत्साह

■ जैसलमेर में होली को लेकर जबरदस्त उत्साह है। एक तरफ गैरे घर-घर जाकर श्लील गालियां गा रहे हैं, तो दूसरी तरफ बाजारों में होली की तैयारियां जोरों पर हैं। दुकानों पर अबीर, गुलाल और बच्चों के लिए पिचकारियां सज गई हैं। होली का पर्व 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर बाजारों में रंग, गुलाल और पिचकारियों की बिक्री बढ़ गई है। कार्टून कैरेक्टर, टैंक और अन्य तरह की पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बच्चों से लेकर बड़े तक सभी होली को लेकर उत्साहित हैं। घरों में मिठाइयां और अन्य व्यंजन बनाने के लिए बाजारों से सामग्री की खरीदारी जोरों पर है।

# बाइक चोरी की वारदात का तीन दिन में खुलासा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर की कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी मामले में तीन दिन में ही चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी हुई बाइक को भी बरामद किया है। शहर कोतवाल प्रेमदान ने बताया- खुहड़ी थाना इलाके के रहने वाले आरोपी भगवान सिंह (19) को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। एसएचओ प्रेमदान ने बताया कि शहर के कंधारी पाड़ा से सात मार्च की रात को सुमार खान पुत्र हाजी खान के घर के आगे खड़ी बाइक चोरी हो गई थी। पीड़ित सुमार खान ने आठ मार्च को पुलिस थाना कोतवाली में बाइक चोरी का मामला दर्ज करवाया था। बाइक चोरी की घटना को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार, कोतवाली थाना प्रभारी प्रेमदान के नेतृत्व में पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी व तकनीकी मदद से चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी भगवान सिंह पुत्र हुकम सिंह निवासी छतांगढ़ को गिरफ्तार किया गया। भगवान सिंह के कब्जे से चोरी गई बाइक भी बरामद की गई। भगवान सिंह को पकड़ने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में एसएचओ प्रेमदान, हेड कॉन्स्टेबल वीरम सिंह, कॉन्स्टेबल महेन्द्र कुमार, गंगासिंह व महेन्द्र सिंह शामिल रहे।



■ कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

# व्यापार जगत

## एलआईसी को एक दिन में एक हजार करोड़ का भारी नुकसान



**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक के शेयरों में सोमवार को भारी गिरावट आई। बैंक का शेयर 27.17% की गिरावट के साथ 655.95 रुपए पर बंद हुआ जो इसका पांच साल का न्यूनतम स्तर है। इस गिरावट से देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को करीब 1,000 करोड़ का नुकसान हुआ है। एलआईसी भारत की सबसे बड़ी घरेलू संस्थागत निवेशक भी है। एलआईसी के पास इस बैंक के 5.23% शेयर हैं। बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में कुछ गड़बड़ियों की जानकारी दी है। इससे बैंक की कमाई पर वन टाइम असर पड़ने की आशंका है। इसी वजह से बैंक को शेयरों में गिरावट आई और यह नवंबर 2020 के बाद का सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई ने एक अप्रैल 2024 से नए नियम लागू किए हैं। इन नियमों के बाद बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो की आंतरिक समीक्षा की।

**पांच साल के लो पर इस प्राइवेट बैंक का शेयर**

इस समीक्षा में बैंक को कुछ गड़बड़ियां मिलीं। ये गड़बड़ियां बैंक की संपत्ति और देनदारियों से जुड़े खातों में पाई गईं। बैंक की आंतरिक समीक्षा के मुताबिक इस गड़बड़ी का असर उसके कुल एसेट्स के लगभग 2.35% के बराबर होगा। यानी यह लगभग 2,000-2,100 करोड़ के बराबर है। जब शेयर की कीमत 654 के निचले स्तर पर थी तब एलआईसी के शेयरों का मूल्य 2,434 करोड़ था। पिछले दिन के बंद भाव के हिसाब से यह मूल्य 3,398 करोड़ था।

सिर्फ एलआईसी ही नहीं, बल्कि कई अन्य म्यूचुअल फंड कंपनियों जैसे कोटक म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, यू टीआई एमएफ और फ्रैंकलिन इंडिया के पास भी इस बैंक के शेयर हैं। इस नुकसान का असर वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के मुनाफे पर दिखेगा। इससे बैंक के मुनाफे में भारी गिरावट आ सकती है। यहां तक कि Q4FY25 में बैंक को घाटा भी हो सकता है। पिछले एक साल में इंडसइंड बैंक का शेयर निफ्टी 50 इंडेक्स में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले शेयरों में से एक है। इस दौरान इसकी कीमत 55% से ज्यादा गिरावट आई है। बैंक कई अन्य चुनौतियों से भी जूझ रहा है। इनमें कमजोर ऑपरेशनल परफॉरमेंस शामिल है। साथ ही बैंक के एमडी को भी केवल एक साल का कार्यकाल दिया गया है जबकि बोर्ड ने तीन साल के कार्यकाल का प्रस्ताव दिया था।

## सेंसेक्स 12 अंक गिरकर 74,102 के स्तर पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी बाजारों में 4% तक की गिरावट का असर मंगलवार (11 मार्च) को भारतीय बाजारों पर नहीं दिखा। सेंसेक्स 12 अंक की मामूली गिरावट के साथ ये 74,102 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 37 अंकों की तेजी रही। ये 22,497 पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स करीब 400 अंक गिरकर 73,663 के दिन के निचले स्तर पर आ गया था।

निफ्टी भी 100 अंकों से ज्यादा फिसल गया। निफ्टी ने 22,314 का डे-लो बनाया। सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी शेयरों में रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.63% चढ़कर बंद हुआ। ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 1.21% की तेजी रही। मेटल इंडेक्स 0.53% चढ़कर बंद हुआ। प्राइवेट बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट है। प्राइवेट बैंक इंडेक्स 1.38% गिरा है।

▸▸ इंडसइंड बैंक का शेयर 27% लुढ़का, अमेरिकी बाजारों में 4% तक की गिरावट



### 25% से ज्यादा गिरा इंडसइंड बैंक का शेयर

इंडसइंड बैंक के शेयरों में 27.06% की गिरावट रही। ये 243 रुपए गिरकर 656 रुपए पर बंद हुआ। बैंक ने 10 मार्च को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया था कि इंटरनल रिव्यू में डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग डिस्क्रिपेन्सी यानी गड़बड़ी का पता चला है। इसके चलते बैंक की कमाई में कमी आ सकती है और नेटवर्थ 2.35% तक गिर सकती है।

## वेबसाइट पर कहीं नहीं है 1199 या 1499 रुपए की टिकट

**नई दिल्ली।** देश को प्रमुख एयरलाइंस कंपनी इंडिगो और अकासा एयर ने होली के मौके पर स्पेशल ऑफर की घोषणा की है। इसमें दावा किया गया है कि ये एयरलाइंस सस्ती दर पर टिकट दे रही हैं। इंडिगो का दावा है कि इस फेस्टिवल ऑफर में ग्राहक मात्र 1199 रुपए से टिकट बुक करा सकते हैं। वहीं अकासा का दावा है कि वह 1499 रुपए से टिकट बुकिंग का ऑफर दे रही है। घरेलू सफर के लिए टिकट की शुरुआत मात्र 1199 रुपए से है। इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए शुरुआती किराया 4199 रुपए है। कंपनी का कहना है कि इसका लाभ उठाने के लिए 10 से 12 मार्च के बीच टिकट बुक करानी होगी। लेकिन सफर 17 मार्च से 21 सितंबर के बीच करना होगा। वहीं अकासा एयर होली फेस्टिवल पर यात्रियों को 1499 रुपए में सफर करने का मौका दे रही है। इसके लिए 10 से 13 मार्च के बीच टिकट बुक करानी होगी। इसका फायदा 17 मार्च के बाद सफर करने पर ही मिलेगा। सबसे पहले इंडिगो की ऑफिशियल वेबसाइट पर गए। हमें कहीं भी कंपनी के दावे के मुताबिक 1199 रुपए की टिकट नजर नहीं आई। सबसे कम किराया 4.5 हजार रुपए था। यहां हमें किसी भी शहर की कोई भी टिकट 1199 रुपए की दिखाई नहीं दी। इंडिगो के बाद आकासा एयर की वेबसाइट को चेक किया। मई तक के सफर की कोई भी टिकट कंपनी के दावे के मुताबिक 1499 रुपए की नहीं थी।




## महंगाई दर 4% से नीचे रह सकती, लोन की किस्तें घटने के आसार

**नई दिल्ली।** देश में महंगाई कम होने के संकेत हैं। फरवरी में रिटेल महंगाई दर जनवरी के मुकाबले कम रह सकती है। सभी श्रेणी की वस्तुओं, खास तौर पर खाने की चीजों के दाम घटने से यह 4% या इससे भी नीचे रह सकती है, जो रिजर्व बैंक के टारगेट के भीतर है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति अप्रैल में एक बार फिर नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट घटा सकती है। इस साल जनवरी में रिटेल महंगाई दर 4.31% थी। सांख्यिकी मंत्रालय फरवरी के आंकड़े बुधवार को जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष 2024-25 में रिटेल महंगाई दर 4.8% रहने का अनुमान लगाया है। केंद्रीय बैंक का ये भी अनुमान है कि जनवरी-मार्च तिमाही में महंगाई दर 4.4% रहेगी। फरवरी के आंकड़े इससे भी कम रह सकते हैं। कम से कम चार देशी-विदेशी एजेंसियों ने तो ऐसा ही अनुमान लगाया है। महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।



### सीपीआई से तय होती है महंगाई

ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) करता है। सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, सीपीआई उसी को मापता है। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें होती हैं, रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है।

## आप का राशिफल 12 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। --कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

# जेके लक्ष्मी विद्या परियोजना के तहत विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेके पुरम।** जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड जेकेपुरम द्वारा आसपास के राजकीय विद्यालयों मे पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए पिछले 7 माह से कोचिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए 63 विद्यार्थी व एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु 53 बच्चों ने परीक्षा दी। सीएसआर विभाग के जयदीप चारण ने बताया की सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी हेड संजीव झा एवं जेके लक्ष्मी प्लांट प्रबंधन के निर्देशन मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जिसमे मुख्य रूप से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे की जवाहर नवोदय विद्यालय व एकलव्य मॉडल स्कूल आदि मे प्रवेश के लिए तैयारी करवाना, नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कालरशिप के लिए कोचिंग एवं स्थानीय राजकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों मे गुणात्मक सुधार लाने व नियमित विद्यालय आने के लिए प्रयास किए जा रहे है। कोचिंग कर रहे 5वीं कक्षा के छात्रों ने आबूरोड में आयोजित एकलव्य मॉडल रेजिर्डेशियल स्कूल चयन परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा में जे के लक्ष्मी सीमेंट परिक्षेत्र के 14 विभिन्न सरकारी स्कूलों के कुल 53 छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रों को इस परीक्षा के लिए तैयार करने, उनको परिवहन उपलब्ध



करवाने साथ ही उनके माता-पिता अभिभावकों को भी एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल लाया गया। लक्ष्मी विद्यालय परियोजना के इस प्रयास की माता.पिता और समुदाय ने सराहना की, क्योंकि यह उनके बच्चों की शिक्षा और उज्जवल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रिंसिपल और स्टाफ ने भी जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से जनजातीय और वंचित समुदाय की शिक्षा के प्रति किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। जेके लक्ष्मी सीमेंट सीएसआर विभाग का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है, और हम आगे भी इसी दिशा में कार्य करते रहेंगे।

## कब बुलबुल उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की ओर से जिलास्तरीय कब बुलबुल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका मंगलवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मृदुला व्यास ने अवलोकन किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने विद्यालय में जाकर अन्य छात्र छात्राओं को भी इस उत्सव में सिखाई गतिविधियों की जानकारी दी। सी ओ स्काउट एमआर वर्मा ने मोमेंटो भेंटकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया दिनभर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जीवाराम सहायक लीडर ट्रेनर, कब प्रकाश पुरी, मिनाक्षी जोशी, मोहित अग्रवाल, दृष्टि पांडे का सहयोग रहा।

## होली महोत्सव का रंगारंग आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजकुमार तथा मुख्य अतिथि प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर रहे। चेयरमेन डॉ. राजकुमार ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व हमें आपसी प्रेम, सदभाव और सौहार्द का संदेश देता है। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। नृत्य, गीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, होम्योपैथिक विभाग की निदेशक डॉ भारती देसाई, परीक्षा नियंत्रक डॉ मुकेश महावर, अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार, उप रजिस्ट्रार डूंगरसिंह, चीफ स्टेट ऑफिसर महेंद्रसिंह गुर्जर, मीडिया विभाग के प्रमुख अशोक कुमार प्रजापत, मीडिया ग्राफिक्स से अभिषेक मीणा, छात्र पृथ्वीसिंह गोहिल, अशोक कुमार, विक्रम गोयल, यशपालसिंह मौजूद थे।

## कांग्रेस देश की जनता के लिए हमेशा लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेगी : मकवाना

### कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर में मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सह प्रभारी रित्विक मकवाना की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। सचिव एवं राजस्थान सह प्रभारी मकवाना का जिलाध्यक्ष आनंद जोशी ने स्वागत किया। मकवाना ने कहा कि कांग्रेस देश की जनता के मुद्दों के लिए हमेशा लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेगी। कांग्रेस का इतिहास देश के गौरव की बड़ी गाथा लिखता है और वर्तमान में सत्ता में काबिज हुई भाजपा उस गौरव को मिटाने पर तूली है। ब्लॉक और मंडल के साथ-साथ कांग्रेस बूथ स्तर तक प्रबुद्धजनों को साथ लेकर टीम तैयार करें, संगठन के ढांचे को मजबूत करें। जिससे राज्य और देश के की सत्ता पर आसीन भाजपा सरकार के शासन में दुखी हो रहे लोगों को राहत दिलवाने के लिए लड़ाई लड़ सकें। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि इस भाजपा



के राज में इस सवा साल में जो सिरोही जिले की दुर्गति हुई हैं उसका कोई अंदाजा नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार मेडिकल कॉलेज को बर्बाद कर रही हैं। मेडिकल कॉलेज में सभी पद रिक्त पड़े हुए हैं। मेडिकल कॉलेज सिरोही में 162 शैक्षणिक पदों में से 149 पद खाली पड़े हैं। लोकसभा प्रत्याशी रहे वैभव गहलोत ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश की जनता को तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में हर वो सुख सुविधा देने की योजनाएं लाई गई जिस पर जनता का हक था, जिसका प्रदेश की जनता को लाभ मिला। वर्तमान सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में इनकी एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है जिनका यह खुले मंच पर बखान कर सके। रेवदर विधायक मोतीराम कोली ने कहा कि राज्य को सरकार नहीं प्रशासन चला रहा है, सरकार की प्रबंधन नीति विफल है। सरकार के मंत्री और विधायक अपना दुखड़ा मीडिया और आम जनता के सामने हर समय कहते रहे हैं। लेकिन प्रदेश का मुखिया अपनी पार्टी के विधायक को का दुखड़ा मिटाने में असफल रहा है। आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, जिला संगठन प्रभारी अंजना मेघवाल, आबू पिंडवाड़ा के लीलाराम गरासिया, पूर्व जिला प्रमुख अनाराम बोराणा ने भी सम्बोधित किया। प्रदेश प्रभारी रित्विक मकवाना ने ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीरसिंह रोहुआ, रामसिंह सिसोदिया, अचलसिंह बालिया, रताराम देवासी, रतनलाल माली, गणेश बंजारा, नगर अध्यक्ष प्रकाश प्रजापति, नरगिस कायमखानी, हनवंतसिंह मेड़तिया, सुरेश रावल से संगठनात्मक सुधार और आगामी रणनीति की जानकारी ली। पूर्व विधायक लालाराम गरासिया, गंगाबेन गरासिया, पीसीसी सचिव ललित बोरीवाल, राजेंद्र सांखला, हरीश परिहार, अमित जोशी, अश्विन गर्ग, हरीश चौधरी, सुभाष चौधरी, भवानीसिंह भटाणा, हर्षुल अग्रवाल, हमीद कुरेशी, हेमलता शर्मा, भूराराम कोली, छगनलाल सोलंकी, केपीसिंह डबानी, राजेश गहलोत, पुनीत अग्रवाल, प्रकाशराज मीणा, पुष्पेंद्रसिंह देवड़ा, दलपतसिंह नागानी, नारायणसिंह भाटी, सलीम पठान, पुखराज गहलोत, तखतसिंह भेरूगढ़ कानाराम मेघवाल, दशरथ नरूका, रसीद खान, इब्राहिम ख़ान, मगसिंह, मदन जोशी, उत्तम चौधरी, ललिता गरासिया, पूजा राणा, देवीदान चारण, खंगारराम मेघवाल, मुकेश जोशी, सुरताराम देवासी, लखमाराम कोली, रमेश चौधरी, अजीत चौधरी, असगर खान, अमराराम मेघवाल, कांतिलाल कोली समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## आइआइटी जोधपुर इनक्यूबेशन सेंटर का किया भ्रमण, सीखा नवाचार का पाठ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने आईआईटी जोधपुर के इनक्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे में विद्यार्थियों ने नवीनतम तकनीकी नवाचारों, स्टार्टअप्स के विकास प्रक्रिया और उद्यमशीलता के अवसरों के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को इनक्यूबेशन सेंटर के विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेन विकास जैसे अत्याधुनिक विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने इन क्षेत्रों में हो रहे नए शोध कार्यों और तकनीकी परियोजनाओं को करीब से समझने का अवसर पाया। माधव विवि के चैयरमेन डॉ. राजकुमार ने इस भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए नवाचार और उद्यमशीलता के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। प्रेसिडेन्ट डॉ. राजीव माथुर ने भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे छात्र सहयोगी अनुसंधान के प्रति अधिक जागरूक होंगे। फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डॉ. प्रीणन बागची, कंप्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष संगीतासिंह ने कहा कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्टार्टअप संस्थापकों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद किया। इस दौरान केतन राजपुरोहित सहित कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हत्या के पांच आरोपी आजीवन कारावास से दंडित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्रीष्मा शर्मा ने करीब 5 साल पुराने हत्या के मामले में पांच आरोपियों को आजीवन कारावास व अर्थ दंड से दंडित करने के आदेश दिए। प्रकरणानुसार 24 अप्रैल 2020 को गणका निवासी श्रीमती अनीता पत्नी जगदीश बावरी ने राजकीय चिकित्सालय में रिपोर्ट दी थी कि मानपुर निवासी देविया उर्फ उमाराम बावरी ने उसे उसके परिजनों को ऋषिकेश के पास नदी में बुलाकर उसकी लड़की भारती को ले जाने का हवाला दिया। इस पर पीड़िता उसका लड़का प्रेम, उसकी बहन बसंती, संतोष, हेमा, परिवादी के पिता समाराम, भाई शांतिलाल, जीजा ताराराम, उसकी बहन भारती को लेने गए। जहां मानपुर निवासी देविया, वेलकम पुत्र रूपा, गोविंद पुत्र रूपा खड़े मिले। देविया व वेलकम के हाथ में तलवार व गोविंदा के हाथ में भाला था। तीनों ने उसके उस पर व उसके परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसके पिता भाई व गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान शांतिलाल व समाराम की मौत हो गई। पुलिस ने पूरे मामले में अनुसंधान के बाद बाद आरोपी देवाराम, वेलकम, गोविंद, विजय व रुपाराम के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अपर लोक अभियोजक दिनेश खंडेलवाल की ओर से मामले में पैरवी की गई। अभियोजन की तरफ से 17 गवाह पेश किए गए। 85 दस्तावेज प्रदर्शित करवाते हुए 17 आर्टिकल लगाए गए। न्यायाधीश ने अपर लोक अभियोजक के तर्कों से सहमति जताई। आरोपियों को आजीवन कारावास व 25 हजार के अर्थ दंड से दंड करने के आदेश दिए।

## सांसद ने संसद में उठाया माउंट आबू के जलसंकट का मुद्दा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही/दिल्ली।** सांसद लुंबाराम चौधरी ने सोमवार को संदर में माउंट आबू में पेयजल का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अपर कोदरा बांध व लोअर कोदरा बांध का पानी उपलब्ध हैं जो कि पर्याप्त नहीं है। जिनमें लगभग 41 एमसीएफटी जल भंडारण क्षमता उपलब्ध हैं। जबकि वर्तमान में शहर की जलापूर्ति की आवश्यकता कम से कम 112 एमसीएफटी की है। यदि बारिश समय पर नहीं होती है तो जलसंकट गहरा हो जाता हैं। माउंट आबू में भूमिगत पानी का भयंकर अभाव हैं। जिससे कुंए व हैण्डपंप आदि भी पानी की उपलब्धता नहीं के बराबर रह जाती हैं। जिससे पेयजल संकट गहरा जाता हैं । भविष्य में ऐसी स्थिति में माउंट आबू को खाली करने जैसी भयावह स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस क्षेत्र की पेयजल की समस्या को देखते हुए सालगांव परियोजना जल्द से जल्द शुरू किया जाए ।



## होली को लेकर कलक्टर ने लागू की निषेधाज्ञा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला मजिस्ट्रेट अल्पा चौधरी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते जिला सिरोही की राजस्व सीमा में विभिन्न प्रावधानों/ प्रतिबंधों को लागू किया है। ऐसे में सार्वजनिक स्थान पर किसी पर रंग डालने पर पाबंदी रहेगी। इतना नहीं सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति व समाज विशेष के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। यह आदेश 12 से 14 मार्च तक प्रभावी रहेंगे। इस आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर जा रहे व्यक्ति, वाहन अथवा वाहन में यात्रा करने वाले व्यक्ति पर रंग भरे गुब्बारे नहीं छोड़ेगा तथा किसी प्रकार के घातक रसायनों का प्रयोग नहीं करेंगे, ना ही इनको अपने साथ लेकर चलेंगे। जिले में कहीं भी किसी भी व्यक्ति द्वारा सांप्रदायिक या समाज की भावनाओं को भड़काने वाले नारे नहीं लगाएगा। ना ही दीवारों पर लिखेगा और ना ही ऑडियो.वीडियो या सोशल साइट्स के माध्यम से भी इस प्रकार प्रचार प्रसार या प्रदर्शन करेगा। राहगीरों और वाहनों को रोककर अनावश्यक परेशान नहीं करेंगेए ना ही जबरदस्ती रंग गुलाल आदि डालेंगे। निरीह पशुओं व जानवरों पर रंग गुलाल आदि नहीं छिड़केंगे।

**घातक रसायनों का प्रयोग नहीं करें**

## वनाधिकार के पट्टों को लेकर सदन में बोले विधायक

### विधायक ने रीको की नीति में सुधार की उठाई मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** विधायक मोतीराम कोली ने सोमवार को विधानसभा सत्र के दौरान उद्योग विभाग एवं वन एवं पर्यावरण विभाग की मांग पर चर्चा के दौरान रेवदर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर सदन में सरकार से निराकरण की मांग की। विधायक मोतीराम कोली ने बताया कि रीको विभाग और राजस्थान सरकार की उद्योग को लेकर भिन्न भिन्न नीतियां है। जिसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होने बताया कि आबूरोड रिको जिले का सबसे बडा रीको क्षेत्र है। जहां पर वर्तमान में सैकडों औद्योगिक ईकाईयां बन्द पडी है। आबूरोड गुजरात का सीमावर्ती क्षेत्र है और माउंट आबू पर्यटन क्षेत्र है। जहां पर किसी भी प्रकार के भवन निर्माण की स्वीकृति पर पूर्णतया रोक है। राजस्थान सरकार ने होटल एवं रिसोर्ट व्यवसाय को औद्योगिक ईकाई में शामिल किया हुआ है लेकिन रीको अभी तक इस व्यवसाय को औद्योगिक ईकाई में नहीं मानता है। ऐसे में क्षेत्र के व्यवसायी गुजरात की ओर व्यवसाय के लिए पलायन कर रहे है। विधायक ने होटल एवं रिसोर्ट व्यवसाय को रिको में औद्योगिक इकाई में शामिल करने की मांग की। साथ ही विधायक ने बताया कि साल 2015 से पहले सरकार की ओर से नवीन औद्योगिक ईकाईयां स्थापित करने वाले व्यवसायियों को प्लॉट आवंटन के बाद फैक्ट्री चालू करने के बाद जमीन की कीमत की 50 प्रतिषत राशि तीन सालों में अलग - अलग किश्तों में जनजाति क्षेत्र की उत्पादन प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाती है, जो कि वर्तमान में बन्द है। उन्होने आबूरोड टीएसपी क्षेत्र में इस योजना को पुनः चालू करने की मांग की।



## न्यूज ब्रीफ

### नवोदय विद्यालय में बाल संसद का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में बाल-संसद का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने संसदीय प्रणाली को दर्शाते हुए नवनिर्वाचित संसदो का परिचय, शपथ ग्रहण, प्रश्नकाल एवं शून्य काल आदि मंचन किया। विद्यार्थियो ने विभिन प्रकार की भूमिकाए निभाई। प्राचार्य पी सेलवम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवा पीढ़ी को लोकतंत्र और संसदीय कार्यप्रणाली के बारे में जागरूक करेंगे। निर्णायक समिति में पीडी चारण, ममता शर्मा एवं एसवी गावित रहे। संचालन अमरसिंह, तामलराम, डॉ. रजनीश पटेल द्वारा किया गया।

### विद्यार्थियों को वितरित की खाद्य एवं शिक्षण सामग्री



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही भाग दो के विद्यार्थियों को खाद्य, शिक्षण सामग्री व पारितोषिक वितरित किए। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री व व्यवस्था सहयोगी गोपालसिंह राव के अनुसार एसडीएमसी सदस्य हंसाराम रावल के आथित्य में समारोह आयोजित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों को सत्र पर्यन्त शिक्षण सामग्री, बस्ते, पानी की बोतल, लंच बॉक्स, कोपी, पेन सहित सभी सामग्री भामाशाहों के सहयोग से वितरित की जा रही है। शिक्षक राव ने उनकी मांग श्रीमती देव कंवर पत्नी हरीसिंह राव पोसालिया की प्रेरणा से 47 वें जन्मदिन पर 47 हजार की शिक्षण सामग्री अपने वेतन से तथा 2 लाख की सामग्री भामाशाह नोपाजी पोशीदेवी प्रजापति सेवा ट्रस्ट के भूपेश भाई प्रजापति व अन्य भामाशाहों के सहयोग से वितरित करवा रहे है।

### निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेके पुरम।** जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत एवं लॉजिस्टिक विभाग द्वारा ट्रक ड्राइवर और उनके सहयोगियों के लिए मेन गेट पर तीन दिवसीय निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के पहले दिन ढाई सौ ट्रक ड्राइवर और उनके सहयोगियों के शुगर लेवल, ब्लड प्रेशर एवं स्वास्थ्य जांच के साथ नेत्र की जांच की गई। इसके अलावा दवाई एवं चश्मा का वितरण किया गया। संस्था के मैन्युफैक्चरिंग हेड एसके सक्सेना ने उपस्थित ट्रक ड्राइवर और उनके सहयोगियों को कहा कि जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड इससे जुड़े हुए सभी ट्रक ड्राइवर और उनके सहयोगियों को अपने परिवार के सदस्य मानती है और आपके स्वास्थ्य को लेकर सजक है। लॉजिस्टिक्स हेड प्रतीक जैन, एकाउंट्स हैड एसएन राय, मनीष जैन एवं डीजीएम स्टोर मनोज, डॉ एस के भंडारी ने सम्बोधित किया। डॉ राजेंद्र चौहान, रीना शर्मा के साथ सर टीम एवं लॉजिस्टिक विभाग के कर्मचारी ट्रांसपोर्टर और बड़ी संख्या में ट्रक ड्राइवर एवं उनके सहयोगी उपस्थित रहे।

### छात्र का इंस्पायर अवार्ड में चयन, किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हस्तिनापुर के कक्षा आठ के छात्र सौरवप्रताप का इंस्पायर अवॉर्ड के लिए चयन होने पर मंगलवार को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान यिका। संस्था प्रधान राजकुमार ने बताया कि भारत सरकार के वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी विभाग की इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत छात्र का चयन होने पर दस हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। यह योजना बाल वैज्ञानिकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करने की अनुपम योजना है। इस दौरान शिक्षक भावेश राजपुरोहित, विराट राठौड़, प्रवीण कुमार छीपा ,सवाराम,भरत कुमार सगरवंशी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### शिविर में 121 दिव्यांगों को मिला लाभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पंचायत समिति शिवगंज में मंगलवार को जिला प्रशासन, चिकित्सा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिक विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 121 दिव्यांगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रमाणीकरण 88, अंग-उपकरण के लिए चिन्हिकरण 25 व रोडवेज पास के लिए आठ जनों को लाभान्वित किया गया। डॉ बलदेवसिंह, डॉ. जेपी. कुमावत, डॉ. प्रकाश चौधरी, डॉ. हनवंतसिंह राणावत, सहप्रभारी अशोक कुमार, वरिष्ठ सहायक बाबूलाल, छात्रावास अधीक्षक मनीष कुमार जांगिड़, नरेश कुमार, जितेन्द्रसिंह देवड़ा, कनिष्ठ सहायक प्रकाश कुमार, सहायक कर्मचारी जेठाराम, रमेश कुमार, नरपत मारू, दिनेश कुमार उपस्थित रहें।

# डिविलियर्स ने चुने वनडे क्रिकेट के टॉप पांच बल्लेबाज

## लिस्ट में तीन भारतीय शामिल





**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने सर्वकालिक शीर्ष पांच वनडे बल्लेबाजों की सूची में भारत के कई दिग्गजों को शामिल किया है। उन्होंने इस सूची में सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और दक्षिण अफ्रीका के महान ऑलराउंडर जैक्स कैलिस को जगह दी। इसके बाद उन्होंने भारतीय क्रिकेट के तीन बड़े नाम सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और एमएस धोनी को अपनी शीर्ष पांच सूची में शामिल किया। इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने 2011 वनडे विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं, रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे विश्व कप में जबरदस्त प्रदर्शन किया और 1999 से 2007 तक लगातार तीन विश्व कप खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। इनमें से 2003 और 2007 के विश्व कप में वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान भी थे।

दूसरी ओर, जैक्स कैलिस डिविलियर्स की इस सूची में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने वनडे विश्व कप नहीं जीता। हालांकि, उन्होंने 1998 चैंपियंस ट्रॉफी में दक्षिण अफ्रीका की एकमात्र आईसीसी ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। सेमीफाइनल में उन्होंने शानदार शतक लगाया था और फाइनल में पांच विकेट लेकर टीम को खिताबी जीत दिलाई थी।

अगर इन खिलाड़ियों के व्यक्तिगत आंकड़ों की बात करें तो सचिन तेंदुलकर ने 463 मैचों में 18,426 रन बनाकर वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड कायम किया है। विराट कोहली, जो डिविलियर्स के पूर्व आईपीएल टीम साथी भी रहे हैं, इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 301 वनडे मैचों में 14,180 रन बनाए हैं और 51 शतकों के साथ सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

रिकी पोंटिंग, जिन्होंने 375 वनडे मैचों में 13,704 रन बनाए, इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। वहीं, जैक्स कैलिस और एमएस धोनी क्रमशः 11,579 और 10,773 रनों के साथ आठवें और बारहवें स्थान पर हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित

## ब्रेसवेल को बनाया कप्तान



### न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान टी20 सीरीज का शेड्यूल

- पहला मैच - 16 मार्च रविवार, क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल
- दूसरा मैच - 18 मार्च मंगलवार, डुनेडिन यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो ओवल
- तीसरा मैच - 21 मार्च शुक्रवार, ऑकलैंड ईडन पार्क
- चौथा मैच - 23 मार्च रविवार, टॉरंगा बे ओवल,
- पांचवां मैच - 25 मार्च बुधवार, वेलिंग्टन का स्काई स्टेडियम

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिच सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ'रुरके पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे। टीम का कप्तान बनाए जाने पर ब्रेसवेल ने कहा, 'अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा।'

### पाकिस्तान के साथ टी20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम :

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, माकर् चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

# लाइव शतरंज रैंकिंग में गुकेश से 50 अंक आगे निकले मैग्नस कार्लसन

**ओस्लो।** विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन नॉर्वे टीम शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम सप्ताह के दौरान तीन बाज़ियां जीतकर लाइव विश्व रैंकिंग में अपनी रेटिंग में और सुधार करते हुए 2837 अंको पर पहुंच गए है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर करीब 14 साल पूरे करने के करीब कार्लसन फिलहाल विश्व के नंबर दो खिलाड़ी यूएसए के हिकारु नाकामुरा से 35 अंक और भारत के 18 वर्षीय वर्तमान विश्व चैंपियन डी गुकेश से 50 अंक आगे हो गए है और ऐसे में अभी भी उनके नंबर एक का ताज छिनना मुश्किल नजर आता है। नॉर्वे टीम शतरंज चैंपियनशिप के दौरान कार्लसन नें अपने पूर्व कोच ग्रांड मास्टर सिमेन आग्डेस्टेन, इंटरनेशनल मास्टर क्रिस्टियन स्टूविक होल्म और इंटरनेशनल मास्टर अल्पारस्लान इसिक के खिलाफ जीत दर्ज की और कुल 4.1 रेटिंग पॉइंट्स अंक हासिल किए। गुकेश और कार्लसन के बीच पहला क्लासिकल शतरंज का मुक़ाबला 26 मई से छह जून के दौरान होने वाले नॉर्वे शतरंज में देखने को मिलने की पूरी संभावना है।





# पंकज आडवाणी ने सीसीआई स्नूकर खिताब की हैट्रिक बनाई

**मुंबई।** स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां बेस्ट ऑफ 15 फ्रेम में फाइनल में ईशप्रीत चड्ढा को आठ-छह से हराकर 13.5 लाख इनामी सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट में खिताब की हैट्रिक बनाई। गत राष्ट्रीय और एशियाई स्नूकर चैंपियन आडवाणी ने रविवार रात कड़े फाइनल में ईशप्रीत के खिलाफ 15-57, 26-101, 18-75, 100-25, 36-93, 118-0, 59-68, 45-77, 64-47, 93-72, 70 -60, 75-32, 73-32, 75-47 से जीत दर्ज की। आडवाणी शुरुआत में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे थे और एक समय एक-चार से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह फ्रेम जीतकर जोरदार वापसी की।

# रोनाल्डो ने अल नासर को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया



**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने ईरान के एस्टेघलाल को 3-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे। पहले चरण का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा था और इस तरह से अल नासर ने 3–0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रोनाल्डो ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया। नासर की तरफ से उनके अलावा झोन डुरान ने दो गोल किए।

# लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर



**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले बड़ा झटका लगा है। लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ की चोट के कारण आईपीएल के पहले हाफ से बाहर हो गए हैं। मयंक इस समय बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं। मयंक को पिछले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में चोट लगी थी। लखनऊ ने नवंबर में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले मयंक को 11 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। लखनऊ ऋषभ पंत की कप्तानी में 24 मार्च को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, 'मयंक कमर की चोट से उबर रहे हैं और उन्होंने अभी-अभी गेंदबाजी शुरू की है। बीसीसीआई ने मयंक की वापसी के लिए अभी कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन अगर वह अपने गेंदबाजी कार्यभार को बढ़ाने के साथ-साथ सभी फिटनेस मापदंडों को पूरा करते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं।' पिछले सीजन के दौरान मयंक ने लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी।

# मनोरंजन



## कैटरीना ने बाजू पर गुदवाया पति विक्की के नाम का टैटू !


कैटरीना कैफ और विक्की कौशल इंडस्ट्री के प्यारे कपल्स में से एक हैं। कपल ने वक्त के साथ जिस तरह से मीडिया और फैंस के साथ अपना खास रिश्ता कायम किया है उसकी लोग दाद देते हैं। हाल ही में कैटरीना कैफ और विक्की कौशल अपने एक करीबी दोस्त की शादी में पहुंचे थे जहां से इनकी वीडियोज और फोटोज काफी वायरल हुई थीं। इस फंक्शन के एक वीडियो में कैटरीना कैफ के हाथ पर विक्की कौशल के नाम का पहला अक्षर लिखा दिखाई दे रहा है। इसके बाद से ही लोगों ने कहना शुरु कर दिया कि कैटरीना ने अपने हाथ की बाजू पर विक्की का नाम गुदवा लिया है लेकिन इसकी सच्चाई कुछ और ही है। दरअसल, कैटरीना कैफ ने अपने हाथ की बाजू पर विक्की कौशल का नाम नहीं गुदवाया है। कैटरीना जिस फंक्शन में गई थीं वहां उन्होंने मेहंदी लगवाने की जगह अपने दाहिने हाथ की बाजू पर विक्की कौशल के नाम का पहला अक्षर लिखवा लिया जिसे लोग टैटू मान रहे हैं वो असल में मेहंदी है। हम सब ये तो जानते ही हैं कि कैटरीना कैफ पति विक्की कौशल के स्पेशल फील कराने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देती हैं। ऐसे में मेहंदी से विक्की और अपने नाम का पहला अक्षर बाजू पर लिखवा लिया।



## वॉर 2 की शूटिंग के दौरान घायल हुए ऋतिक रोशन, पैर में लगी गंभीर चोट

एक्टर ऋतिक रोशन के फैंस के लिए एक परेशान करने वाली खबर सामने आई है। खबर है कि ऋतिक अपनी अपकमिंग फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए हैं। घायल होने के कारण फिलहाल शूटिंग को टाल दिया गया है। वहीं, फैंस एक्टर के चोटिल होने के चलते चिंतित हो गए हैं और उनकी रिकवरी की दुआ करते नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर एक हाई-एनर्जी डांस नंबर की शूटिंग कर रहे थे, जब उनके साथ ये हादसा हो गया। इस गाने में जबरदस्त स्टंट और डांस मूव्स शामिल थे, लेकिन इसी दौरान ऋतिक के पैर में गंभीर चोट लग गई। उनकी चोट इतनी गहरी थी कि डाक्टरों ने उन्हें कम से कम चार हफ्ते का पूरी तरह रेस्ट के लिए बोला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाकी कलाकारों ने अपने हिस्से की शूटिंग पहले ही पूरी कर ली है और फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। सूत्रों की मानें तो ऋतिक रोशन की रिकवरी के बाद फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू होगी। बताया जा रहा है कि जिस गाने की शूटिंग के दौरान ऋतिक को चोट लगी, उसे अब मई में फिर से शूट किया जाएगा। बता दें, फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक के साथ साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।


## पहली बार स्क्रीन पर साथ दिखेंगे आमिर खान और रणबीर कपूर



आलिया भट्ट ने आमिर खान और रणबीर कपूर को लेकर खास ऐलान किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए बताया है कि इंडस्ट्री के दो पॉपुलर और उनके फेवरेट एक्टर्स एक साथ एक दूसरे के खिलाफ लड़ते हुए नजर आएंगे। एक्ट्रेस के हाथ में एक पोस्टर भी देखा जा सकता है जिसमें आमिर और रणबीर एक दूसरे को चैलेंज करते नजर आ रहे हैं। अब ये किसी नई फिल्म का ऐलान है या दोनों किसी और प्रोजेक्ट पर साथ काम करने वाले हैं इस बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन आमिर और रणबीर को साथ में देखना मजेदार होने वाला है। आलिया भट्ट अपने वीडियो में कहती हैं कि ये अल्टीमेट ब्लॉकबस्टर हैं। हाथ में आमिर खान और रणबीर कपूर का पोस्टर है। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है 'बेस्ट बनने की लड़ाई, मेरे दो फेवरेट एक्टर्स एक दूसरे के खिलाफ। कुछ बहुत ही मजेदार के लिए बने रहें। कल और जानकारी दी जाएगी।' आलिया के इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया कमेंट्स कर रणबीर और आमिर को साथ देखने के लिए अपना रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'ये देखने के लिए उत्सुक हूं, एक और यूजर ने लिखा, अभी तक का सबसे बड़ा कोलैबोरेशन, एक अन्य यूजर ने लिखा, 'मास्टरपीस आने वाला है दोस्तों।' अब फैंस आमिर और रणबीर को साथ देखने का इंतजार कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट और रणबीर कपूर जल्द साथ में संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म में विक्की कौशल साथ नजर आने वाले हैं। वहीं आमिर 'लाल सिंह चड्ढा' के फ्लॉप होने के बाद फिल्मों को प्रोड्यूस करने पर ध्यान दे रहे हैं।



## कार्तिक आर्यन ने कैटरीना कैफ के साथ 'टिप-टिप बरसा पानी' पर लगाई आग



कार्तिक आर्यन और कैटरीना कैफ अपने अंदाज की वजह से लोगों को काफी पसंद आते हैं। कार्तिक अपने सेंस ऑफ ह्यूमर की वजह से छाए रहते हैं। इस साल आईफा 2025 भी कार्तिक आर्यन ने होस्ट किया है। जहां पर उन्होंने बॉलीवुड सेलेब्स के साथ खूब मस्ती की। वो कैटरीना कैफ के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। कैटरीना-कार्तिक का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जयपुर में नौ मार्च को आईफा का आयोजन हुआ था। शाहरुख खान से लेकर करीना कपूर तक कई सेलेब्स अवॉर्ड फंक्शन में मस्ती करते नजर आए थे। आईफा के कई डांस वीडियो वायरल हो रहे हैं। वायरल वीडियो में कार्तिक आर्यन और कैटरीना कैफ स्टेज पर टिप टिप बरसा पानी गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों के स्टेप्स पूरे मैच होते नजर आ रहे हैं। टिप-टिप बरसा पानी के अलावा कैटरीना कार्तिक की 'भूल भुलैया' के गाने का हुक स्टेप भी करती हुईं नजर आईं। कैटरीना वीडियो में खूब मस्ती से डांस करती नजर आ रही हैं। कैटरीना और कार्तिक के वीडियो पर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा- आग लगा दी आप दोनों ने। वहीं दूसरे ने लिखा- कैटरीना जैसा कोई नहीं। कैटरीना और कार्तिक का ये अंदाज उनके फैंस को कुछ ज्यादा ही पसंद आ रहा है। कैटरीना के लुक की बात करें तो उन्होंने गोल्डन कलर का आउटफिट पहना था। हैवी आउटफिट के साथ उन्होंने अपने मेकअप को मिनिमल रखा था। कार्तिक के लुक की बात करें तो उन्होंने ब्लैक कलर का सूट पहना था।

## शनाया कपूर की फिल्म 'तू या मैं' का टीजर रिलीज

संजय कपूर की बेटी और अनिल कपूर की भतीजी शनाया कपूर लंबे समय से बॉलीवुड डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। पिछले कुछ समय से वो विक्रांत मैसी के साथ 'आंखों की गुस्ताखियां' फिल्म की शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसी बीच शनाया की एक दूसरी फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। शनाया की जिस फिल्म का टीजर सामने आया उसका नाम है 'तू या मैं'। ये एक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया के साथ आदर्श गौरव नजर आने वाले हैं। फिल्म का टीजर में दोनों ही जच रहे हैं और देखकर ऐसा लग रहा है कि ये दोनों कुछ नए तरीके की फिल्म ऑडियंस के सामने लेकर आने वाले हैं। इस फिल्म के टीजर की शुरुआत एक बाइक सीन से होती है। आदर्श बाइक पर सवार नजर आते हैं। वो कंटेंट क्रिएटर का किरदार निभा रहे हैं, जो एक वीडियो शूट करने के लिए कहीं जाता है, जहां उनकी मुलाकात शनाया से होती है। दोनों के बीच तीखी नोक-झोंक के साथ प्यार की शुरुआत हो जाती है। उन दोनों के बीच इस बात को लेकर बहस शुरू हो जाती है कि उन दोनों में से ज्यादा पॉपुलर कंटेंट क्रिएटर कौन है। उन दोनों के बीच बातचीत हो ही रही होती है तभी आदर्श के साथ एक हादसा हो जाता है।

जागरूक टाइम्स
जयपुर, बुधवार, 12 मार्च, 2025



महाराष्ट्र में 'कमवा और शिका' योजना

# छात्राओं को हर माह 2,000 रुपए देने का प्रस्ताव विचाराधीन : सीके पाटिल

▶▶ ज्ञान ज्योती सावित्री बाई फुले पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता







**मुंबई।** छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई आर्थिक कठिनाई न हो, इसके लिए 'कमवा और शिका' (अर्न एंड लर्न) योजना को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत छात्राओं को हर महीने कम से कम 2,000 रुपए की वित्तीय सहायता देने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। छात्राओं को शिक्षा में बड़ी मदद मिलेगी, यह कहना है उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील का।

## एसएनडीटी महिला विवि में कार्यक्रम आयोजित

■ ज्ञानज्योती सावित्रीबाई फुले पुरस्कार 2022-23 का वितरण समारोह बड़े उत्साह के साथ एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से राज्य केम छह राजस्व विभागों की एक-एक महिला को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक छगन भुजबळ, अपर मुख्य सचिव बी. वेणुगोपाल रेड्डी, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. शैलेंद्र देवळाणकर, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. उज्ज्वला चक्रदेव, प्रसिद्ध गायिका अनुराधा पौडवाल और विभिन्न क्षेत्रों के सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित थे।

## 1981 में शुरू की गई थी योजना

मंत्री चंद्रकांत पाटील ने कहा कि कोविड-19 के कारण पिछले कुछ वर्षों से पुरस्कार वितरण स्थगित था, लेकिन अब इसे नियमित रूप से दिया जाएगा। 1981 में शुरू हुए इस पुरस्कार की राशि अब एक लाख कर दी गई है। पूर्व मंत्री छगन भुजबल ने अपने भाषण में सावित्रीबाई फुले के योगदान की याद दिलाई और सरकार से इस पुरस्कार को हर साल नियमित रूप से देने की मांग की। अंत में धन्यवाद ज्ञापन पंजीयक प्रो. विलास नांदवडेकर ने किया।

### सम्मानित महिलाएं

- जनाबाई उगले (पुणे विभाग)
- डा. प्राजक्ता कुलकर्णी (नाशिक विभाग)
- फुलन शिंदे (कोंकण विभाग)
- मीनाक्षी बिराजदार (छत्रपति संभाजीनगर विभाग)
- वनिता अंभोरे (अमरावती विभाग)
- शालिनी सक्सेना (नागपुर विभाग)

### एक लाख रुपए के साथ प्रशस्ति पत्र

■ इन महिलाओं को सामाजिक, शैक्षणिक और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक लाख की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# प्रत्येक विद्यार्थी को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**मुंबई।** राज्य सरकार स्कूलों में भौतिक सुविधाओं में सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रही है। सभी स्कूलों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र रिमोट सेंसिंग एप्लिकेशन सेंटर (एमआरएसएसी) के सहयोग से राज्य के सभी स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यक सुविधाओं का आकलन करने के लिए एक योजना तैयार की जा रही है। प्रत्येक स्कूल के प्रत्येक छात्र को शुद्ध पेयजल प्रदान किया जाएगा, यह घोषणा स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने विधानसभा के प्रश्नोत्तर काल में की। सदस्य मोहन मते ने विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को लेकर सवाल उठाया था। इस प्रश्न के उत्तर में, मंत्री भुसे ने कहा कि यू डायस (यूडीआईएसई) 2024-25 के अनुसार, नागपुर जिले में सभी प्रबंधन श्रेणियों के तहत कुल 3,980 स्कूल हैं, जिनमें से 2,451 स्कूलों में आरओ वाटर की सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध है। जिन स्कूलों में शुद्ध जल की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां जल्द ही व्यवस्था की जाएगी। इस चर्चा में सदस्य भास्कर जाधव और डॉ. नितिन राऊत ने भी भाग लिया।

# जाति वैधता जांच मामले तेजी से निपटाएं : शिरसाट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** राज्य सरकार जाति वैधता जांच मामलों की प्रक्रिया को तेजी से निपटाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। यदि पिता का जाति प्रमाणपत्र वैध है, तो उनके बच्चों को भी जाति वैधता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी गति दी जा रही है, यह जानकारी सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने विधान परिषद में दी। वह सदस्य प्रज्ञा सातव द्वारा उठाए गए तारांकित प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में, राज्य में 36 जाति जांच समितियां कार्यरत हैं। इनमें से 30 समितियों के अध्यक्ष अपर जिलाधिकारी स्तर के अधिकारी होते हैं, जिन्हें राजस्व विभाग द्वारा नियुक्त किया जाता है,जबकि शेष छह समितियों की अध्यक्षता सामाजिक कल्याण विभाग के अतिरिक्त आयुक्त और मंत्रालय के सहसचिव स्तर के अधिकारी करते हैं। पहले, कुछ पद खाली होने के कारण, कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई थी। हालांकि, अब 29 अपर जिलाधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें से 16 ने कार्यभार संभाल लिया है, और बाकी कुछ दिनों में शामिल होंगे। जाति जांच प्रक्रिया में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, और अधिकांश मामलों का निपटारा किया जा चुका है। नए अधिकारियों की नियुक्ति के कारण, लंबित मामले जल्द ही निपटा दिए जाएंगे। वर्तमान में, जाति जांच समितियों में 40% पद खाली हैं, जिन्हें जल्द ही भरा जाएगा। पदोन्नति से संबंधित निर्णय भी जल्द लिया जाएगा।

# मासमा का होली मिलन एवं कवि सम्मेलन कल




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मेटल एंड स्टेनलेस स्टील मर्चेंट ऐशोसियशन (मासमा) का हर साल की तरह इस साल भी होली मिलन समारोह और कवि सम्मेलन का कार्यक्रम मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली के नेतृत्व में मुंबई स्थित विल्सन स्ट्रीट में विल्सन स्कूल के ग्राउंड में 13 मार्च (गुरुवार) को शाम 6.30 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढा, मुंबादेवी विधायक अमिन पटेल और जोन 2 के पुलिस आयुक्त डा. मोहित गर्ग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी मासमा के सोशल एक्टिविस्ट कमेटी के कन्वेयर अशोक भंडारी के साथ पूरी टीम अथक मेहनत कर रहें हैं, जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। मासमा सह सचिव अमृत संघवी विशेष सहयोग प्रदान कर रहे है। होली मिलन समारोह के पूर्व मासमा कार्यालय में मीटिंग का आयोजित की गई, जिसमे मासमा अध्यक्ष चंदन भंसाली, मासमा सचिव प्रवीण अंगारा, सह सचिव अमृत संघवी, कोषाध्यक्ष हनुमान गांधी, सोशल एक्टिविस्ट कमेटी के कन्वेयर अशोक भंडारी, होली मिलन समारोह के प्रायोजक अरणाय ट्युब मैन्यूफैक्चरर्स एस.एस.पाईप के डायरेक्ट दिनेश सेन उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन में कवि राजस्थानी गीतकार बाबु बंजारा, वीर रस अनिल तेजस्व, हास्य मुन्ना बेटरी, श्रृंगार रस कवियित्री आगरा निवासी खुशबु, हास्य व्यंग्य कामता माखन अपने कविता से सभी को ओतप्रोत करेंगे। कवि सम्मेलन में मंच संचालन गोविंद राठी करेंगे। कार्यक्रम का प्रायोजक अरणाय ट्युब मैन्यूफैक्चरर्स एस.एस.पाईप ने किया है। मासमा सचिव प्रवीण अंगारा ने सभी सदस्यों से अपील की है कि कार्यक्रम में समय पर उपस्थित रहकर सफल बनाए। यह जानकारी मासमा मीडिया कन्वेयर मंगलचंद सेठ ने दी।

विल्सन स्कूल ग्राउंड में शाम 6.30 बजे होगा कार्यक्रम

# सीएम ने दी बालासाहेब देसाई को श्रद्धांजलि



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दिवंगत सार्वजनिक हस्ती बालासाहेब देसाई को उनकी 115वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यटन मंत्री शंभुराज देसाई के पवनगढ़ (बी 4) स्थित सरकारी आवास पर दिवंगत सार्वजनिक हस्ती बालासाहेब देसाई की 115वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुंबई के पवनगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर दिवंगत नेता बालासाहेब देसाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधान परिषद के सभापति प्रा. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, पर्यटन मंत्री शंभुराज देसाई, शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे, कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, अन्य पिछड़ा वर्ग बहुजन कल्याण मंत्री अतुल सावे, लोक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबिटकर, रोहियो मंत्री भरत गोगावले, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# टीम इंडिया का विस में अभिनंदन प्रस्ताव पारित

▶▶ सीएम ने की रोहित-वरूण की तारीफ

**मुंबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में अभिनंदन प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। भारतीय टीम ने दुबई में खेले गए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त दी। इस विजय के साथ भारत तीन बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टीम इंडिया को बधाई दी। 12 साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर फिर से भारत का नाम अंकित हुआ है।

### यह जीत टीम की एकजुटता का परिणाम

यह जीत टीम की एकजुटता, संकल्प और मेहनत का परिणाम है, जिसने क्रिकेट प्रेमियों के लिए अविस्मरणीय खुशी का पल दिया है। उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा और गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती की विशेष सराहना की। फाइनल में रोहित शर्मा द्वारा खेली गई 76 रनों की पारी यादगार रही। मुख्यमंत्री ने गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती की भी तारीफ की। उन्होंने महत्वपूर्ण समय पर विकेट लेकर टीम इंडिया की जीत सुनिश्चित की।

# घांची समाज विकास मंच का होली स्नेह मिलन समारोह 14 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भायंदर।** घांची समाज विकास मंच का होली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार 14 मार्च को श्री राज, क्षत्रिय घांची समाज की वाडी राईगांव, उत्तन रोड, सुरभि होटल के सामने, भायंदर(वेस्ट) में सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक समारोह आयोजित होगा। प्रथम पूज्य गणेश भगवान का पूजन एवं श्री चारभुजा आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके उपरांत ढूंढोत्सव, अतिथि यों का सम्मान, चढ़ावा लेने वालों की सम्मान करने के साथ ही समाज के मेधावी छात्रों को पारितोषिक वितरण कर उनका अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थानी सांस्कृति कार्यक्रमों की धूम मचेगी जिसमें श्री शिवम इवेंट ग्रुप, रानी, देवपुरी जालोर और संजूराव पाली द्वारा रंगारंग एवं मनभावन प्रस्तुतियां दी जाएंगी। घांची समाज विकास मंच मुंबई के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान आगामी सम्मेलन के चढ़ावों की बोलियां भी बोली जाएंगी। मंच संचालन मांगीलाल डी. भाटी(मुंबई), अशोक परिहार(रानी) करेंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहेंगे और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देकर गले मिलेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में सभी पदाधिकारी एवं समाज जन उत्साह से लगे हुए हैं।

# महाराष्ट्र का विकास रथ तेजी से दौड़ने लगा : नरेश म्हस्के

■ ठाणे के सांसद ने की सीएम फडणवीस, डिप्टी सीएम शिंदे और अजित पवार के नेतृत्व की सराहना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**ठाणे।** महायुति सरकार तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकाल में शुरू किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। राज्य बजट पर बोलते हुए सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व में महाराष्ट्र के विकास का रथ तेजी से दौड़ने लगा है। सांसद नरेश म्हस्के ने भी राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए जनता की ओर से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को धन्यवाद दिया है। वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के बजट में पालघर जिले के वडावन और मुर्बे में बंदरगाहों के निर्माण, मुरबाड तालुका के मालशेज घाट में ग्लास स्काईवॉक और ठाणे में 200 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है। ठाणे और पालघर जिलों के लिए बजट में पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किया गया है। ठाणे लोकसभा सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि यह किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं, उद्यमियों और अर्थव्यवस्था के विकास चक्र के लिए उत्प्रेरक है। पालघर जिले के मौजे मुरबे में निजी क्षेत्र की भागीदारी से बंदरगाह के निर्माण के लिए 4,259 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी गई है। मराठी भाषा के संरक्षण के लिए काम करने वाले संगठनों के माध्यम से शास्त्रीय मराठी भाषा की गतिविधियों को क्रियान्वित किया जाएगा। सांसद नरेश म्हस्के ने बताया कि मराठी भाषा अनुसंधान में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार शुरू किए जाएंगे।

# सालासर धाम में भक्तों का रेला

**भायंदर।** हाथ में निशान मुख पर श्याम बाबा का जयकारा, चाह केवल बाबा के दरबार में धोक लगाने व निशान चढ़ाकर मनौती मांगने की। हर भक्त आस्था की डोर के सहारे श्याम बाबा की ओर खिंचा चला आ रहा है। केसरिया रंगों में रंगी बाबा इन भक्तों का उत्साह भायंदर में देखते ही बन रहा था। भायंदर पूर्व एवं पश्चिम में पग-पग पर निशान सहित भक्तों का रेला नजर आ रहा था। हजारों श्रद्धालुओं ने सालासर धाम, गीता नगर, भायंदर में निशान चढ़ाकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्टी मनोज अग्रवाल,आनंद अग्रवाल,राजेंद्र मित्तल, मोंटू अग्रवाल, अमित पंसारी,प्रदीप गर्ग, नरेन्द्र गुप्ता, नारायण तोषनीवाल, सुरेश खंडेलवाल, सहित संपत अग्रवाल एवं महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा।



# वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स में 50 किडनी ट्रांसप्लांट सफल

किडनी-पेयर्ड डोनेशन के माध्यम से किया आदान-प्रदान



राकेश विश्वकर्मा/ जागरूक टाइम्स

**भायंदर।** वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स मीरा रोड के नेफ्रोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट और ट्रांसप्लांट सर्जनों और डॉ. पुनीत भुवानिया (कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट और ट्रांसप्लांट फिजिशियन) टीम के नेतृत्व में, पहला स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हॉस्पिटल के लिए एक बड़ी सफलता है, क्योंकि इसने 50 सफल किडनी ट्रांसप्लांट पूरे कर नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांटेशन में अपनी उत्कृष्टता साबित की है। इस प्रक्रिया में दो रक्त समूह मिसमैच डोनर-रिसीपिएंट जोड़ों को शामिल किया गया था। पहले जोड़े में 52 वर्षीय पत्नी (बी) और 58 वर्षीय पति (ए) थे, जबकि दूसरे जोड़े में 56 वर्षीय मां (ए) और 30 वर्षीय बेटी (बी) थीं। हालांकि, किडनी-पेयरड डोनेशन के माध्यम से इन जोड़ों का आदान-प्रदान किया गया। पहले जोड़े की पत्नी (बी) ने दूसरे जोड़े की बेटी (बी) को किडनी दान की, जबकि दूसरे जोड़े की मां (ए) ने पहले जोड़े के पति (ए) को किडनी दान की। डॉ. पुनीत भुवानिया ने कहा, "रक्त समूह मिसमैच के कारण ट्रांसप्लांट के लिए अयोग्य माने जाने वाले मरीजों के लिए यह विधि अत्यधिक लाभकारी साबित होती है। हमारे द्वारा किए गए 50 सफल ट्रांसप्लांट केवल सर्जरी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य देखभाल और निरंतर उपचार पर हमारा पूरा ध्यान केंद्रित है। सभी चार मरीजों पर एक ही समय में सर्जरी करने के लिए चार ऑपरेशन थिएटरों में अत्यधिक समन्वय की आवश्यकता थी। हमारी टीम ने उच्च स्तर की कुशलता और समर्पण के साथ काम किया।

# भक्ति आंदोलन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**मुंबई।** एस. आई. ई. एस. कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय (सशक्त स्वायत्त) के हिन्दी-विभाग द्वारा तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से "भारतीय समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक व भाषिक निर्मिति में भक्ति-आंदोलन का योगदान" विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष एवं उद्घाटक के रूप में डॉ. रवींद्र शुक्ल, वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक, पूर्व शिक्षा एवं कृषि मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन उपस्थित रहे। वहीं मुख्य अतिथि एवं बीज वक्ता के रूप में डा. सूर्यप्रसाद दीक्षित (वरिष्ठ समीक्षक, लखनऊ), विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र याज्ञिक एवं विशिष्ट अतिथ फोर्स वन के एडीजीपी कृष्ण प्रकाश ने सगुण और निर्गुण परंपरा पर अपने विचार रखे। स्वागत वक्तव्य कार्यकारी प्राचार्य डा. सतीश सरफ़रे ने दिया। प्रस्ताविकी हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा. दिनेश पाठक ने रखा तथा सूत्र संचालन एवं आभार डा. जनक नंदिनी त्रिपाठी ने किया। पांच सत्रों में विभाजित इस संगोष्ठी में विविध विषयों पर चर्चा हुई। इस संगोष्ठी में डा.अनिल सिंह, डा.सतीश पाण्डेय, डा. मनोज कुमार पाण्डेय, डा. करुणाशंकर उपाध्याय, डा. सुरेश मैंद, रामनिवास शुक्ल, डा. किसन पवा, डा. संतोष कौल, डा.उमेश शुक्ल, डा. जितेंद्र तिवारी, डा. मृगेंद्र राय, डॉ. मिथिलेश शर्मा, डा. सुनीता मिश्र, डा. रवींद्र कात्यायन, डा. बलकवि सुरंजे, डा.उषा मिश्र, डा.वैशाली पाचुन्दे, डा. मेरुप्रभा मिश्र जैसे शिक्षाविद एवं पत्रकार तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एस.आई.ई.एस कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजन



बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025

# सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का माध्यम खेल : अनंतराम बिश्नोई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025 का समापन समारोह बेलापुर स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में रविवार (नौ मार्च) को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में बाड़मेर भाजपा जिलाध्यक्ष अनंतराम बिश्नोई ने कहा कि खेल सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का माध्यम है। खेलों के आयोजनों से युवाओं में नेतृत्व क्षमता, पहल करने की शक्ति, संगठन क्षमता, मैत्री और भाईचारा आदि गुणों का विकास होता है। नोखा के पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार बने रहने की प्रवृत्ति से भी युवाओं को परहेज करना चाहिए। विशेष अतिथि जालाराम लोमरोड़ ने कहा कि विश्नोई समाज मुंबई युवाओं को समाजोत्थान हेतु अवसर प्रदान करने में सदैव आगे रहा है। सीए मांगीलाल बिश्नोई ने कहा कि बिश्नोई समाज युवाओं की आशाओं और अपेक्षाओं के प्रतीक, अनंतराम बिश्नोई और बिहारीलाल बिश्नोई जैसे क्षमतावान युवा नेताओं को न केवल बिश्नोई समाज बल्कि सम्पूर्ण भारतीय समाज स्नेह और विश्वास की नजर से देखता हैं। इन जैसे युवा नेताओं के कंधों पर समाज और देश का भविष्य टिका हुआ है। समापन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सत्यनारायण जाणी डीआरआई, फिल्म अभिनेता संजय इराम, हरीश साहू, नारायण ढ़ाका, बाबूलाल भादू, प्रवीण कुराड़ा, हरदान डारा, हंजारी ऐचरा, रूगनाथ मांजू, चंद्रशेखर डेलू, लादूराम जाणी एवं स्वामी आत्मानंद का बहुमान किया गया। लीग को सफल बनाने में अहम योगदान करने वाले भामाशाहों, बिश्नोई स्पोर्ट्स क्लब मुंबई की प्रबंध कमेटी के सभी सदस्यों सहित सभी कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। समापन समारोह का मंच संचालन दिनेश कुमार गोदारा, पीराराम गुरु और दिनेश पोटलिया ने किया। पारस खिलेरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व लीग के फाइनल मुकाबले में हिंदुस्तान वॉरियर्स को पराजित करके सूरज टाइगर्स ने तीसरी बार खिताबी जीत दर्ज करके इतिहास बनाया। अमर शहीद अमृतादेवी बिश्नोई की स्मृति में तथा बिश्नोई स्पोर्ट्स क्लब मुंबई के तत्वावधान में वृक्षमित्र हरिराम गोदारा के सहयोग से राजीव गांधी स्टेडियम प्रांगण में दो खेजड़ी के पेडों सहित पाँच पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में संजय धायल, श्रवण लोमरोड़, रामकिशन गोदारा, ओमप्रकाश कुपासिया, सोहनलाल जाणी, रतनाराम भादू, नेनराज ढ़ाका, किशनलाल साहू, मनोहर सारण, भागीरथ खीचड़, प्रकाश सियाक, सुनील कांवां, जयेश जाणी, सुनील गोदारा, विड़धाराम पुनिया, ओमप्रकाश जांगू, हनुमान गोदारा, विक्रम ढ़ाका, भीखाराम जांगू, पपुलाल ढ़ाका, ओमप्रकाश ढ़ाका, रमेश गोदारा, सुरेश नैण, सुनील जाणी, राजू कपासिया, भगाराम ऐचरा, गणपतलाल खिलेरी, जीवन भादू, हिरालाल राहड़, सुभाष ऐचरा, सतीश कुराड़ा, जगदीश कुराड़ा, प्रकाश कुराड़ा, अशोक धेतरवाल, राजूराम पंवार, रामलाल कुराड़ा, गणपत खीचड़, सुनील भादू, मनोहर सारण सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

▶▶ सूरज टाइगर्स ने जीता खिताब




# आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर में एक सार्वजनिक स्थान पर कथित रूप से अश्लील हरकत करने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटूश्याम मन्दिर में किए दर्शन

## प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सीकर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सपत्नीक खाटूश्यामजी मंदिर में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की।

इस दौरान श्याम मंदिर कमेटी के प्रताप सिंह चौहान ने पूजा करवाई और श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, सीकर के पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, पुलिस महानिरीक्षक अजय पाल लांबा, जिला कलक्टर मुकुल शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीआरपी कर्मचारियों की नौकरी बचाने के लिए सीटू का आंदोलन

## मार्च 2024 के बाद हजारों महिला कर्मचारियों की नौकरी खत्म

**जयपुर।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद संविदा कर्मचारी यूनियन-सीटू की सोमवार को राज्य स्तरीय सभा जयपुर के मजदूर किसान भवन में आयोजित की गई। सभा में कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) की नौकरी बचाने का संकल्प लिया गया। पंचायती मंत्रालय ने 2011 में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए हजारों महिलाओं को सीआरपी के रूप में नियुक्त किया था। अब मार्च 2024 के बाद इन कर्मचारियों की नौकरी समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। सीटू के राज्य अध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत और कामकाजी महिलाओं की समन्वय समिति की राज्य संयोजक सुमित्रा चोपड़ा ने भाजपा सरकार पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ लखपति बहना योजना की बात कर रही है, दूसरी तरफ हजारों महिलाओं का रोजगार छीन रही है।

सभा में राज्य भर से आईं सीआरपी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इनमें जमुना, कैलाश कंवर, संतोष पाली, गुड़ी कोटा, सुंदर कंवर जोधपुर, संतोष बूंदी, टोली खराड़ी प्रतापगढ़, संतोष मीणा बांसवाड़ा और सुनीता वैष्णव कोटा प्रमुख थीं। बैठक के बाद सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उद्योग भवन में आजीविका के योजना निदेशक को ज्ञापन सौंपा। इसमें सीआरपी पॉलिसी को फिर से लागू करने और कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग की गई है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज 4 में प्रदेश के 1630 गांव-ढाणियों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगाः दिया कुमारी

## 3 हजार 500 करोड़ की लागत से 5 हजार किमी सड़के बनाई जायेगी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण में प्रदेश की लगभग 1630 बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि अनुमानित 3 हजार 500 करोड़ की लागत से लगभग 5 हजार किमी पक्की सड़कों का निर्माण करवाकर दूरदराज के गांवों, ढ़ाणियों/बसावटों को सर्वकालिक सड़कों से जोड़ा जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत स्थापित राजस्थान ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोडना हमारी पहली प्राथमिकता है। इससे न केवल परिवहन सुगम एवं तीव्र होगा बल्कि आर्थिक विकास के भी नये द्वार खुलेगें ।

गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत प्रदेश की 1630 ग्रामीण बसावटों में सड़कों हेतु सर्वे का कार्य 31 जनवरी से पूर्व ही करवाया जा चुका है। देश में राजस्थान द्वारा यह सर्वे सबसे पहले पूरा करवाया गया है। इसके तहत 1374 मरूस्थलीय, जनजातीय एवं आशान्वित जिला/ब्लॉक कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित बसावटों, 500 से 999 आबादी की 191 बसावटों, 1000 एवं उससे अधिक की 30 बसावटों तथा धरती आभा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अन्तर्गत 35 बसावटों को सर्वकालिक पक्की सड़कों से जोड़ा जायेगा।

उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी व्यक्त की प्रदेश का पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत निर्मित सड़कों में लम्बाई के दृष्टिकोण से देश में दूसरा स्थान है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत करवाये जा रहे सड़क निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### सर्वे में प्रथम रहे है, क्रियान्वयन में भी शीर्ष पर रहे

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस प्रकार पीएमजीएसवाई चतुर्थ चरण में सड़कों के सर्वे में प्रदेश देश में शीर्ष पर रहा है, उसी गति से सड़क निर्माण में भी काम करवायें ओर प्रदेश को देश में शीर्ष स्थान पर लायें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से यथाशीघ्र स्वीकृतियां प्राप्त करके शीघ्र सड़कों का निर्माण शुरू करवायें।

# बनास नदी में पलटी नाव, तीन दोस्तों की मौत

## 2 तैरकर बाहर निकले, मरने वालों को नहीं आता था तैरना



**अजमेर।** बनास नदी में नाव पलटने से 5 दोस्त बह गए। इनमें से 2 लड़के तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन 3 युवक नदी में लापता हो गए। अजमेर के केकड़ी में हुए इस हादसे के बाद सोमवार दोपहर 1 बजे से बचाव अभियान शुरू किया गया। रात 8.30 बजे अंधेरे के कारण ऑपरेशन रोकना पड़ा। मंगलवार सुबह 7 बजे बचाव दल ने फिर से काम शुरू किया। सुबह 10.20 बजे कालूराम मीणा (16) का शव मिला। दोपहर 2 बजे संदीप मीणा को भी ढूंढ लिया गया। 28 घंटे के रेस्क्यू के बाद तीसरे लापता युवक राजवीर मीणा का शव भी बरामद कर लिया गया।

### तीनों को तैरना नहीं आता था, संदीप घर में अकेला कमाने वाला

कालूराम के पिता रमेश मीणा ने बताया कि पांचों दोस्तों ने बोटिंग का प्लान बनाया था। प्रवीण और सांवरा मछली ठेकेदार के यहां चौकीदार थे और तैरना जानते थे, इसलिए बच गए। बाकी तीनों को तैरना नहीं आता था। संदीप घर का अकेला कमाने वाला था। उसकी बहन की तबीयत बिगड़ने पर देवली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### साढ़े बारह बजे अचानक नाव पलटी

सावर थाना प्रभारी बनवारी लाल मीणा ने बताया कि पांच दोस्त - प्रवीण मीणा (30), संदीप मीणा (30), कालूराम मीणा (16), राजवीर मीणा (30) और सांवरा मीणा (28) निवासी नापाखेड़ा, सावर बनास नदी में बोटिंग करने गए थे। सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अचानक नाव पलट गई। प्रवीण और सांवरा मीणा तैरकर बच गए।

### एसडीआरएफ को आई कई चुनौतियां

एसडीआरएफ टीम इंचार्ज राजेन्द्र ने बताया कि रेस्क्यू में सबसे बड़ी बाधा मछुआरों के पुराने जाल बने। गोताखोर इन जालों में फंस जाते थे। एक और चुनौती यह रही कि हादसे की जगह से 100 फीट दूर अलग-अलग दिशाओं में शव मिले।

# अटल विहार एवं गोविन्द विहार योजना 293 आवंटन सहमांग पत्र किए जारी

## मांग राशि जमा करवाने पर जारी किया जायेगा ई-पट्टा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अटल विहार एवं गोविन्द विहार आवासीय योजना के सफल आवंटियों के दस्तावेजों के परीक्षण हेतु जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में शिविर का आयोजन कर 293 आवंटन सहमांगपत्र जारी किये गये। जेडीए द्वारा उक्त योजनाओं की मांग राशि जमा करवाने पर ई-पट्टा जारी किया जायेगा। इसके साथ ही पटेल नगर योजना में दस्तावेज परीक्षण उपरांत आवंटन सह मांगपत्र जारी करने हेतु 12 एवं 17 मार्च 2025 को शिविर आयोजित किया जायेगा।

जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि अटल विहार एवं गोविन्द विहार आवासीय योजना की लॉटरी निकाली गई थी। जिसमें सफल आवंटियों को आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जाने हेतु दो दिवसीय शिविर नागरिक सेवा केन्द्र के हॉल में शिविर आयोजित किये गये। आयोजित शिविरों में अटल विहार योजना में 151 सफल आवंटियों एवं गोविन्द विहार में 142 सफल आवंटियों को आवंटन सह मांग पत्र जारी किये गये। उन्होंने बताया कि आवंटी द्वारा आवंटन सह मांगपत्र अनुसार मांग राशि जमा करवाने पश्चात् जोन कब्जा पत्र एवं ई-पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि पटेल नगर आवासीय योजना में सफल रहे आवंटियों हेतु जेडीए के नागरिक सेवा केंद्र में 12 एवं 17 मार्च 2025 को दो दिवसीय शिविर आयोजित किया जायेगा।

सफल आवंटी जेडीए वेबसाईट पर दस्तावेज ऑनलाईन (स्वयं/ई-मित्र के माध्यम से) अपलोड करने के उपरांत ही जविप्रा परिसर में आयोजित शिविर में मूल दस्तावेज परीक्षण हेतु प्रस्तुत करें। इसके पश्चात जेडीए द्वारा आयोजित शिविर में आवंटन सहमांगपत्र जारी किये जावेगें। योजना के समस्त सफल आवंटी आवेदन फॉर्म में अंकित विवरण अनुसार उक्त दिनांक को समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होवें।

# जयपुर में चलते एलपीजी गैस टैंकर में लगी आग

**जयपुर।** मंगलवार तड़के दिल्ली-अजमेर हाईवे पर चलते एलपीजी गैस टैंकर में आग लगने से दहशत फैल गई। समय रहते ड्राइवर-खलासी ने बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने फायर बिग्रेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। आग से टैंकर का केबिन जलकर कबाड़ में बदल गया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में आग शॉर्ट सर्किट से लगना माना जा रहा है। थानाधिकारी (मुरलीपुरा) वीरेंद्र कुरील ने बताया कि हादसा तड़के करीब 3.45 बजे अजमेर-दिल्ली हाईवे पर दादी का फाटक पुलिया के पास हुआ। अजमेर की ओर से एलपीजी से भरा एक टैंकर दिल्ली की ओर जा रहा था। दादी का फाटक पुलिया के पास हाईवे पर चलते टैंकर के केबिन में आग लग गई। चलते टैंकर के केबिन में लगी आग से राहगीरों में दहशत फैल गई। हाईवे किनारे टैंकर रोक तुरंत ड्राइवर-खलासी ने बाहर की ओर कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने की सूचना पर मुरलीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# जोधपुर लॉ-यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स की बस पलटी, 3 की मौत

## नागौर में एक्सीडेंट में 24 से ज्यादा घायल; एक और कार हादसे में 4 की मौत



**नागौर।** नागौर में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर के स्टूडेंट्स से भरी वॉल्वो बस पलट गई। एक्सीडेंट में 3 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 24 से ज्यादा स्टूडेंट्स हादसे में घायल हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर है। हादसा मंगलवार सुबह 5.30 बजे लालदास जी महाराज धाम के पास हुआ है। जिले में दूसरा एक्सीडेंट सोमवार देर रात करीब 1.30 हुआ। बीकानेर रोड पर बाराणी के पास हुए हादसे में एक तेज रफ्तार कार पलट गई। इसमें 4 युवकों की मौत हो गई।

### चंडीगढ़ से लौट रहे थे स्टूडेंट्स

सुरपालिया थानाधिकारी सियाराम ने बताया कि 11 मार्च की सुबह बुरड़ी फांटे के पास एक वॉल्वो बस ट्रेलर से टकरा गई। टक्क र इतनी तेज थी कि एक्सीडेंट के बाद बस पलट गई। बस चंडीगढ़ से जोधपुर की तरफ जा रही थी। मृतकों की पहचान जोधपुर निवासी हर्षित, आरुषि व आरव के रूप में हुई है। ये सभी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट हैं। एक्सीडेंट में घायल 24 से अधिक स्टूडेंट्स एडमिट हैं। एक घायल छात्र ने बताया कि जिस समय हादसा हुआ उस वक्त सभी स्टूडेंट्स सो रहे थे।

### बीकानेर रोड पर तेज रफ्तार कार पलटी

वहीं, बाराणी के पास हुए एक कार एक्सीडेंट में 4 युवकों की मौत हो गई। कार पलटने से बाराणी निवासी सुशील जाट (30), मेहराम जाट (25) व महेन्द्र जाट (32) और रेवंतराम जाट (32) ने दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में बाराणी के ही महेन्द्र (25) पुत्र नेनाराम व दिनेश (25) पुत्र मांगीलाल गंभीर घायल हो गए, जिन्हें जोधपुर रेफर किया गया है।

# आयुर्वेदिक चिकित्सकों के रिक्त पदों से चिकित्सा केन्द्र बन्द होने की स्थिति के लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार : सांसद नीरज डांगी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/जयपुर।** सांसद नीरज डांगी ने सदन में आयुर्वेदिक चिकित्सकों के रिक्त पदों पर तारांकित प्रश्न के माध्यम से चिकित्सकों के रिक्त पदों को नहीं भरने के कारण कई आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र बन्द होने की स्थिति के लिये केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए तत्काल राज्य सरकारों को मार्गदर्शन एवं वित्तीय सहायता दिये जाने की मांग की। सांसद नीरज डांगी सदन में बोलते हुए कहा कि देशभर में विशेषकर राजस्थान में आयुर्वेदिक चिकित्सकों के अनेक पद रिक्त पड़ें हैं जिसके कारण कई चिकित्सा केन्द्र चिकित्सकों की कमी के कारण बन्द होने के कगार पर है जिसके लिये केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियां जिम्मेदार है। जबकि पूरे देश में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति आमजन में इसकी मांग बढ़ी है।

डांगी के सदन में उठाये गये प्रश्न पर केन्द्रीय आयुष मंत्री द्वारा जवाब नहीं बन पाने के कारण उन्होंने इससे पल्ला झाड़ते हुए कहा कि राजस्थान राज्य सहित देशभर में आयुर्वेदिक चिकित्सकों की रिक्तियों की संख्या का ब्यौरा केन्द्र सरकार द्वारा नहीं रखा जाता। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की है।

लेकिन प्रत्युत्तर में केन्द्रीय आयुष मंत्री ने माना कि राष्ट्रीय आयुष मिशनल (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत 50/30/10 तक बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालयों की स्थापना के लिये विशिष्ट एकल आयुष अस्पतालों के उन्नयन के घटकों में, आयुर्वेद सहित आयुष चिकित्सकों की संविदात्मक तैनाती के प्रावधान की जानकारी दी तथा राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों की योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं के माध्यम से प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भिजवाने की आवश्यकता से अवगत कराया। साथ ही यह भी बताया कि भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला अस्पतालों में आयुष सुविधाओं के सह-स्थापन की कार्यनीति अपनाई है, जिससे रोगियों को एक ही स्थान पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों का विकल्प चुनने में मदद मिल सके परन्तु पद रिक्त होने के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत इसका लाभ आमजन को नहीं मिल पा रहा है।

एक अन्य तारांकित प्रश्न के पूरक प्रश्न के तहत नीरज डांगी ने केन्द्रीय आयुष मंत्री से पूछा कि आयुष उत्पादों के निर्यात की निगरानी और व्यापार संबंधी मुद्दों के समाधान के लिये आयुष निर्यात संवर्धन परिषद (आयुष एक्स सीआईएल) की स्थापना को देखते हुए केन्द्र सरकार के लक्ष्य एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये क्या रणनीतियां बनाई गई है। जिसका प्रत्युत्तर आयुष मंत्री द्वारा देते नहीं बना और उन्होंने कहा कि यह प्रश्न आयुष मंत्रालय से संबंधित नहीं है, जबकि नीरज डांगी द्वारा पूछा गया प्रश्न सीधे-सीधे आयुष मंत्रालय से ही संबंधित है।

# क्रिकेट मैच देखते वक्त 14 साल की छात्रा की मौत

## कोहली के आउट होने पर आया हार्ट अटैक

**देवरिया।** देवरिया में छात्रा की चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल मैच देखते समय मौत हो गई। विराट कोहली के आउट होने पर छात्रा को हार्ट अटैक आ गया। कोहली को 1 रन पर न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल ने आउट किया था। मैच के समय तख्त पर बैठी छात्रा अचानक बेहोश होकर नीचे गिर गई। परिजन उसे लेकर हॉस्पिटल गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामला जिले के लार थाना के राउतपार गांव का है।

**विराट की बैटिंग को लेकर उत्साहित थी:-** राउतपार निवासी अजय पांडेय दीवानी कचहरी में वकील हैं। वह शहर में राजकीय आईटीआई के पास मकान बनाकर रहते हैं। उनकी बेटी प्रियांशी पांडेय (14) रविवार को परिवार के सदस्यों के साथ भारत-न्यूजीलैंड के बीच दुबई में हो रहे चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच देख रही थी। वह मैच और विराट की बल्लेबाजी लेकर बेहद उत्साहित नजर आ रही थी। प्रियांशी ने पिता से कहा कि पिता जी नेनुआ की सब्जी जिस दिन हम लोग खाते हैं, उस दिन इंडिया मैच जीत जाती है। इकलौती बेटी की इच्छा का सम्मान करते हुए पिता बाजार से नेनुआ खरीदने चले गए। घर पर नेनुआ की सब्जी बन रही थी। भारत का पहला विकेट गिरने के बाद विराट कोहली मैदान में उतरे, लेकिन वे एक रन बनाकर आउट हो गए। इसे देख प्रियांशी अचानक बेहोश हो गई। वह तख्त से लुढ़ककर नीचे गिर गई। परिजन उसे शहर के महर्षि देवरहा मेडिकल कालेज पहुंचे। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा स्कॉलर्स सेकेंडरी स्कूल राघव नगर में आठवीं की छात्रा थी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि छात्रा पढ़ाई में अच्छी थी और शादी के दस वर्षों बाद उसका जन्म हुआ था।

# राजस्थान में होली पर आठ जिलों में बारिश का अलर्ट

## मार्च में ही चलने लगी हीटवेव; 40 डिग्री के पार पहुंचा पारा

**जयपुर।** राजस्थान में हीटवेव का दौर शुरू हो गया है। बाड़मेर-जालोर में कल पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज और कल भी हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही होली के दिन बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के 8 जिलों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की भी संभावना जताई है। राज्य में कल (सोमवार) दिन में सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर में रही, जहां का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। बाड़मेर के अलावा कल जालोर में भी तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इन दोनों ही जिलों में कल दिन में हीटवेव चली। मौसम में अचानक से बढ़ी इस गर्मी से अब बीमारियां भी शुरू हो गई हैं। मौसम विभाग ने आज (मंगलवार) भी बाड़मेर जिला और उसके आसपास के एरिया में हीटवेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। कल (12 मार्च) बाड़मेर जिले के अलावा जालोर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए इन जिलों में हीटवेव चलने की आशंका जताई है।

### » इन जिलों में भी तेज गर्मी रही

राज्य में कल पाली में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस, झुंझुनूं में 35.7, प्रतापगढ़ में 36.8, दौसा में 36.2, करौली में 35.4, सिरोही में 38.3, डूंगरपुर में 38.2, नागौर में 37.7, चूरू में 36.6, बीकानेर में 38, जोधपुर में 38.1, जैसलमेर में 39.5, उदयपुर में 36, चित्तौड़गढ़ में 38.4, कोटा में 35.3, अजमेर में 36.1 और जयपुर में 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राजस्थान में अमूमन हीटवेव का दौर मार्च के तीसरे या आखिरी सप्ताह से शुरू होता है। काफी समय बाद ऐसा देखने को मिल रहा है, जब हीटवेव मार्च के दूसरे सप्ताह से ही शुरू हो गई। हेल्थ सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में इस बदलाव से अब बचने की जरूरत है। बच्चों और बुजुर्गों को बिना वजह दोपहर में धूप के समय घर के बाहर आने-जाने से रोकें। गर्मी से बचने के लिए समय-समय पर पानी पीकर हाइड्रेड रहने की सलाह दी गई है।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com